RNI NO. CHHHIN/2016/70655
रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
# पायनियर
www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 5 अक्टूबर 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 46 मूल्य 3.00 ₹

## विजयदशमी की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

असत्य पर सत्य का विजय पर्व विजयदशमी की समस्त पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभचिंतकों, संवाददाताओं, हाकरों को राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक पायनियर परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## अवकाश की सूचना

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक पायनियर कार्यालय में 5 अक्टूबर को दशहरा पर्व पर अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक आपको 7 अक्टूबर को प्राप्त होगा।

–संपादक

# राज्यपाल उइके और मुख्यमंत्री बघेल ने विजयादशमी पर दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल अनुसुईया उइके और मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री भूपेश ने विजयादशमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने प्रदेश के सुख और समृद्धि की कामना करते हुए कहा है कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। भगवान श्रीराम के जीवन का प्रत्येक क्षण हमें एक आदर्श जीवन जीने की सीख देता है। यह उत्सव हमें याद दिलाता है कि जो लोग सत्य, सदाचार और अच्छाई के रास्ते पर चलते हैं तो उनकी सदैव जीत होती है।

वहीं बघेल ने प्रदेशवासियों को दशहरा पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी है। बघेल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि दशहरा पर्व हमें सत्य के मार्ग पर चलने का साहस देता है, हमें विश्वास दिलाता है कि सत्य के मार्ग में कितनी भी परेशानियां और कठिनाईयां क्यों न हो, विजय सदा सत्य की होती है। विजयादशमी का यह पर्व बुराई पर अच्छाई और अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक है।



नवरात्रि पर भिलाई 3 स्थित मुख्यमंत्री निवास में कन्याभोज का आयोजन किया गया, कन्याओं को भोजन कराते सीएम भूपेश बघेल।

# यूक्रेन-रूस के बीच शांति प्रयासों में योगदान के लिए तैयार है भारत : मोदी

वार्ता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ मंगलवार को फोन पर बात की और कहा कि युद्धग्रस्त रूस-यूक्रेन के बीच किसी भी तरह के शांति प्रयासों में योगदान के लिए भारत तैयार है। दोनों नेताओं ने यूक्रेन-रूस के बीच चल रहे टकराव के बारे में चर्चा की। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि वहां टकराव जल्द समाप्त होना चाहिए और बातचीत तथा राजनय से विवाद का समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि टकराव का सैन्य समाधान नहीं हो सकता और भारत दोनों देशों के बीच किसी भी तरह के शांति प्रयासों में योगदान के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र चार्टरग, अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और सभी देशों की संप्रभुता तथा प्रादेशिक अखंडता का सम्मान किये जाने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत यूक्रेन सहित सभी जगहों के परमाणु प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को अत्यंत महत्वपूर्ण मानता है। उन्होंने कहा कि इन प्रतिष्ठानों को खतरे के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।

# जेल महानिदेशक लोहिया का हत्यारा गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को कहा कि उसने पुलिस महानिदेशक (जेल) हेमंत लोहिया की हत्या के आरोपी घरेलू सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) मुकेश सिंह ने कहा कि लोहिया के घरेलू सहायक यासिर अहमद यहां कान्हाचक इलाके में एक खेत में छिपा था तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा,÷रात भर की गई सघन तलाश अभियान के बाद आरोपी को पकड़ लिया गया है। गौरतलब है कि सोमवार रात यहां के उधेवाला इलाके में जेल महानिदेशक लोहिया का शव मिला था। सिंह ने कहा कि घरेलू सहायक रामबन का यासिर अहमद हत्या का मुख्य आरोपी है। उन्होंने कहा कि घटना स्थल से एकत्र किए गए सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध को अपराध के बाद भागते हुए देखा गया है। उन्होंने कहा, ÷वह करीब छह महीने पहले से वह घर में घरेलू सहायक के तौर पर काम कर रहा था और वह गुस्सैल प्रवृति का है। एडीजीपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार अभी तक कोई आतंकी कृत्य स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन किसी भी संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## तीन वैज्ञानिकों को मिला भौतिकी का नोबेल पुरस्कार


**स्टॉकहोम (वार्ता)।** फ्रांस के एलेन एस्पेक्ट, अमेरिका के जॉन एफ क्लॉजर और ऑस्ट्रिया के एंटोन ज़िलिंगर ने क्वांटम सूचना विज्ञान पर उनके काम के लिए भौतिकी में 2022 का नोबेल पुरस्कार जीता है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने मंगलवार को इस आशय की घोषणा की। अकादमी ने एक बयान में कहा कि यह पुरस्कार उनके 'उलझे हुए फोटॉन के साथ प्रयोग, बेल असमानताओं के उल्लंघन को स्थापित करने और अग्रणी क्वांटम सूचना विज्ञान' के लिए दिया गया है। बयान में कहा गया, उनके परिणामों ने क्वांटम सूचना के आधार पर नई तकनीक के लिए रास्ता साफ कर दिया है। आस्पेक्ट का जन्म 1947 में फ्रांस के एजेन में हुआ और वह पेरिस-सैकले विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं। क्लॉसर (80) अमेरिका में जे.एफ. क्लॉसर एंड एसोसिएट्स में एक शोध भौतिक विज्ञानी हैं।

## दशहरे पर लॉन्च होगा जियो ट्रू 5जी बीटा ट्रायल

**नई दिल्ली।** अरबपति मुकेश अंबानी की दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो की ट्रू-5जी सेवा का बीटा ट्रायल दशहरे से देश के चार शहरों दिल्ली, मुंबई, कोलकत्ता और वाराणसी में शुरू हो रहा है। कंपनी ने घोषणा करते हुये कहा कि अभी यह सेवा आमंत्रण पर आधारित है जो जियो मौजूदा यूजरों में से कुछ चुनिंदा यूजर को इसका इस्तेमाल करने के लिए भेजा जाएगा। यूजर को इसके साथ ही वेलकम-ऑफर भी मिलेगा, जिसके तहत उसको 1जीबी पीएस तक की स्पीड और अनलिमिटेड 5जी डेटा मिलेगा। आमंत्रित यूजर इन जियो ट्रू 5जी सेवा का अनुभव करेंगे और उनके अनुभवों के आधार पर ही कंपनी विस्तृत 5जी सेवा लॉन्च करेगी।

# मोदी पहाड़ी, गुर्जरों को आरक्षण देना चाहते हैं : शाह

वार्ता ◀ जम्मू
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि कुछ लोग आदिवासी समुदायों में दरार उत्पन्न करने की कोशिश कर रहे हैं जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जम्मू कश्मीर के पहाड़ी, गुर्जर और बकरवाल समुदायों को आरक्षण देने के पक्षधर हैं। शाह कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर हैं और वह राजौरी जिले में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि धारा 370 की समाप्ति के बाद दलितों, पिछड़ों और पहाड़ी लोगों को आरक्षण का लाभ दिया गया है।÷ उन्होंने कहा कि कश्मीर पर 70 वर्षों तक तीन परिवारों ने शासन किया है लेकिन प्रधानमंत्री इस क्षेत्र के लोगों के लिए एक उज्ज्वल और सुनहरे भविष्य की कल्पना करते हैं। उन्होंने कहा कि जनसभा में 'मोदी-मोदी' के नारे उन लोगों के लिए जवाब है जिन्होंने दावा किया था कि अगर अनुच्छेद 370 समाप्त हो गया तो खूनखराबा होगा। उन्होंने कहा कि मोदी जम्मू कश्मीर के युवाओं के हाथों में लैपटॉप देखना चाहते हैं इस कारण यहां पथराव की घटनाएं बहुत कम हुई है। शाह ने कहा कि गुलाम नबी खटाना को राज्यसभा में मनोनीत करके मोदी ने साबित कर दिया है कि वह सभी वर्गों के लिए उचित प्रतिनिधित्व चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद तीन वर्षों में जम्मू कश्मीर में 56 हजार करोड़ रुपये का बाहरी निवेश हुआ है जिससे युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। महाराजा हरि सिंह की जयंती पर अवकाश घोषित करने के लिए शाह ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की सराहना की।

# चीन की हर गतिविधि पर नजर रख रहा है भारत : वायुसेना प्रमुख

वार्ता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने कहा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है और वायु सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने मंगलवार को यहां वायु सेना दिवस से पहले आयोजित वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वायु सेना पूर्वी लद्दाख में चीन की पल-पल की गतिविधि पर नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि वायु सेना उकसाने कि कोई भी कार्रवाई किए बिना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। इसके लिए पूर्वी लद्दाख में विमानों की तैनाती प्रशिक्षण और अन्य संसाधनों पर किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जा रही। लड़ाकू विमानों के स्क्वाड्रनों की कम होती संख्या से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा कि यह जरूरी नहीं है कि बड़ी संख्या में विमान होने पर ही जीत निश्चित होती है।

## अगले वर्ष वायु सेना में शामिल होंगी महिला अग्निवीर

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने आज कहा कि तीन हजार अग्निवीर 'वायु' आगामी दिसम्बर में वायु सेना में भर्ती हो जायेंगे जबकि महिला अग्निवीरों की भर्ती अगले वर्ष की जायेगी और शुरू में यह संख्या दस प्रतिशत रहेगी। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने मंगलवार को यहां 90 वें वायु सेना दिवस से पहले सालाना संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नयी योजना अग्निपथ के तहत वायु सैनिकों की भर्ती प्रक्रिया जारी है।



# पार्टी के बड़े लोग मेरे साथ नहीं हैं, अध्यक्ष चुनाव से पहले थरूर का किस पर निशाना

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस अध्यक्ष पद की रेस में शामिल पार्टी सांसद शशि थरूर का कहना है कि इस चुनाव में पार्टी के बड़े लोग उनके साथ नहीं हैं। हालांकि थरूर ने किसी का नाम नहीं लिया। थरूर ने कहा कि पार्टी में बड़े लोग मेरे साथ नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैंने खड़गे को कभी चुनौती नहीं दी, हमारे बीच कोई वैचारिक मतभेद नहीं है, हम दोनों कांग्रेस की मूल विचारधारा के लिए प्रतिबद्ध हैं, मतभेद इस बात पर हैं कि पार्टी को कैसे आगे बढ़ाया जाए और 2024 में भाजपा को एक विश्वसनीय चुनौती दी जाए। थरूर ने कहा कि उन्होंने कभी भी पार्टी के बड़े नेताओं से समर्थन की उम्मीद नहीं की थी और अब भी नहीं करते हैं, लेकिन उन्हें सभी लोगों के साथ की जरूरत है। थरूर ने यह बयान ऐसे समय पर दिया है जब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सुधाकरन ने सार्वजनिक रूप से यह घोषणा की है कि वह थरूर के प्रतिद्वंद्वी मल्लिकार्जुन खड़गे का समर्थन करेंगे। तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य थरूर ने संवाददाताओं से कहा कि वह चुनाव से पीछे हटकर उन लोगों के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहते जो अब तक उनका समर्थन करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मैं पार्टी के बड़े नेताओं से किसी तरह के समर्थन की उम्मीद नहीं कर रहा था और अब भी नहीं कर रहा हूं। वास्तव में, पिछले दिनों मैंने नागपुर, वर्धा और हैदराबाद में पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की थी। कार्यकर्ता मुझसे चुनाव लड़ने और इससे पीछे नहीं हटने के लिए कह रहे हैं।'' थरूर का कहना था, ''मैंने उन्हें भरोसा दिलाया है कि मैं पीछे नहीं हटूंगा। मैं उन लोगों के साथ विश्वासघात नहीं करूंगा जिन्होंने अब तक मेरा समर्थन किया है। मुझ पर उनका जो विश्वास है वही मुझे आगे बढ़ने की ताकत देता है।'' कांग्रेस सांसद के अनुसार, उनके ज्यादातर समर्थक युवा नेता हैं और पार्टी कार्यकर्ता हैं, हालांकि उन्हें हर किसी के समर्थन की जरूरत है। यह पूछे जाने पर कि क्या सुधाकरन की टिप्पणी उन लोगों को हतोत्साहित करने के लिए है जो उनका समर्थन कर रहे हैं, तो थरूर ने कहा, ''हो सकता है। लेकिन मैं ऐसा नहीं कर रहा हूं। मैं यह नहीं बता सकता कि लोगों के दिमाग में क्या चल रहा है। मैं सिर्फ एक चीज कहूंगा कि चाहे कोई कुछ गुप्त रूप से कहे या सार्वजनिक रूप से कहे, मतदान गोपनीय है।'' उन्होंने कहा, ''कोई नहीं जान पाएगा कि किसने किसे वोट दिया। लोग अपनी मर्जी और विश्वास के अनुसार मतदान कर सकते हैं। वे फैसला कर सकते हैं कि वे पार्टी को मजबूत करने और भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने की खातिर इसे तैयार करने के लिए किसे चुनना चाहते हैं।'' थरूर का यह भी कहना था कि सुधाकरन ने संभवत- अपने निजी फैसले और प्राथमिकता के बारे में बताया है और इसमें कुछ गलत भी नहीं है।



### राहुल से आग्रह किया गया था कि वह मुझसे नामांकन वापस लेने के लिए कहें: थरूर

चुनाव प्रचार के लिए केरल पहुंचे थरूर ने संवाददाताओं से यह भी कहा कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से कुछ नेताओं ने आग्रह किया था कि वह उनसे (थरूर से) नामांकन वापस लेने के लिए कहें। कांग्रेस अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शशि थरूर ने मंगलवार को दावा किया कि राहुल गांधी ने ऐसा आग्रह करने वाले नेताओं से कहा कि वह नामांकन वापस लेने के लिए नहीं कहेंगे क्योंकि चुनावी मुकाबले से पार्टी को फायदा होगा। तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य ने कहा, ''उन्होंने (राहुल ने) मुझे याद दिलाया कि वह पिछले 10 वर्षों से कह रहे हैं कि पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना चाहिए।'' थरूर ने दावा किया, ''उन्होंने (राहुल ने) मुझे यह भी बताया कि कुछ लोगों ने उनसे आग्रह किया था कि वह मुझसे नामांकन वापस लेने के लिए कहें। उन्होंने मुझे बताया कि वह ऐसा नहीं करेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे नामांकन वापस नहीं लेना चाहिए और मुकाबले में बने रहना चाहिए।'' खड़गे और थरूर कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में उम्मीदवार हैं। यदि पार्टी के इन दोनों नेताओं में से कोई भी अपना नामांकन वापस नहीं लेते हैं, तो 17 अक्टूबर को मतदान होगा, जिसमें 9,000 से अधिक डेलीगेट (निर्वाचक मंडल के सदस्य) मतदान करेंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी पर पूर्व सैनिक ने चलाई गोली



**बटाला।** पंजाब में गुरदासपुर जिले की बटाला सब्जी मंडी में पार्किंग ठेकेदार ने मंगलवार सुबह मामूली विवाद के पश्चात एक अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी पर गोली चला दी, लेकिन खिलाड़ी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। पीड़ित खिलाड़ी जरमनजीत सिंह निवासी हसनपुर कलां ने बताया कि वह बटाला सब्जी मंडी से सब्जी लेकर वापस अपने गांव को जा रहा था। इसी बीच, सब्जी मंडी में पार्किंग ठेकेदार पूर्व सैनिक मनजीत सिंह ने खिलाड़ी को पर्ची कटाने के लिए कहा। पार्किंग की पर्ची न कटवाने पर खिलाड़ी ने कहा कि वह घर के लिए सब्जी लेकर जा रहा है, बेचने के लिए नहीं, इसी बात पर मनजीत और जरमन में बहस हो गई। जरमन ने बताया कि बहस इतनी बढ़ गई कि मनजीत ने उसके पैर पर गोली चला दी। उसे हालांकि गोली नहीं लगी। घटना के बाद मनजीत मौके से फरार हो गया।

# महाराष्ट्र में महज एक सौ रुपये में मिलेगा राशन

वार्ता ◄ मुंबई
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र सरकार ने दीपावली पर्व के अवसर पर राशन कार्ड धारकों को राशन सामग्री का दिवाली पैकेज मात्र एक सौ रुपये में देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस सहित सभी कैबिनेट मंत्री उपस्थित हुए। आधिकारिक प्रेस बयान में कहा गया कि पैकेज में प्रति राशन कार्ड धारक एक किलो सूजी, बेसन, चीनी और एक लीटर ताड़ का तेल शामिल होगा। इस फैसले से राज्य के 1.70 करोड़ परिवार यानी करीब सात करोड़ लोगों को सीधा फायदा होगा। बहरहाल, राशन एक महीने की अवधि के लिए ई-पॉस सिस्टम के माध्यम से वितरित किया जाएगा। इस उद्देश्य के लिए कुल 486.94 करोड़ रुपये के खर्च को भी मंजूरी दी गई थी। मुख्यमंत्री शिंदे और उपमुख्यमंत्री फडनवीस ने निर्देश दिया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को यह सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए कि दिवाली से पहले कोई शिकायत न हो। इसके अलावा बैठक में आपदा प्रबंधन में परियोजना क्रियान्वयन सहित अन्य निर्णय भी लिए गए हैं। उस्मानाबाद और बीड जिलों में योजना और कृष्णा मराठवाड़ा सिंचाई परियोजना की बेहतर प्रशासनिक स्वीकृति में तेजी लाई जाएगी। बयान में कहा गया है कि इस फैसले से आठ शुष्क प्रभावित तालुकों को फायदा होगा।

## सुशील सन्नी अग्रवाल करेंगे, सप्रेशाला मैदान में रावण दहन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



विजयदशमी के पावन अवसर पर सप्रेशाला मैदान, बुढ़ापारा में रावण दहन, छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के माननीय अध्यक्ष, सुशील सन्नी अग्रवाल की अध्यक्षता में किया जायेगा। बुढ़ापारा दशहरा उत्सव समिति द्वारा जानकारी दी गई कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सप्रेशाला मैदान में भव्य दशहरा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम में प्रातः 11 से 3 बजे तक सार्वजनिक पतंगबाजी किया जावेगा, उसके बाद 3 बजे से संगीतमय रामलीला का कार्यक्रम, एवं सायं 6 बजे अग्रवाल द्वारा विशाल रावण का दहन तथा भव्य आतिशबाजी किया जायेगा।

इस अवसर पर बुढ़ापारा दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण गौली, सचिन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष, राम लोखंडे, कोषाध्यक्ष, नवीन चंद्राकर, उपाध्यक्ष, कमलेश नथवानी, सचिव, अजय देवांगन, सहसचिव एवं समस्त सदस्यगण सहित विशाल संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने सितंबर में बिक्री में दहाई-अंकों में वृद्धि की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत में अपने सबसे बड़े वर्ष के दम पर, स्कोडा ऑटो इंडिया ने सितंबर 2022 के महीने में 3,543 वाहनों की बिक्री की। सितंबर 2021 में बेची गई 3,027 कारों की तुलना में, चेक गणराज्य की इस कार कंपनी ने उच्च स्थानीयकरण और उत?पादन के साथ वार्षिक आधार पर 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक, पेट्र सॉल्क ने कहा, हम भारत में स्कोडा के सबसे बड़े वर्ष की सफलता की गाथा को जारी रखते हुए पूरी तरह से खुश हैं। यह हमारी टीम और डीलर भागीदारों की कड़ी मेहनत का बेहतरीन परिणाम और सम्मान है। कुशाक और स्लाविया मॉडल्स बाजार में सफलतापूर्वक स्थापित हो चुके हैं और बिक्री की गति को जारी रखे हुए हैं। इसके अलावा, ऑक्टैविया और सुपर्ब जैसे हमारे डी-सेगमेंट उत्पाद भी अपनी-अपनी श्रेणियों में अग्रणी हैं। हमारा ध्यान अब ग्राहकों की संतुष्टि को और बेहतर बनाने और पूरे भारत में अपने कस्टमर टचप्वाइंट्स की संख्या को तेजी से बढ़ाने पर है।'' दिसंबर 2021 में 175 टचप्वाइंट्स से, स्कोडा ऑटो इंडिया ने 205 से अधिक टचप्वाइंट्स तक अपनी पहुंच का विस्तार किया है। कंपनी का लक्ष्य 2022 के अंत तक 250 का आंकड़ा छूना है। कंपनी के लिए लगातार साल-दर-साल वृद्धि की प्रमुख वजह प्लेटफॉर्म पर 95 प्रतिशत स्थानीयकरण रहा है , जिस पर कुशाक एसयूवी और स्लाविया सेडान आधारित हैं। स्थानीय घटकों और उत्पादों के स्थानीय अनुसंधान और विकास ने स्वामित्व लागत को 0.46 रुपये प्रति किलोमीटर तक कम कर दिया है, जिसने नए खरीदारों को आकर्षित किया है और बिक्री में वृद्धि हुई है। वर्तमान में भारत जर्मनी और स्कोडा के घरेलू बाजार चेक गणराज्य के बाद विश्व स्तर पर स्कोडा ऑटो के लिए तीसरा सबसे बड़ा बाजार है। 2022 की पहली 3 तिमाहियों के माध्यम से, कंपनी ने अपने सभी शोरूम?स को इंटरैक्टिव सुविधाओं के साथ पूरी तरह से डिजिटल बनाने का एक बड़ा मिशन भी शुरू किया, जिससे ग्राहकों के लिए चयन और खरीद अनुभव को और बढ़ाया जा सके।

## रूम टू रीड ने छत्तीसगढ़ में 'पढ़ना जहाँ समानता वहाँ' अभियान की शुरुआत की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रूम टू रीड इंडिया ने छत्तीसगढ़ में विषय-वस्तु पर आधारित अपने रीडिंग कैंपेन 2022 की शुरुआत की। राज्य में एससीईआरटी छत्तीसगढ़ के सहयोग से आयोजित इस अभियान की शुरुआत 15 अगस्त 2022 को हुई, जिसका उद्देश्य पूरे राज्य में सभी भागीदारों तक अपनी पहुंच को अधिकतम बनाना है। इस अभियान के मूल संदेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य, जिला, स्कूल और सामुदायिक स्तरों पर कई पहलों की शुरुआत की गई। इसका उद्देश्य, हर कदम पर बच्चों का साथ देने तथा पढ़ने की संस्कृति के विकास के साथ- साथ सीखने में निरंतरता को बढ़ावा देने के बारे में माता-पिता, शिक्षकों और समुदाय के सदस्यों के बीच जागरूकता फैलाना है। इसके अलावा, अभियान के माध्यम से पढ़ने की अहमियत तथा असमानताओं को दूर करने में इसकी भूमिका के बारे में लोगों को जागरूक करने का लक्ष्य भी रखा गया है। विभिन्न भागीदारों को व्हाट्सएप तथा टेलीग्राम ग्रुप के जरिए संदेश भेजने के साथ-साथ लिटरेसी क्लाउड एवं राज्य में उपलब्ध विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से कहानियों को साझा करके इस पठन अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के दौरान राज्य की ओर से शुरू की गई पहलः एससीईआरटी, रायपुर के सहयोग से 24 अगस्त, 2022 को दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक एक लाइव ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार में प्रत्येक जिले और प्रत्येक डाइट के प्रतिनिधियों के साथ औपचारिक रूप से संपर्क स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया, ताकि जिले के शिक्षकों के सहयोग से आयोजित पठन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों के स्वामित्व एवं प्रबंधन में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

## जम्मूतवी एक्सप्रेस का डिब्बा पटरी से उतरा, कोई हताहत नहीं

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले में जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन का एक डिब्बा पटरी से उतर गया, हालांकि इस घटना में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। जिला प्रशासन और रेलवे सूत्रों के अनुसार इस घटना में कोई जनहानि या किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है।



बुलंदशहर जिले के वैर स्टेशन के पास धीमी गति से आगे बढ़ रही रेलगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। इसकी सूचना मिलने पर पर्याप्त पुलिसबल घटना स्थल पर पहुंच गया। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना उस समय हुयी जब जम्मूतवी एक्सप्रेस धीमी गति से आगे बढ़ रही थी। ट्रेन की रफ्तार अगर तेज़ होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## मां सर्वमंगला देवी मंदिर सहित जगह जगह जवारा ज्योति कलश का हुआ विसर्जन

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

मंगलवार को मनोकामना ज्योति कलश एवं स्थापित जवारा विसर्जन के साथी शारदीय नवरात्र का विश्राम हो गया। मां सर्वमंगला देवी मंदिर के राजपुरोहित नमन पांडे के द्वारा मंदिर में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश और जवारा विसर्जन की परंपरा का निर्वहन किया गया। बारिश के बावजूद यहां भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। राजपुरोहित नमन पांडे के द्वारा पूजा अर्चना पश्चात मंदिर के समीप हसदेव नदी के घाट पर मनोकामना ज्योति कलश और जवारा विसर्जन पूरे भक्ति भाव से किया गया। इस वर्ष मां सर्वमंगला देवी मंदिर के सहित अन्य देवी मंदिरों में भी हमेशा की तरह भक्तों के द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराया गया था। 26 सितंबर से शुरू हुई शारदीय नवरात्र का मंगलवार को पूरे विधि विधान से विश्राम किया गया। मां सर्वमंगला देवी मंदिर मैं महा अष्टमी तिथि पर हवन अनुष्ठान के पश्चात कन्या भोज का आयोजन संपन्न हुआ। दूसरे दिन मंगलवार को मंदिर में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश और जवारा की पूजा अर्चना के बाद विसर्जन किया गया। मां सर्वमंगला देवी मंदिर के राजपुरोहित नमन पांडे ने सर्वप्रथम पूजा अनुष्ठान संपन्न कराया। तत्पश्चात देवी स्वरूपा महिलाओं के द्वारा मनोकामना ज्योति कलश और ज्वारा को अपने सिर में धारण कर शोभायात्रा के रूप में हसदेव नदी के घाट पर पहुंचकर विसर्जन किया गया।



# आप सरकार ने पंजाब में गन्ने का दाम 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया

एजेंसी ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब सरकार ने गन्ना किसानों को एक बड़ी सौगात देते हुए गन्ने की खरीद पर 20 रुपये प्रति क्विंटल दाम बढ़ाने का फैसला किया है। आप की पंजाब इकाई के प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने मंगलवार को यहां पत्रकारों से कहा कि किसानों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार ने गन्ने की खरीद पर 20 रुपये प्रति क्विंटल दाम बढ़ाने का फैसला लिया है, जबकि किसानों के मुद्दे पर भाजपा शासित राज्यों की सरकारें किसानों का लगातार शोषण कर रही है। गन्ना किसानों को अब 360 रुपए के बजाए 380 रुपये प्रति क्विंटल की अदायगी की जाएगी। इसके लिए सरकार सालाना 200 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च करेगी। श्री कंग ने कहा कि गुजरात में भाजपा सरकार ने अभी तक लगभग 35 प्रतिशत गन्ना किसानों का बकाया नहीं चुकाया है, जबकि उत्तर प्रदेश,जो कुल गन्ना उत्पादन का 50 प्रतिशत योगदान देता है, वहां भाजपा सरकार ने 13 प्रतिशत से अधिक गन्ना किसानों के भुगतान को मंजूरी नहीं दी है।

भाजपा के गुजरात मॉडल और अरविंद केजरीवाल के 'सुशासन मॉडल' के बीच यही अंतर है कि वह किसानों और समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं, जबकि भाजपा केवल अपने झूठे दावों से लोगों को बेवकूफ बना रही है। कंग ने कहा कि अभी पंजाब में महज 1.25 लाख हेक्टेयर जमीन पर गन्ने की खेती होती है, जबकि चीनी मिलों की कुल पेराई क्षमता करीब 2.50 लाख हेक्टेयर है। सरकार किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कदम उठा रही है। यही कारण है कि मान सरकार ने किसानों की आय के बढ़ाने के लिए मूल्य बढ़ाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी खेती को एक लाभदायक उद्यम बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। सरकार बनने के बाद आप सरकार ने किसान समर्थक फैसले लेने के अलावा छह महीने के भीतर गन्ना किसानों के सभी लंबित बकाया का भुगतान किया। सहकारी चीनी मिलों ने पहले ही किसानों के पूरे बकाया का भुगतान कर दिया है, लेकिन दो निजी चीनी मिलों ने अभी तक बकाया का भुगतान नहीं किया है।

## आईडीएफसी म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया आईडीएफसी ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईडीएफसी म्यूचुअल फंड ने ट्रांसपोर्टेशन और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में निवेश करने वाली एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना आईडीएफसी ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड को लॉन्च करने की घोषणा की है इस फंड का उद्देश्य मोबिलिटी सर्विसेज सेक्टर में आने वाले कई सालों में ग्रोथ के अवसरों से लाभ उठाना है न्यू फंड ऑफर मंगलवार 04अक्टूबर2022 को निवेश के लिए खुलेगा और मंगलवार 18अक्टूबर2022 को बंद होगा निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ-साथ सीधे आईडीएफसी एमएफ वेबसाइट पर किया जा सकता है। आईडीएफसी ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड लॉन्च करने के बारे में बात करते हुए आईडीएफसी एएमसी के सीईओ विशाल कपूर ने कहा कि तेजी से बढ़ता शहरीकरण व्यक्तिगत मोबिलिटी की आवश्यकताओं में वृद्धि को तेज कर रहा है इसके अतिरिक्त मजबूत मांग-आधारित रिकवरी-साइकिल और मार्जिन सुधार जैसे शक्तिशाली सपोर्ट ट्रांसपोर्टेशन और लॉजिस्टिक्स सेक्टर के लिए मजबूत आय वृद्धि के लिए सही माहौल प्रदान करते हैं इस क्षेत्र में वृद्धि बढ़ती आकांक्षाओं, एडवांस्ड बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर मात्रा में वृद्धि और निर्यात संचालित अवसरों से प्रेरित होने की उम्मीद है आईडीएफसी ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड को एक टीम द्वारा सक्रिय रूप से प्रबंधित किया जाएगा।

## मुनूगोड़े उपचुनाव : भाजपा ने की तेलंगाना में केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग

वार्ता ◄ हैदराबाद
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी की तेलंगाना इकाई ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) से तीन नवंबर को होने वाले मुनूगोडे विधानसभा उपचुनाव में सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) की कथित रूप से अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग की है। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रसेन रेड्डी, प्रदेश महासचिव दुग्याला प्रदीप कुमार और राज्य सचिव एस. प्रकाश रेड्डी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल आज सीईओ से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन सोंपा, जिसमें आरोप लगाया गया है कि सरकारी अधिकारी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करके विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं को परेशान कर रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया कि स्थानीय पुलिस विशेष रूप से सर्किल इंस्पेक्टर और उससे नीचे के अधिकारी भाजपा के लोगों को निशाना बना रहे हैं और उन्हें परेशान कर रहे है और भाजपा के पक्ष में प्रचार करने पर उन्हें एनकाउंटर करने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने अपने अवैध क्रियाकलापों के खिलाफ किसी प्रकार की शिकायत नहीं दर्ज करने की भी धमकी दी है। भाजपा ने कहा कि राज्य के पुलिस अधिकारी बहुत पक्षपातपूर्ण व्यवहार कर रहे हैं और भाजपा कैडरों को परेशान कर रहे हैं। दूसरी ओर, राज्य पुलिस सत्तारूढ़ पार्टी टीआरएस के उम्मीदवार का समर्थन कर रही है जो कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है और कहा कि यह भ्रष्ट आचरण है जिसकी अनुमति नहीं दी जा सकती है। ज्ञापन में कहा गया कि विश्वस्त सूत्रों ने उन्हें बताया है कि सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी उपचुनाव में जनता को प्रभावित करने के एम्बुलेंस और पुलिस वाहनों का उपयोग कर रही है और मतदाताओं को बीच समानों का वितरण कर रही है और अवैध तरीकों से धन जुटाने की कोशिश कर रही है।

# मुलायम सिंह यादव की हालत अब भी नाज़ुक, मेदांता में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम कर रही है इलाज

एजेंसी ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com

तीन बार यूपी के मुख्यमंत्री रहे समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव की हालत अब भी नाज़ुक बनी हुई है। गुरुग्राम स्थिति मेदांता हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती मुलायम सिंह यादव की सेहत के बारे में जानकारी साझा करते हुए मंगलवार को मेदांता हॉस्पिटल ने बताया कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक बड़ी टीम सपा संरक्षक का इलाज कर रही है। मुलायम सिंह की हालत में गिरावट के चलते सोमवार को उन्हें क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में शिफ्ट किया गया था। सपा के संस्थापक और संरक्षक 82 वर्षीय मुलायम सिंह का यादव का मेदांता में इस साल अगस्त से इलाज चल रहा है। इसके पहले समाजवादी पार्टी ने एक ट्वीट में कहा था कि नेताजी (मुलायम सिंह यादव) की



हालत स्थिर है। उनके बेटे और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल पहुंचे जहां उनके पिता भर्ती हैं।

पीएम मोदी, यूपी के सीएम योगी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित देश के तमाम वरिष्ठ नेता सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की सेहत को लेकर चिंता जाहिर करते हुए इस बारे में जानकारी ली है। उन्होंने मुलायम सिंह के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है।

बताया जा रहा है प्रधानमंत्री नरेन्?द्र मोदी ने भी अखिलेश यादव से बात कर मुलायम सिंह यादव की सेहत का हाल जाना। पीएम ने उन्हें इलाज में हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिया। सीएम योगी ने भी अखिलेश यादव से बात कर मुलायम सिंह यादव की सेहत का हाल जाना है।

**मुलायम सिंह की सेहत के लिए भजन-कीर्तन और प्रार्थना का दौर जारी** - उधर, लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय के पास हनुमान मंदिर में मुलायम सिंह यादव के स्वास्थ्य के लिए सुबह से भजन-कीर्तन और प्रार्थना की जा रही है। सपा कार्यकर्ता मुलायम सिंह के जल्द स्वस्थलाभ की कामना कर रहे हैं।

## वायु सेना दिवस पर चंडीगढ के आकाश में 40 से अधिक लड़ाकू विमान करेंगे गर्जन

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

वायु सेना दिवस पर हर वर्ष होने वाला एयर शो इस बार चंडीगढ में होगा जिसमें 80 से भी अधिक लड़ाकू विमान, हेलिकॉप्टर और मालवाहक विमान अपने जौहर दिखायेंगे।

वायु सेना के 90 वें स्थापना दिवस से पहले मंगलवार को यहां आयोजित वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में ग्रुप कैप्टन अजय राठी ने बताया कि इस बार वायु सेना दिवस पर एयर शो का आयोजन चंडीगढ में किया जायेगा।

यह पहला मौका है जब वायु सेना दिवस पर यह आयोजन चंडीगढ में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आठ अक्टूबर को चंडीगढ में सुबह और शाम के समय दो बार वायु सेना के विमान और हेलिकॉप्टर अपनी करतबबाजी दिखायेंगे। शाम के समय यह आयोजन सुखना नहर के निकट किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि एयर शो में कुल 83 लड़ाकू विमान, हेलिकॉप्टर, मालवाहक विमान और विंटेज विमान शामिल होंगे। इनमें से सात विमानों को एयर शो के लिए स्टेंडबाई रखा जायेगा जबकि 74 इसमें हिस्सा लेंगे। इनमें से 44 लड़ाकू विमान होंगे।

लड़ाकू विमानों में राफेल, सुखोई, तेजस, मिग, मिराज और जगुआर जैसे विमान अपने जौहर दिखायेंगे वहीं अपाचे , चिनुक, एम आई- 17 और हाल ही में वायु सेना में शामिल किये गये प्रचंड हेलिकाप्टर अपनी करतबबाजी दिखायेंगे।

# न्यायाधिपति के हाथों हुआ व्यवहार न्यायालय का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ‹ केशकाल
www.dailypioneer.com



नगर के हर्रापड़ाव में व्यवहार न्यायालय निर्माण हेतु आबंटित भूमि में मंगलवार को भूमिपूजन का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायमूर्ति एवं पोर्टफोलियो जज कोंडागांव दीपक तिवारी शामिल हुए थे। जहां सर्वप्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोंडागांव उत्तरा कुमार कश्यप व कांकेर योगेश पारीख की अगुवाई में समस्त अधिकारी कर्मचारियों ने न्यायाधिपति का बस्तर के पारंपरिक नृत्य मांदरी के साथ स्वागत करते हुए भूमिपूजन स्थल पहुंचे। ततपश्चात न्यायाधिपति ने विधिवत पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य के शुभारंभ हेतु भूमिपूजन किया। इसके पश्चात समस्त न्यायाधीशगण एवं अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा पौधरोपण भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायाधिपति दीपक तिवारी ने कहा कि केशकाल की इस पावन धरा पर जहां तेलिन सती माता एवं भंगाराम माई का वास है यहां नवरात्र पर्व की नवमी तिथि के शुभवसर में आज व्यवहार न्यायालय हेतु भूमिपूजन किया गया है। हालांकि इस कार्य को शुरू होने में काफी देरी हो गई है लेकिन आज हुए भूमिपूजन के पश्चात जल्द ही व्यवहार न्यायालय का निर्माण होगा और आम जनता को इसका लाभ मिलेगा।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि केशकाल में व्यवहार न्यायालय का निर्माण कार्य वर्ष 2012 से लंबित है। लेकिन आज इस स्थान पर माननीय न्यायाधिपति ने भूमिपूजन कर दिया है, हमारा प्रयास रहेगा कि जल्द से जल्द निर्माण कार्य को पूरा करवाया जाए। ताकि आम जनता को इसका लाभ मिले।

भंगाराम माई के दरबार मे लगने वाली भादो जात्रा का व्याख्यान करते हुए न्यायाधिपति दीपक तिवारी ने कहा कि जब हम भंगाराम माई का दर्शन करने गए थे तो वहां के पुजारी ने बताया कि माता के दरबार मे भादो मास में जात्रा होती है, जहां देवी देवताओं की सुनवाई भी होती है। तथा उनमें जो देवी देवता अपनी मर्यादा, सात्विकता व आभा खो देते हैं ऐसे देवी देवताओं को यथोचित सजा भी सुनाई जाती है। इससे पौराणिक काल से चली आ रही लोगों की परिकल्पना सिद्ध होती है कि उच्च आसन एवं लोक पद में बैठना तथा देवी देवता बनना आसान हो सकता है लेकिन जन आकांक्षाओं को पूरा करना एवं स्वयं को आदर्श बनाए रखना कठिन कार्य है। विधि का शासन और भंगाराम माई का दरबार हमें यह संदेश देता है कि कानून सभी के लिए एक समान हैं।

**ये तरह मौजूद-** इस दौरान कलेक्टर दीपक सोनी, एसपी दिव्यांग पटेल, कुटुंब न्यायालय न्यायाधीश नारायण सिंह, एडीजे फ़ास्ट्रेक कमलेश जुर्री, एडीजे लीना अग्रवाल, क्रिस्टीना पॉल होरो, सीजीएम कोंडागांव मोना चौहान, सीजीएम नारायनपुर पुष्पलता मारकंडे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंजली सिंह, अधिवक्ता संघ जिलाध्यक्ष जे.पी यादव, एसडीएम शंकरलाल सिन्हा, एसडीओपी भूपत सिंह समेत न्यायालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी व प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

## गोधन न्याय योजना से खुला समृद्धि का द्वार

**कांकेर।** गोधन न्याय योजना जिले के सभी पशुपालक किसानों, भूमिहीन मजदूर, महिला स्व-सहायता समूहों के लिए वरदान साबित हो रहा है। पशुपालक, किसान गोबर बेचकर आर्थिक आमदनी प्राप्त कर रहें है, वही महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा गोबर से वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण किया जाकर, उसके विक्रय से लाभ प्राप्त हो रहा है। महिला समहों द्वारा गौठानों में अन्य आर्थिक गतिविधियों भी संचालित की जा रही है, जिससे उन्हें आमदनी हो रहा है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में गोबर बेचने के लिए 16 हजार 10 किसानों द्वारा पंजीयन करवाया गया है, जिसमें से 10 हजार 538 किसानों द्वारा 04 करोड़ 16 लाख रूपये गोबर बेचकर आय अर्जित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा गौठानों में गोबर बेचने के लिए लगातार हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे गोबर बेचने वाले हितग्राहियों की संख्या एवं गोबर की मात्रा में वृद्धि हो रही है। पिछले 13 पखवाड़ें में क्रमशः गोबर खरीदी की राशि 01 मार्च से 15 मार्च तक 04 लाख 40 हजार 623 रूपये, 16 मार्च से 29 मार्च तक 03 लाख 90 हजार रूपये, 01 अप्रैल से 15 अप्रैल तक 04 लाख 41 हजार 332 रूपये, 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक 04 लाख 49 हजार 505 रूपये, 01 मई से 15 मई तक 05 लाख 41 हजार 372 रूपये, 16 मई से 31 मई तक 05 लाख 88 हजार 10 रूपये, 01 जून से 15 जून तक 04 लाख 29 हजार 653 रूपये, 16 जून से 30 जून तक 03 लाख 73 हजार 32 रूपये, 16 अगस्त से 31 अगस्त तक 06 लाख 92 हजार 755 रूपये, 01 सितम्बर से 15 सितम्बर तक 17 लाख 37 हजार 579 रूपये तथा इस पखवाड़ें में जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाकर गौ-पालकों का पंजीयन एवं गोबर बेचने हेतु हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने से गोबर क्रय की राशि बढ़कर 22 लाख 74 हजार 437 रूपये हो गया है अर्थात किसानों द्वारा 22 लाख 74 हजार रूपये के गोबर का विक्रय गौठानों में किया गया है।

# श्रद्धा, उत्साह और आस्था के साथ बस्तर दशहरा में शामिल होने छत्रडोलियों को दी गयी विदाई



पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

बस्तर दशहरा में शामिल होने के लिए जिलेभर से आए ग्राम देवी-देवताओं की मंगलवार को जिला मुख्यालय के चौपाटी स्थल से श्रद्धा और उत्साह के साथ विदाई दी गई। इस मौके पर विधायक कोण्डागांव मोहन मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम, जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा एवं एसडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर भी कार्यक्रम में शामिल हुए। विश्व विख्यात बस्तर दशहरे में कोण्डागांव जिले के प्रमुख देवी-देवताओं, पेन पुरखा, मांझी, चालकी, मुखिया, गायता, पेन पुजारी एवं परगना प्रमुखों की सहभागिता सदियों की परम्परा रही है। चूंकि पूरे बस्तर संभाग में कोण्डागांव जिले से ही सर्वाधिक देवी देवता छत्रडोलियाँ एवं समाज प्रमुख भाग लेते हैं। आदिम संस्कृति और परम्परा को अनुसार ग्राम देवी-देवताओं की भव्य विदाई का आयोजन किया गया था।

उल्लेखनीय है कि बस्तर दशहरा में शामिल होने के लिए जिले के अलावा उड़ीसा राज्य के सीमावर्ती गांव के देवी-देवता भी प्रस्थान करते हैं। इनमें ग्राम रांधना, कोकोड़ी, बालोण्ड, भाटगांव, पिटिसपाल, पाथरी, बालेंगा, माण्डोकी खरगांव, खुटडोबरा, चरकई, खालेपारा, कोपाबेड़ा, अरगुला, तारगांव, छोटेराजपुर, किबेकोंगा, डोडरेसिमोड़ा, तितरवण्ड, बड़डोई, डोंगरसिलाटी, हल्दा, बिवला, आमानार, गम्हरी, फुण्डेरपानी, गडरासिमोड़ा गांव से माँ हिंगलाजिन, मावली माता, आंगादेव, बुढ़ी माता, शीतला माता, चिलगाईन माता, फुलकुंवर, कुंवारी मावली, सोनादई, भण्डारिन माता जैसे ग्राम देवी-देवता सम्मिलित होते हैं।

इस दौरान विधायक ने ग्राम पुजारियों ने चर्चा करते हुए सभी ग्राम प्रमुखों को अंग वस्त्र देकर शुभकामनाऐं दी। ज्ञात हो कि ब्रिटिश काल से ही सभी गांवों के समाज प्रमुख बस्तर दशहरा में सम्मिलित होते रहे हैं। इस दौरान जिले के जनप्रतिनिधियों सहित सभी समाजों के प्रमुख पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में जिलेभर से पेंग पुरखा, गायता, मांझी, मुखिया एवं पुजारी उपस्थित रहे।

# डॉक्टर आर के सिंह होंगे कोण्डागांव जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी होंगे

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा जारी आदेश के तहत जिले के नए प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोण्डागांव के रूप में जिला अस्पताल बीजापुर के डॉक्टर आर के सिंह को बनाया गया है। उक्तआशय का आदेश छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय रायपुर द्वारा जारी किया गया है, बता दे डॉक्टर आर के सिंह पूर्व में भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोण्डागांव में खण्ड चिकित्सा अधिकारी के रूप में सेवाएं दे चुके हैं।

डॉक्टर आर के सिंह ने पिछले कार्यकाल के दौरान कोण्डागांव के अतिसंवेदनशील क्षेत्रों मैं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओ को पहुंचाने को लेकर काफी चर्चा में रहे है। इनके कुशल नेतृत्व मैं मर्दापाल कुधूर बयानार बेचा कडेनार जैसे नक्सल प्रभावित गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं को एक नया आयाम भी मिला था।

शासन की योजनाओं को लेकर गंभीरता से कार्य करने वाले डॉक्टर सिंह पर फिर एक बार कोण्डागांव जिले की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। देखना यह होगा कि आने वाले समय में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर किस तरह से कोण्डागांव जिले मैं और भी बेहतर कार्य किए जायेंगे।

# 51 कन्याओं को भोज कराकर मणिकेश्वर मन्दिर में व्रतियों ने तोड़ा उपवास

पायनियर संवाददाता ‹ सुकमा
www.dailypioneer.com

आज नवरात्र के अंतिम दिन नवमीं के अवसर पर कोंटा के श्री श्री मनिकेश्वर मन्दिर में कन्या भोज का आयोजन किया गया, सुबह से ही मन्दिर समिति के सदस्य भंडारे की व्यवस्था में लग गए थे।

**51 कन्याओं को भोज कराकर व्रतियों ने तोड़ा उपवास-** श्री श्री मणिकेश्वर में कन्या भोज के लिए पूरे कोंटा नगर से छोटी छोटी कन्याएं पहुंची थीं, साथ ही कूकानार,पाकेला,सुकमा से से पहुंचे हुए व्रतियों ने कोंटा के सैकड़ों व्रतियों के साथ 51 कन्याओं को भोज कराने के पश्चात अपना उपवास तोड़ा पहुंची हुई कन्याओं को सर्वप्रथम पैर धुलाकर तिलक सिंदूर लगाकर उनका सम्मान किया गया ततपश्चात उन्हें भोज कराकर श्रंगार की वस्तुएं



देकर समस्त व्रतियों के द्वारा आर्शीवाद लेकर आने वाले वर्ष में पुनः आकर माता का प्रसाद ग्रहण करने की विनती कर उन्हें ससम्मान विदाई दी गई,छोटे छोटे बच्चों के द्वारा प्रसाद का वितरण व नन्हीं नन्हीं बच्चियों के माता के स्वरूप में होने से पूरा मन्दिर प्रांगण भक्तिमय वातावरण से शोभायमान हो रहा था,नन्हीं नन्हीं कन्याओं का अलौकिक रूप देखते ही बन रहा था। श्री श्री मणिकेश्वर मन्दिर समिति के अध्यक्ष विजय नायडू ने बताया कि पिछले छहसठ वर्षो से निरन्तर मन्दिर में पूजा अर्चना किया जा रहा है जिसमे प्रत्येक वर्ष कुछ न कुछ न नई कड़ियाँ जुड़ती गई। व भक्तगण जुड़ते गए और मन्दिर का इतिहास बनता गया अन्य श्रद्धालुओं ने बताया इस मंदिर में सिर्फ भक्ति कार्यक्रम ही आयोजित नहीं होते हैं इसके अलावा यहां के सदस्य किसी भी प्रकार के प्राकृतिक आपदा के वक्त लोगों की भरपूर सेवा भी करते हैं जिसका उद्धरण कोरोना काल में मन्दिर समिति के द्वारा लगातार राहगीरो हेतु भोजन का आयोजन है।

## छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक एवम क्रीड़ा मंडल मनाएगा विजयदशमी पर्व

**किरन्दुल।** छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा मण्डल किरंदुल द्वारा बुधवार 5 अक्टूबर को विजयादशमी पर्व मनाया जाएगा एवं रावण का पुतला दहन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष लोकनाथ सचिव पीएल साहू ने बताया कि विगत 54 वर्षो से भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाता रहा है। विगत कई दिनों से रावण का पुतला तैयार करने हेतु समिति के सदस्य एवं कलाकार जुटे हुए हैं। आज निर्माण कार्य पूर्णता की ओर अग्रसर है। बता दें बीते 02 वर्ष कोविड-19 दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए सादगी से छोटे स्तर पर रावण दहन किया जाता रहा और अब कोरोना नियमों की पाबंदी हटने के बाद इस वर्ष नगर के फुटबॉल ग्राउंड में व्यापक एवं भव्य रूप से विजयदशमी का पर्व मनाया जाएगा।



# डांडिया नाइट्स का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com



इस वर्ष नवरात्र में लौहनगरी किरंदुल में डीजे डांडिया नाइट्स की धूम रही। राघव मंदिर परिसर में डांडिया आयोजन समिति द्वारा आयोजित डांडिया नाइट्स के आयोजन का तृतीय दिन एवं अंतिम दिवस का समापन जोकी नवरात्र के अष्टमी दिन सोमवार रात को हुआ इस कार्यक्रम में पूरी लौहनगरी झूम उठी। इस वर्ष आयोजन की विशेषता ये रही की डांडिया में सम्मिलित अधिकतर लोग गरबा के परिधान में पहुँचे जिसमें सभी वर्ग के लोग डांडिया खेलने बचेली और दंतेवाड़ा तक से लोग इस आयोजन में सम्मिलित हुए।इस दौरान लोगों ने डांडिया खेलने में उत्साह देखने को मिला। साथ ही मां दुर्गा की अराधना भी की गई। समिति के अध्यक्ष गौरी शंकर तिवारी ने कहा कि डांडिया नाइट्स नगर का भक्तिमय कार्यक्रम जिसमें माँ दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करने का इंतजार पूरा शहर साल भर करता है और नगर के साथ साथ जिले लोग बढ़ चढ़ कर इसमें हिस्सा लेते हैं।

इस वर्ष डांडिया में पिछले 4 वर्षो का रिकॉर्ड टूट गया और अधिक संख्या में प्रतिभागियों ने डांडिया कर मां की अराधना की और विशेष परिधान में लोगों का डांडिया स्थल में पहुँचना किरंदुल वसियों के लिए काफ़ी रमणीय लगा। इस वर्ष ज़िले से कुल 10 समूह ने अंतिम दिवस अपनी प्रस्तुति जो एक बढ़कर एक थे सभी की प्रस्तुति उत्तम थी पुरस्कार वितरण के लिए निर्णायक मण्डल की भूमिका के रूप में नीति सिंह एवं रूप सक्सेना अवसर पर प्रोत्साहन स्वरूप उत्तम परिधान अंजलि उत्तम नृत्य मनीषा उत्तम समूह आर के ग्रुप उत्तम जोड़ी आदित्य और नीलम आदि को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजनकर्त्ता गौरीशंकर तिवारी, धीरज पांडेय, थानेश्वर जोशी, सुनील गुप्ता, लखन दुर्गा, अविसार शर्मा, अव्हि अनंत भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे आयोजन समिति ने नगर के सभी लोगों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान कर इस आयोजन को सफल बनाया।

## आरक्षण के मुद्दे पर पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने ली प्रेस कांफ्रेंस



पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिला मुख्यालय में पीसीसी चीफ़ मोहन मरकाम ने आरक्षण के मुद्दे पर कहा कि आरक्षण को बढ़ाने के लिए तत्कालीन सरकार ने तत्कालीन गृह मंत्री ननकी राम कवर की अध्यक्षता में मंत्री मंडलीय कमेटी का गठन किया था। रमन सरकार ने उसकी अनुशंसा को भी अदालत के समक्ष प्रस्तुत नही किया जिसका परिणाम है की अदालत ने 58प्रतिशत के आरक्षण के फैसले को रद्द कर दिया है। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद अंतिम वहस में तर्क प्रस्तुत किया गया लेकिन पुराने हलफनामे मैं उल्लेख नही होने के कारण अदालत ने स्वीकार नहीं किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ मैं अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को बढ़ाने के तमाम तर्कसंगत कारण और विशेष परिस्थितियां है लेकिन भारतीय जनता पार्टी और रमन सरकार की नियत मैं खोट थी।

उन्होंने अदालत मैं राज्य की 95 प्रतिशत आबादी के हक मैं तर्क नहीं दिया और जनता को उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। अपनी नाकामी को छुपाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेता केदार कश्यप लता उसेंडी बयान बाजी कर प्रदेश की जनता को भ्रमित कर रहे है।

# 36वी नेशनल गेम्स के लिए छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल की टीम हुई रवाना

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com



गुजरात में आयोजित हो रहे नेशनल गेम्स प्रतियोगिता के सॉफ्टबॉल खिलाड़ियों का आज रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय कैंप के समापन समारोह में रायपुर पश्चिम क्षेत्र विधायक संसदीय सचिव विकास उपाध्याय के द्वारा सॉफ्टबॉल खेल के खिलाड़ियों को ट्रैक सूट एवं कीट माननीय महोदय जी के द्वारा वितरित किया गया ज्ञात हो कि नेशनल गेम्स में प्रदेश से एक मात्र टीम गेम सॉफ्टबॉल की प्रतियोगिताएं 7 से 12 तारीख तक गुजरात के गांधीनगर में आयोजित होंगी जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश की सॉफ्टबॉल में पुरुष एवं महिला दल की टीमें क्वालीफाई करके नेशनल गेम्स तक पहुंची है 40दिवसीय कैंप समापन समारोह में आज छत्तीसगढ़ प्रदेश सॉफ्ट बॉल एसोसिएशन के महासचिव ओपी शर्मा जी प्रदेश बॉडीबिल्डिंग सचिव संजय शर्मा जी समस्त खिलाड़ी एवं कोच अमित कुमार वरु सिया राम पटेल भूपेंद्र साहू प्रदीप साहू एवं चंद्रशेखर पुरी श्रम निरक्षक /हेड कोच बीजापुर सोपान करनेवार शामिल थे छत्तीसगढ़ की सॉफ्टबॉल महिला टीम में बीजापुर से अरुणा पुनेम ज्योति हैमला रायपुर से प्रीति वर्मा नेहा बरखा कविता सेना अंजना दांडी गंगा एवं दुर्ग से सोनाली कवर्धा से कविता गौरी शालू तमन्ना विजयलक्ष्मी जानकी है। बीजापुर की अरुणा अब तक 8 नेशनल और 1 इंटरनेशनल खेल चुकी है वही ज्योति हेमला भी 7 नेशनल में अपना योगदान दिया है बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी के सॉफ्टबॉल खेल की उपलब्धियों में स्थानीय विधायक विक्रम मांडवी एवं कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा जी प्रभारी फागेश सिन्हा जी ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

## भ्रष्टाचार सामने लाने वाले पत्रकारों को प्रशासनिक दादागिरी दिखाना, लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला : रामू नेताम

पायनियर संवाददाता ‹ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



देश का लोकतंत्र चार स्तंभों विधायिका, कार्यपालिका न्यायपालिका और मीडिया पर टिका है। सभी अपनी जिम्मेदारी और कार्य ईमानदारी से करें इसलिए लोकतंत्र के स्तंभों पर किसी तरह का बलप्रयोग नहीं करना चाहिए। पर दंतेवाड़ा के कुछ भ्रष्ट अधिकारी जिन पर सरकार का वरद हस्त है, वो मीडिया को उस तरह से काम नहीं करने देना चाहते जैसे एक स्वतंत्र और तटस्थ मीडिया को करना चाहिए। उपरोक्त बातें प्रभारी उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं दंतेवाड़ा, अजमेर सिंह कुशवाह के द्वारा पत्रकारों पर पुलिस द्वारा प्रशासनिक दबाव पर जिला पंचायत सदस्य और बीजेपी मंडल महामंत्री रामू नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही हैं। उन्होंने प्रभारी उप संचालक द्वारा पत्रकारों को पुलिस के माध्यम से धमकाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अजमेर सिंह कुशवाह पर हितग्रहियों ने गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसकी जांच कि मांग कई बार की जा चुकी है पर सरकार और जिला प्रशासन ने उस पर जांच करना तो दूर उल्टे हितग्राहियों और जनता का पक्ष सामने वाले मीडिया कर्मियों पर ही पुलिसिया दबाव बनाने का प्रयास किया है। प्रशासन का एक अधिकारी जिस पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं उस पर जांच की बजाय प्रशासन उल्टे मीडिया को सच्चाई जनता के समक्ष आने से रोकने के लिए तानाशाही का इस्तेमाल कर रहा है परंतु ये कृत्य किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं किया जायेगा, यदि प्रशासन ने तत्काल उप संचालक पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की निष्पक्ष जांच नहीं शुरू की तो इसके विरुद्ध हितग्राहियों के साथ मिलकर एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम ने कहा कि उपसंचालक पुलिस के माध्यम से अपने भ्रष्ट कारनामों को जनता के सामने आने से रोकना चाहते हैं और इस कृत्य में सरकार उस भ्रष्ट अधिकारी का साथ दे रहीं हैं।

# एनएमडीसी पॉलिटेक्निक, जावंगा के 116 छात्रों के करियर को मिली एक ऊंची उड़ान

पायनियर संवाददाता ‹ बचेली
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी, बचेली के स्थानीय युवाओं को तकनिकी शिक्षा प्रदान करने हेतु दो शिक्षण संस्थाएँ संचालित कर रही है जिसमें से एक एनएमडीसी पॉलिटेक्निक, जावंगा भी है। हाल ही में विस्टरॉन, बैंगलोर व स्नाइडर इलेक्ट्रिक्स, हैदराबाद जैसी प्रसिद्ध कंपनियों द्वारा एनएमडीसी पॉलिटेक्निक, जावंगा कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें 123 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें न केवल दंतेवाड़ा पॉलिटेक्निक बल्कि राज्य के विभिन्न पॉलिटेक्निक्स के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। चयन की शुरुआती प्रक्रिया लिखित परीक्षा के रूप में ली गयी जिसमें सभी इक्षुक विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा जिसके परिणाम के आधार पर टॉपर छात्रों का मौखिक साक्षात्कार लिया गया। जिसके उपरांत चयनित छात्रों की सूची तैयार की गई। साक्षात्कार के कई पड़ाव को पार करते हुए 116 छात्रों ने इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी प्राप्त कर अपनी जगह सुनिश्चित की। एनएमडीसी, बचेली व एनएमडीसी पॉलिटेक्निक, जावंगा संस्थान स्थानीय युवाओं की प्रगति हेतु व योजगार उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयास कर रही है जिसके परिणामस्वरुप संस्थान में कई प्रसिद्ध कंपनी प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन कर योग्य छात्रों को रोजगार प्रदान करने में सहयोग दे रही है। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के प्राचार्य के उद्बोधन से हुई जिसमें उन्होंने



एनएमडीसी द्वारा संस्था को सफलतापूर्वक संचालन हेतु सुविधाओं, मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की तथा डीएवी के डीआरओ प्रशांत कुमार का भी आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत डीएवी के डीआरओ प्रशांत ने अपने वक्तव्य में एनएमडीसी द्वारा प्रदाय किए गए लैब उपकरण व अन्य शिक्षा सम्बंधित सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाकर विद्यार्थियों को अपने कैरियर को सही दिशा देने को कहा तथा डीएवी पॉलिटेक्निक के निरंतर प्रयासों से लाभान्वित छात्र-छात्राओं के शिक्षण उन्नति की सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि प्रबंधक (सीएसआर) एनएमडीसी, बचेली ने छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आज तकनिकी शिक्षा का महत्व हर क्षेत्र में है।

अतः छात्र-छात्राओं को बस्तर क्षेत्र से बहार निकलकर भी रोजगार के अवसर पाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में आगे कंपनी विस्टरॉन, बैंगलोर व स्नाइडर इलेक्ट्रिक्स, हैदराबाद से उपस्थित एचआर अभिजीत ने सभी उम्मीदवारों को कंपनी के प्रोफाइल तथा जॉब कल्चर के बारे में विस्तृत जानकारी दी तत्पश्चात सभी उम्मीदवारों का साक्षात्कार आयोजित कराया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य ने आए हुए एनएमडीसी एवं सभी अतिथियों को धन्यवाद प्रकट किया तथा सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं।

# दशहरा मैदान में आज 72 फीट ऊंचे रावण का दहन होगा

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

दशहरा उत्सव समिति द्वारा दशहरा मैदान में रावण दहन किया जाएगा। 72 फीट ऊंचे रावण बनाया गया है बाहर से कारीगरों ने बड़ी मेहनत कर बनाया है। लगातार बारिश होने के कारण दशहरा मैदान गीला है यदि मौसम आज साफ रहा तो गांव गांव से लोग दशहरा उत्सव देखने आएंगे। हिंदू पंचांग के अनुसार, आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को पूरे देश में दशहरा या विजयादशमी का त्योहार मनाया जाता है। इस साल दशहरा 5 अक्टूबर, बुधवार को है। दशहरे के पर्व को आयुधपूजा के नाम से भी जाना जाता है। दशहरा के पर्व को लेकर कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। जिसमें भगवान राम द्वारा रावण का वध और मां दुर्गा द्वारा राक्षस महिषासुर का अंत शामिल है। दशहरा का पर्व बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा सुबह से ही निरीक्षण कर सुव्यवस्थित यातायात एवं व्यापार करने के लिए दुकाने वितरित की गई है पुरानी बस्ती के कलाकारों द्वारा रामलीला का संवाद किया जाता है हर साल की तरह इस साल भी बड़े धूमधाम से दशहरा पर्व में राम मंडली द्वारा रामायण एवं रावण दहन लीला खेली जाती हैं। इस बार जोरदार आतिशबाजी रहेगी मुख्य आकर्षण उड़ीसा से आए कलाकार द्वारा रंग-बिरंगे पटाखे छोड़ जाएंगे रावण दहन के समय मुख्य रूप से रंग बिरंगीआतिशबाजी की जाएगी।


फाइल फोटो

**प्रशासन की कड़ी व्यवस्था :** सुबह से ही यातायात पुलिस द्वारा व्यवस्थित रूप से गाड़ियों का आवागमन किया गया है प्रशासन की तरफ से चप्पे-चप्पे पर पुलिस की व्यवस्था की गई है जिसे किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं होनी चाहिए।

**नगर में उत्साह :** सुबह से ही नगर में छोटे बच्चों से लेकर बड़े तक का उत्साह देखने को मिल रहा है।

**दशहरा का महत्व :** यूं तो दशहरा का दिन सबसे उत्तम माना गया है। लेकिन दशहरे के शाम का समय सबसे ज्यादा शुभ माना गया है और इस काल को विजय काल के नाम से जाना जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, विजय काल में किसी भी काम को करने से उसमें विजय हासिल होती है। इस दौरान खरीदारी करना व नए काम की शुरुआत करना अतिलाभकारी माना गया है। दशहरे के दिन नीलकंठ के दर्शन करना बेहद शुभ माना गया है।

## राज महल का शाही दशहरा आज जगह-जगह होगा स्वागत

**सरायपाली।** राजमहल इस वर्ष 5 अक्टूबर को दशहरा पर्व का आयोजन किया गया है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राजमहल से रात्रि 8 बजे विजय यात्रा, मंदिर दर्शन, नागरिकों से भेंट , वहीं रात्रि 10 बजे सभा पश्चात छत्तीसगढ़ी कलाकारों के रंगारंग कार्यक्रम, नाटक, कर्मा नाच ,सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ धूमधाम से दशहरा पर्व मनाया जाएगा। वहीं कुमार योगेंद्र बहादुर सिंह, राजा देवेन्द्र बहादुर सिंह कुमार नीलेंद्र बहादुर सिंह, कुमार आदित्येन्द्र बहादुर सिंह, कुमार वरुणेंद्र बहादुर सिंह, कुमार यशवेन्रे बहादुर सिंह के साथ शाही सवारी में निकलकर बैंड बाजा कीर्तन कर्मा विभिन्न ढोल पार्टियों आतिशबाजी यों के साथ हाथों में मशाल लिए अंचल के बड़ी संख्या में लोग इस विजय यात्रा में शामिल होंगे। इस विजय यात्रा के दौरान विभिन्न धार्मिक स्थलों का दर्शन करते हुए आमजनों से मुलाकात करेंगे। गौरतलब है कि कोरोना काल की वजह से दो वर्ष एवं उनके चाचा स्व. महेन्द्र बहादुर सिंह के निधन हो जाने पर पर्व को स्थगित किया गया था। परंतु इस वर्ष 5 अक्टूबर को दशहरा पर्व को लेकर तैयारियां पूर्ण हो चुकी है।




**बलौदाबाजार।** गांधी चौक एवं पुराना तहसील ऑफिस में मां दुर्गा प्रतिमा।

# सिटी कोतवाली बलौदाबाजार पुलिस को मिली बड़ी सफलता

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सिटी कोतवाली पुलिस ने चोरों को खिलाफ अभियान चलाकर चोरी गए माल सहित आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल एसडीओपी सुभाष दास के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी दिनेश कुमार साहू प्रभारी प्राचार्य शाउमावि पनगांव थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28.मई.22 को शाला स्टाफ द्वारा 11.30 बजे स्कूल बंद कर स्कूल में ताला लगाकर घर चले गये थे दूसरे दिन सुबह स्कूल पहुँचने पर सामने गेट का शटर टूटा हुआ था अंदर रूम के दरवाज़े टूटे हुए थे रूम में लगा एक एलईडी टीवी समसंग 40 इंच तथा दो नग प्रोजेक्टर एवं सीपीयू नहीं था जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना मुखबीर सूचना मिली कि रवि मनहरे पिता साधु राम मनहरे उम्र 27 साल साकिन रसेड़ा हाल मुक़ाम दशरमा रोड भैसापसरा का अपने कमाई से अधिक पैसा खर्च कर रहा है आचरण संदिग्ध है कि सूचना पर रवि मनहरे से को हिरासत में लेकर हिकमत अमली से पूछताछ किया गया तो बताया की पनगांव हाईस्कूल से 01 नग एलईडी टीव्ही 40 इंच, दो नग सफेद रंग का प्रोजेक्टर किमती 1,10,000 (एक लाख दस हज़ार रू ) को चोरी करना अपने मेमोरेण्डम कथन में बताया है आरोपी से 01 नग एलईडी टीव्ही 40 इंच, दो नग सफेद रंग का प्रोजेक्टर एवं घटना में प्रयुक्त लोहे का राड किमती 1,10,000 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। पूछताछ में यह भी बताया की चोरी करने में एक नाबालिग को भी साथ में लिया था जिसकी पतासाजी चल रही है आरोपी चोरी करने जिस मोटरसाइकिल से गया था उस मोटर साइकिल से पिछले सप्ताह चोरी करने गया था घर वाले रात में जाग जाने से मोटरसाइकिल छोड़कर भाग गया और थाना कोतवाली में घर से मोटरसाइकिल चोरी गई कहकर बचने के लिए फ़ज़ी रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश किया पुलिस की सूझबूझ से उसकी फ़र्ज़ी रिपोर्ट पर एफआइ आर दर्ज नही किए ,आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा सदर का घटना घटित किए पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार किया गया उपरोक्त कार्यवाही में सउनि मानिक राम बंजारे प्र आर. समीर शुक्ला, आरक्षक यशवंत यादव, प्रवीण यादव, बलराम निराला, विजेन्द्र निराला, पुरन पंकज का विशेष योगदन रहा।

# राहगीरों से मोबाइल छिनने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राहगीरों से भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में मोबाइल मोबाइल छिनने वाले 03 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल, एसडीओपी सुभाष दास के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल।नाम आरोपीगण- 01. समीर सोनवानी पिता प्रेमचंद सोनवानी उम्र 19 साल साकिन लटुवा थाना सिटी कोतवाली जिला बलौदाबाजार 02.दीपक सोनवानी पिता रमेश सोनवानी उम्र 29 साल साकिन पहंदा रोड वार्ड नं. 11 थाना सिटी कोतवाली जिला बलौदाबाजार 03.अरूण निषाद पिता राम कुमार निषाद उम्र 19 साल साकिन खैरी थाना सिटी कोतवाली जिला बलौदाबाजार।



मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी कैलाश केडिया पिता स्व. अबीर चंद केडिया थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 28.सित.2022 के शाम 06/45 बजे को प्रार्थी प्रतिदिन की तरह अपने स्कूटर को काली मंदिर के पास खड़ी कर पैदल कोकड़ी के पास छोटा मंदिर है वही तक पैदल जाकर वापस बलौदाबाजार की ओर मोबाइल का टार्च जलाते लौट रहा था लौटते समय सुरेश फटाखा दुकान के पास ही पहुंचा था कि पीछे तरफ से एक मोटर साइकिल में तीन सवार व्यक्ति आये और प्रार्थी के हाथ में रखे सैमसंग मोबाईल को आरोपीयों ने प्रार्थी के हाथ से झपट कर बलौदाबाजार की ओर भागे है जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना मुखबीर सूचना मिली कि आरोपी समीर सोनवानी थाना के रिकार्ड के मुताबिक़ पूर्व में भी राहगीरों से मोबाईल छिनने की घटना कर चुका है और कुछ लोगों का मोबाईल बेचने सौदा कर रहा है कि सूचना पर 01.समीर सोनवानी पिता प्रेमचंद सोनवानी उम्र 19 साल साकिन लटुवा थाना सिटी कोतवाली जिला बलौदाबाजार 02.दीपक सोनवानी पिता रमेश सोनवानी उम्र 29 साल साकिन पहंदा रोड वार्ड नं. 11 थाना सिटी कोतवाली जिला बलौदाबाजार 03.अरूण निषाद पिता राम कुमार निषाद उम्र 19 साल साकिन खैरी थाना सिटी कोतवाली जिला बलौदाबाजार को पकड़कर पुछताछ करने पर घटना करना कबुल करते हुये बताये कि उक्त मोबाईल को लुटने के बाद सोशल मीडिया में इसकी थाने में रिपोर्ट होने की जानकारी मिलने पर मोबाईल को खोरसी नाला के पास मोबाइल को पत्थर से कुचलकर पानी में फेंक दिये पुलिस द्वारा सर्च करने पर मौके से मोबाईल के रेपर जप्त किया गया।

# किसान समृद्धि महा सम्मेलन बसना और सिंघनपुर में किया गया




पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

किसानों के हितैषी विश्व की सुप्रसिद्ध कंपनी बायर क्राप साइंस द्वारा किसान समृद्धि महा सम्मेलन बसना और सिंघनपुर में किया गया जिसमें के दो सौ गाँव के लगभग दो हजार से भी ज्यादा किसानों ने भाग लिया. बायर कंपनी के विशेषज्ञ कामर्शियल एक्सिलेंस लिड पूर्णेंदू बैनर्जी, मार्केटिंग मैनेजर केतन पाटिल ने धान के गर्भावस्था में आने वाले प्रमुख समस्या में पेनिकल माइट्स के लिए ओबेरान व स्वस्थ फसल और ज्यादा पैदावार के लिए नेटिवो दवा का सही समय पर इस्तेमाल करने का सलाह दिए वहीं बायर कंपनी के मिटिंग का संचालन कर रहे बायर कंपनी के टेरिटरी मैनेजर साहिल अरोरा व सुपरवाइजर खीरसागर साहू ने तना छेदक व चबाने वाले किड़ों के लिए वायेगो दवा का सलाह दिये व दुर दराज से आए किसानों का आभार प्रकट किया।

# महाष्टमी के हवन आहूति, देवालय मंदिर व दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़





पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगर में विभिन्न देवी मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में महा अष्टमी एवं नवमी की विशेष पूजा अर्चना एवं हवन पूजन किया गया यहां महामाया मंदिर बस स्टैंड मावली माता एवं गांधी चौक में हवन एवं पूजन किया गया तथा शीतला मंदिर में नौ कन्याओं को भोजन कराया गया मंगलवार को जवारा भी विसर्जित किया गया वही गांधी चौक में नवमी हवन आहुति की गई तथा भंडारे के रूप में भरपेट प्रसाद का वितरण किया गया बड़ी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण करने आए वरिष्ठ सदस्य के मार्गदर्शन में गांधी चौक में भव्य झांकी का आयोजन किया गया।

# पूर्व पार्षद विकास सिंह ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



सरायपाली नगरपालिका के पूर्व पार्षद विकास सिंह द्वारा कल कांग्रेस के रीति नीति से दुखी होकर कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। वर्तमान में इनकी बहू मोनालिसा सिंह वार्ड क्रमांक 3 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीत कर पार्षद बनी थी व बाद वह भी कांग्रेस में शामिल हो गई थी। इस संबंध में पूर्व पार्षद विकास सिंह ने संक्षिप्त में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस की रीति नीति व उनके पदाधिकारियों की कार्यशैली जनविरोधी है। कार्यकर्ताओ का न कोउ सम्मान है और न ही कोई पूछ परख। इसी वजह से उन्होंने दुखी होकर कांग्रेस छोड़ने का निर्णय लिया। ज्ञातव्य है कि विगत चुनाव में विकास सिंह निर्दलीय पार्षद थे व वर्तमान में उनकी बहू मोनालिसा सिंह भी निर्दलीय प्रत्यासी के रूप में ही चुनाव में विजयी हुई थी। संभावना व्यक्त की जा रही है कि उनकी बहू के साथ साथ सिंह के समर्थक पार्षद भी कांग्रेस से इस्तीफा जल्द ही दे सकते हैं।

# लोक कला संस्कृति को बढ़ावा देने अल्ट्राटेक ने संगीत सामग्री बांटे

■ समुदाय के विभिन्न वर्गो की होगी भागीदारी

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




अल्ट्राटेक रावण सीमेंट संयंत्र कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी द्वारा संयंत्र के निकटवर्ती गांव के मंडल एवं लोक कला संस्कृति से जुड़े लोगों के लिए संगीत सामग्री का वितरण किया गया। संयंत्र प्रमुख राजेश शंकर एफ एच एच आर विनोद नांबियार के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ी लोक कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ी लोक कला संस्कृति को बचाना एवं लोगों तक इसे पहुंचाना है।


कार्यक्रम में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी एफ एच अकाउंट राजेश केडिया ने कार्यक्रम में आए ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए सभी को मिलकर लोक कला के क्षेत्र में काम करने एवं कार्यक्रम में सहभागिता के बारे में चर्चा की। सभी वरिष्ठ अधिकारियों के हाथों से ग्राम पंचायत सिरोही के जय महामाया रामायण समिति जीवन के नवयुवक दुर्गा समिति श्रीरामलीला मंडली सतनाम पार्टी सत्य के जो नेवारी के जय अंबाला सेवा समिति स्टार क्लब तिरंगा रामायण उत्सव तिल्दा बांधा के आदर्श रामायण समिति जय महामाया समिति एवं पेंड्री से पंथी पार्टी हेतु संगीत सामग्री पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से दिया गया जिससे उनके द्वारा ग्राम स्तर पर मंडली को दिया जाएगा एवं ग्राम स्तरीय कार्यक्रम कर इसका उपयोग किया जा सकेगा। पंचायत प्रतिनिधियों ने संयंत्र के सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया साथ ही आगे भी इसी प्रकार सहयोग की बात की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडमिन प्रमुख संजीव मिश्रा सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव डॉ प्रशीत तिवारी डॉ राम रोहित श्रीवास्तव ज्योत्सना पति उपस्थित थे।

## नीता साहू ने नशा मुक्ति संदेश देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया

# ग्राम पंचायत छरछेद में किया गया रंगोली प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता ➤ कसडोल
www.dailypioneer.com















कसडोल विकासखंड के ग्राम पंचायत छरछेद में मातृनवमीं के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया एवं विभिन्न प्रकार की रंगोलियां बनाई।इस प्रतियोगिता का आयोजन दुर्गोत्सव समिति छरछेद के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में नीता साहू ने नशा मुक्ति का संदेश देते हुए पहला स्थान प्राप्त किया,पल्लवी मानिकपुरी ने कूड़े के सुरक्षित निपटान हेतु खाद गड्ढे का निर्माण करने का संदेश देते हुए दूसरा स्थान, वर्षा कैवर्त्य ने वृक्षों को बचाने के संदेश के साथ तीसरा स्थान,पूजा मानिकपुरी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की रंगोली बनाकर चौथा स्थान तथा कल्पना कैवर्त्य ने जल संग्रहण एवं बचाव का संदेश देकर पांचवा स्थान प्राप्त किया। निर्णायकों में आजू राम कैवर्त्य, दरस कैवर्त्य, चंदराम साहू साहेब लाल साहू ,मनाराम साहू, लखन साहू, मोहित दास मानिकपुरी, मयाराम ध्रुव, लल्ला राम साहू, खोलबहरा साहू, मोतीलाल साहू, जगराम ध्रुव, भागीरथी कैवर्त्य, छेदी लाल कैवर्त्य तथा रामसागर कैवर्त्य, शामिल थे, जिन्होंने रंगोली की स्पष्टता एवं रंगोली में निहित संदेश के आधार पर प्रतिभागियों को अंक दिए। प्रतियोगिता का संचालन शत्रुहन दास मानिकपुरी एवं कुमार साहू ने किया।

# युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष पंकज बिसी निर्वाचित

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश में युवा कांग्रेस के चुनाव के नतीजे जैसे ही घोषणा हुई चारों तरफ युवा कांग्रेसजनों में भारी उत्साह देखने मिला विधानसभा से तीन युवा प्रत्याशीयो ने नामांकन भरा था जिसमे संजय चौधरी, रमीज रजा, पंकज बीसी मैदान में थे चुनाव के नतीजे के साथ पंकज बी सी ने पूर्व अध्यक्ष युवा कांग्रेस संजय चौधरी को लगभग 400 से अधिक वोटों से हरा कर सराईपाली विधानसभा अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

ज्ञात हो कि एक महीने चले युवा कांग्रेस के चुनाव में भारी गरमा गर्मी देखने को मिली चुनाव प्रचार के दौरान हर पंचायत तक पहुच युवा कांग्रेस प्रत्याशियों ने युवाओं को साधने की कोशिश की अर्जुन्दा सरपंच चित्रसेन बीसी के पुत्र पंकज बीसी के प्रचार का जिम्मा जिला महामंत्री जयंत चौधरी एव महासमुन्द लोकसभा कांग्रेस आईटी सेल अध्यक्ष जफर उल्ला, पिछड़ा वर्ग प्रदेश महामंत्री के नरेंद्र साहू, प्रफुल भोई, मनप्रीत सिंह रैना, धीरज नायक के कन्धों में था। बता दे कि नामांकन के दूसरे ही दिन युवा प्रत्याशी पंकज बीसी एक बड़े हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे इस लिए ये चुनाव बड़ी चुनौतियों से गुजरा जिला महामंत्री जयन्त चौधरी ओर महासमुन्द लोकसभा कांग्रेस आईटी सेल अध्यक्ष जफर उल्ला, नरेन्द्र साहू, प्रफुल भोई ने पूरी ताकत झोंक दी इनके मार्गदर्शन में युवाओ की एक टीम तैयार की गई जिसे ये स्वयं मानेटेरिंग कर रहे थे हर पंचायत तक पहुंच कर युवा हित की बात की युवाओं को भूपेश सरकार कि योजनाओं का प्रचार प्रसार किया।

# कई सालों से दस के सिक्के की अनदेखी व शिकायत करने पर भी राजस्व विभाग ने कार्यवाही नहीं की

## 10 का सिक्के भाटापारा क्षेत्र के अंतर्गत क्रय-विक्रय करने पर साफ इंकार

■ राजस्व मुद्रा को अमान्य घोषित करना आता है अपराध की श्रेणी में,व्यापारियों और ग्राहको द्वारा स्वीकार नहीं करने पर भारतीय राष्ट्रीय मुद्रा की हो रही अवमानना

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

साधनों के क्रय विक्रय के लिये शासन ने चिन्हांकित मुद्रा का निर्धारण किया है जिसके माध्यम से वस्तुओं के विक्रय मे शासन के चिन्हाकित मुद्रा का आदान प्रदान होता है और शासन की राजस्व मुद्रा नीति का क्रियान्वयन एक निर्धारित मापदण्ड के मुताबिक चलता है, परंतु विगत कुछ सालों से राजस्व मुद्रा के रुप मे संचालित 10 के सिक्के को भाटापारा क्षेत्र के अंतर्गत क्रय विक्रय के दौरान लेने से साफ इंकार किया जा रहा जबकि शासन द्वारा इन 10 के सिक्के को किसी भी प्रकार से बंद नही किया गया है इसी कारण यह 10 का सिक्का अन्य बडे बडे जिलों मे खासकर रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर सहित आदि स्थलों पर बिना किसी झिझक के 10 के सिक्कों को क्रय विक्रय के दौरान स्वीकार किया जाता है परंतु भाटापारा क्षेत्र मे इसे व्यापारियों द्वारा स्वीकार नहीं करने पर भारतीय राष्ट्रीय मुद्रा का अवमानना के अंतर्गत आता है परंतु विगत कई सालों से दस के सिक्के के अनदेखी करने व शिकायत करने पर भी राजस्व विभाग द्वारा किसी प्रकार की कडी कार्यवाही नही किये जाने के कारण उक्त विडंबना पर नियंत्रण नही लगाया जा सका है।



10 का सिक्का प्रचलन से बाहर किया जाना राष्ट्रीय मुद्रा का अपमान है। अगर कोई इस राजस्व मुद्रा को अमान्य घोषित करता है तो वह अपराध की श्रेणी मे आता है, शिकायत मिलने पर कानूनी कार्यवाही किया जायेगा।
**-नरेन्द्र बंजारा, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी भाटापारा**

### दुकानदार व ग्राहकों में विवाद की स्थित

गौरतलब है कि बिना शासन के घोषणा के 10 के सिक्के के राष्ट्रीय मुद्रा को अमान्य घोषित कर देना किसी राष्ट्र द्रोह से कम नही होता परंतु कुछ स्वार्थी तत्वों के कारण यहां अफवाह फैल गया है की यह 10 का सिक्क ा प्रचलन से बाहर हो गया है जिसके कारण अन्य जिले से आये लोग 10 सिक्का यहा के दुकानदार को क्रय विक्रय के दौरान सौपते है जिसे लेने से साफ इनकार कर दिया जाता है और विवाद की स्थित भी पैदा हो जाती है।

### 10 व 20 के नोट खस्ताहाल स्थिति में

गौरतलब है कि नये प्रचलन मे आये 10 व बीस के नोट बहुत जल्दी गंदा होकर फटने के कारण खस्ताहाल स्थिति मे चल रहे है ऐसे मे सामने दीपावली जैसे त्यौहारी माहौल मे 10 का सिक्का स्वीकार नही किया जाता है तो फुटकर खरीदी बिक्री के लेनदेन मे चिल्हर को लेकर भारी दिक्क तों का सामना करना तो पडेगा ही साथ ही राजस्व विभाग द्वारा 10 के सिक्के को पारदर्शी चलित मुद्रा के रुप मे सबित करना भी जरूरी है व उक्त मुद्रा को लेकर अफवाह फैलाने वालों पर कडी कारवाई कर इस मुद्रा को चलन में लाना स्थानीय प्रशासन की सबसे बडी चुनौती बनती है।

# हथनीपारा स्थित रावणभाटा मैदान में होगा रावण दहन



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

बुराई के प्रतीक का अंत कहे जाने वाला दशहरा त्यौहार हथनीपारा स्थित रावण भाटा मैदान मे मनाया जायेगा। जिसके सम्बंध मे नगर पालिका उपाध्यक्ष त्रिलोक सलूजा से जानकारी लेने पर बताया गया कि इस बार रावण पुतला दहन 45 फीट का रहेगा व आतिशबाजी से भरा हुआ रहेगा, साथ ही पिछले सत्र मे करोनाकाल गाईड लाईन के प्रभाव के चलते नहीं लगने वाले दुकानों को इस बार मैदान के अन्दर प्रवेश दिया गया है। गौरतलब है कि पिछले 2021 के दशहरा में बीस हजार से अधिक की संख्या मे उपस्थित जनता को यातायात से सम्बंधित अव्यवस्था के चलते भारी दिक्कतों का सामना करना पडा था जिसके कारण हजारों की भीड रावण दहन के बाद प्रवेश दवार से निकलते वक्त एक जगह कई मिनटों के लिये भीड डहर जाने से भगदड सी स्थिति निर्मित हो गई थी जिसके कारण इस बार के दशहरा त्यौहार में पिछले साल के तुलना में अधिक भीड़ आने की संभावना के चलते यातायात व्यवस्था को चाक चौबंद बनाकर रखना नगर पालिका प्रशासन के लिये चुनौती भरा होगा।

# नवरात्रि पर्व पर केशरवानी महिला समाज की महिलाओं ने गरबा नृत्य किया

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



केसरवानी महिला समिति सिवरीनारायण के द्वारा नवरात्रि पर्व पर गरबा नृत्य का आयोजन सत्संग भवन चौपाटी मैं किया गया था। कार्यक्रम का आरम्भ माता रानी की पूजा अर्चना से की गई। पूजा अर्चना के पश्चात मुख्य अतिथियों का सम्मान किया गया मुख्य अतिथि के रूप में केशरवानी महिला समिति शिवरीनारायण की पूर्व अध्यक्ष माया केशरवानी, और विशिष्ट अतिथि माधुरी केसरवानी एवं मनीषा केशरवानी उपस्थित थी माधुरी और मनीषा दोनों बहनों ने समाज की सभी महिलाओं एवं युतियों को अपने हुनर से गरबा नृत्य सिखाएं इसलिए इनका सम्मान स्मृति चिन्ह और माता रानी का दुपट्टा भेंट कर की गई । सम्मान के पश्चात समाज के महिला एवं युतियों ने गरबा नृत्य आरंभ किया इस अवसर पर केशरवानी समाज के सदस्य भारी संख्या में उपस्थित थे इस कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका अर्पणा केसरवानी अध्यक्ष, सचिव संगीता केसरवानी प्रदेश प्रचार प्रसार सचिव नमिता केशरवानी कोषाध्यक्ष कविता केशरवानी ललिता केसरवानी एवं भुनेश्वरी केशरवानी मंजू केशरवानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कार्यक्रम का अंत प्रसाद वितरण कर किया गया ।

# नवरात्रि सेवा के बाद माता की श्रद्धालुओं ने नम आंखों से किया विसर्जन

## महाप्रसादी एवं भंडारा भोज का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ डौंडी
www.dailypioneer.com



हिन्दू धर्म की आस्था का प्रतीक प्रत्येक वर्ष आने वाली क्वार नवरात्रि पर्व को डौंडी नगर के वार्ड क्रमांक दस के रहवासियों द्वारा पिछले 17 वर्षों से हर बार मां दुर्गे की आकर्षक मूर्ति भव्य स्थापना करते आ रहे है। जहां समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे नौ दिन नवरात्र पर्व पर निर्धारित स्थल पर प्रतिमा स्थापित कर ज्योत जवारा अखंड ज्योति, रामायण पाठ कार्यक्रम व सुबह शाम माता की सहहृदय आरती किया गया। वही अष्टमी दिवस नवकन्या भोज पर प्रशादी तथा अंतिम नवमीं दिन महाप्रशादी एवं शाम समय भंडारा भोज का आयोजन किया गया। वही मां दुर्गे की प्रतिमा को विषर्जन करने नगर भ्रमण तहत नगर में हर जगह जगह मा के भक्त महिलाओं ने महाआरती कर मा जगदम्बे को विषर्जन हेतु विदा किया गया।

वही समस्त आयोजक समिति डौंडी द्वारा मां दुर्गे की स्थापना मूर्ति को नगर के राजा तालाब में विधिवत पूजा पूजा अर्चना कर ससम्मान विषर्जित किया गया। ज्ञात हो कि नगर के वार्ड क्रमांक दस के रहवासी पिछले 47 वर्षो से गणेश चतुर्थी तिथि पर उनका अलग अलग भव्य प्रतिमा स्थापित करते आ रहे है, व इन्ही दिनों विभिन्न भक्तिमय कार्यक्रम भी आयोजित करते रहते है। जिसमे श्रद्धालुवों की भीड़ देखते ही बनती है।

# नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों का माँ की आराधना करते हुए वीडियो सामने आया

पायनियर संवाददाता ◄ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



नवरात्र का पावन पर्व चल रहा है। ऐसे में हर कोई मा की भक्ति में लीन है। ऐसे में मनेन्द्रगढ़ के नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों का माँ की आराधना करते हुए वीडियो सामने आया है जिसे देखकर लोग यह कह रहे है की जरूरी नही ईश्वर की आराधना के लिए आंखे हो। मन की आंखों और अंतरात्मा से भी माँ की स्तुति और आराधना की जा सकती है। सभी जानते हैं कि नवरात्र में नौ दिनों तक मा दुर्गा की आराधना होती है। पंडालो में दुर्गा पूजा आयोजित की जाती है। पंडालो में भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में ये नेत्रहीन भीड़ भाड़ वाली जगहों पर नही जा पाते इसलिए अपने विद्यालय में ही यह मा दुर्गा की आराधना 9 दिनों तक संगीत के माध्यम से करते है। यह बच्चे हर त्योहार बड़े चाव से मनाते है। जन्माष्टमी में ये नेत्रहीन बच्चे कृष्ण भक्ति में लीन होते है तो नवरात्र में इनकी माता भक्ति देखी जा सकती है। नेत्रहीनों की माँ के प्रति भक्ति भावना देखकर विधायक गुलाब कमरो और नगरपालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल भी इन बच्चों के बीच महानवमी के दिन पहुंचे और उनके साथ बैठकर भजन कीर्तन किया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सभी को इनकी भक्ति भाव से धर्म और कर्म के मार्ग पर चलने की सीख लेनी चाहिए।

# गरबा उत्सव का आयोजन श्रीराम मंदिर प्रांगण में किया गया, महिलाओं और बच्चियों ने भाग लिया




पायनियर संवाददाता ◄ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com

जय मां अंबे ग्रुप द्वारा नवरात्रि के अवसर पर गरबा उत्सव का आयोजन श्रीराम मंदिर प्रांगण में किया गया।गरबा उत्सव कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल व इंद्रा सेंगर उपस्थित थे। आयोजन में निर्णायक के रूप में भारती चावड़ा व पूनम वर्मा ने महती भूमिका का निर्वहन किया । महोत्सव के दौरान अलग-अलग विधाओं में प्रतिभागियों को अनेकों पुरस्कार दिए गये। प्रदर्शन के आधार पर समूह में प्रथम पुरस्कार एंजल ग्रुप को मिला इसी कड़ी में पुरस्कार गुनगुन ग्रुप व तृतीय पुरस्कार तिवारी ग्रुप को प्राप्त हुआ। एकल में भी प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें सम्मानित किया गया वउन्हें अनेक पुरस्कार दिए गए इस अवसर पर अनीता फरमानिया, ज्योति मजूमदार, डॉक्टर मैडम करण भी उपस्थित थी। महोत्सव को सफल बनाने में कार्यक्रम आयोजक बबीता अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, सुमन अग्रवाल समेत सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# नम आंखों से दिए मां नौ दुर्गा को विदाई ज्योत जंवारा का हुआ विसर्जन

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

क्षेत्र मे हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शारदीय क्वार नवरात्र पर्व की धूम रही। इस अवसर पर अंचल के सभी देवी मंदिरों सहित गांव-गांव में भी दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित कर मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित की गई थी। वहीं घरों में भी ज्योत जँवारा का कार्यक्रम रखा गया था। जिसके कारण क्षेत्र के सभी दुर्गा स्थलों मे पुरे नौ दिनों तक श्रद्वालु की काफी भीड़ देखी गई और पूरे क्षेत्रवासी भक्ति की शक्ति मे लीन नजर आए। नौंवे दिन नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी गई। इसी कड़ी में समीपस्थ ग्राम मढ़ी के ठाकुरदेव चौक मे ठाकुरदेव दुर्गोत्सव समिति द्वारा माँ दुर्गा की अलग-अलग नौ रूपो की स्थापना की गई थी। जिनका हवन-पूजन के बाद धूमधाम से बाजे-गाजे के साथ विसर्जन किया गया। घरों में बोंए गए ज्योत जँवारा का विसर्जन हुआ। अष्टमी



फुलवारी हवन के बाद अंतिम दिन दुर्गा हवन का कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात कन्या भोजन कराया गया। जस सेवा गीत गाते माँ नवदुर्गा की विसर्जन यात्रा निकाली गई तो दर्शन करने ग्राम सहित दूर-दूर से भी हजारों से भी ज्यादा की संख्या मे लोग शामिल हुए। मांदर की धुन मे थिरकते भक्त और देवी-देवता का रूप लिए भक्त झूमते नाचते नजर आए। जब माता जी को गली भ्रमण कराया गया तो कई लोग देवी-देवता का रूप धर झूपने लगे। इस तरह नवरात्र पर्व के अवसर पर पूरें नौ दिनों तक अंचल के सभी गांवों मे विविध कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

# बाल किशोर उत्थान संस्था कार्यालय का हुआ उदघाटन

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

महात्मा गांधी जयंती के सु अवसर पर बाल किशोर उत्थान समिति खैरट कला पंजीयन क्रमांक 22244 नव निर्मित कार्यालय भवन का उद्घाटन मुख्य अतिथि रमेश शर्मा जी राष्ट्रीय सचिव एकता परिषद के कर कमलों द्वारा फीता काट कर किया गया। बाल किशोर उत्थान समिति अपने आप में एक अनुठा रचनात्मक कार्य है जिसकी शुरुआत छ ग के पारंपरिक त्योहार छेरछेरा से शुरुआत की गई थी। जिसे बच्चों ने अल्प बचत करने की दृष्टि से किया गया था। आज अपने स्वयं का एक बड़ा कार्यालय निर्माण कर डाली। 23/ जनवरी 2002 में एक मिट्टी की गुल्लक से शुरू किया था।

2010 में एकता परिषद के संस्थापक राजगोपाल पी व्ही जी की आगमन खैरट कला में हुआ, उन्होंने इस कार्य को देखकर काफी प्रशंसा करते हुए उत्साहित हुए, और इस कार्य को अधिक गांव में फैलाने के लिए सलाह दी। साथ ही बाल मित्रों का भी




चयन कर इस कार्य को आगे ले जाने के लिए प्रेरित किया। मई 2015 में मायाकोयने अवार्ड से सम्मानित किया गया। बाल किशोर उत्थान समिति के अध्यक्ष चुनु राम ठाकुर, एकता परिषद के कार्यकर्ता हनुमंत नाग, धन लक्ष्मी महिला मंडल ने इस कार्य को आगे बढ़ाने में तन मन धन से सहयोग करते हुए अंजाम दिया। कार्यक्रम में सीता राम सोनवानी जी प्रयोग आश्रम तिल्दा नेवरा, वरिष्ठ समाजिक कार्यकर्ता हलधर प्रसाद मिश्रा, श्रीराम जीवन बीमा, दीपक साहू, दुलावन सोनवानी, इंसाफबैंक कैशियर, देवंतीन ठाकुर वेद साक्षी संस्था, जनपद सदस्य माधोराम मांझी जनपद बागबाहरा, सुरेश कुमार पटेल खैरट कला सरपंच, उप सरपंच छत्तर सिंह ठाकुर, बाल मित्र गोपाल राम साहू, पुरन लाल सोनवानी, हेमन्त कुमार सोनवानी, राधेश्याम दीवान, काजल साहू, विजय लक्ष्मी साहू , सुमन साहू, ऋचा साहू, धनेश्वरी ठाकुर, भारती साहू, कम्प्यूटर आपरेटर भक्तूराम ठाकुर चन्द्र शेखर पटेल, शोभाराम ठाकुर, नेतराम सागर, के साथ साथ 84 अनेक गांवों से ग्रामीण मुखियाओं तथा पालकों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम समपंन हुआ।

## आदिवासी आरक्षण की कटौती के लिये भाजपा दोषी- कांग्रेस

# रमन सरकार ने आरक्षण मामले में जानबूझ कर बरता था लापरवाही : मोहन मरकाम

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कोण्डागांव में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि पूर्ववर्ती रमन सरकार के लापरवाही के कारण हाईकोर्ट में आरक्षण रद्द हुआ। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के 58 प्रतिशत आरक्षण को बिलासपुर उच्च न्यायालय द्वारा रद्द किये जाने का फैसला आया। भाजपा की लापरवाही के कारण आरक्षण के खिलाफफैसला आया। रमन सरकार ने अपने दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन नहीं किया था। कांग्रेस सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफसुप्रीम कोर्ट में अपील दायर किया है। हम आदिवासी समाज की लड़ाई लड़ेंगे। उनकी सरकार की लापरवाही, अकर्मण्यता और गैर जिम्मेदाराना रवैये का नतीजा यह फैसला है। रमन सरकार



ने 2011 में आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 58 प्रतिशत करने का निर्णय लिया था। 2012 में हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी थी। सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न निर्णयों जिसमें इंदिरा साहनी का फैसला प्रमुख के अनुसार कोई भी राज्य सरकार यदि 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण करती है तो अत्यंत विशेष परिस्थितियों, विचार एवं तथ्यों के साथ कोर्ट के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करना होगा। इसका भी ख्याल नहीं किया गया। छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को बढ़ाने के तमाम तर्कसंगत कारण और विशेष परिस्थितियां है लेकिन भारतीय जनता पार्टी और रमन सरकार की नीयत में खोट थी। उन्होंने अदालत में राज्य की 95 प्रतिशत आबादी के हक में तर्क नहीं दिया और जनता को उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। जब आरक्षण को बढ़ाने का निर्णय हुआ उसी समय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार राज्य सरकार को अदालत के सामने आरक्षण को 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने की विशेष परिस्थितियों और कारण को बताना था। तत्कालीन रमन सरकार अपने इस दायित्व का सही ढंग से निर्वहन नहीं कर पायी। 2012 में बिलासपुर उच्च न्यायालय में 58 प्रतिशत आरक्षण के खिलाफयाचिका दायर हुई तब भी रमन सरकार ने सही ढंग से उन विशेष कारणों को प्रस्तुत नहीं किया जिसके कारण राज्य में आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 58 प्रतिशत किया गया। रमन सरकार ने आरक्षण में संशोधन के पहले सुप्रीम कोर्ट के पूर्ववर्ती फैसले को ध्यान में नहीं रखा। बाद में दोबारा संशोधित जवाब पेश करते हुए कुछ डेटा प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया, लेकिन वो भी प्रर्याप्त नहीं थे। आरक्षण को बढ़ाने के लिये तत्कालीन सरकार ने तत्कालीन गृहमंत्री ननकी राम कंवर की अध्यक्षता में 2010 में मंत्रिमंडलीय समिति का भी गठन किया था। रमन सरकार ने उसकी अनुशंसा को भी अदालत के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया जिसका परिणाम है कि अदालत ने 58 प्रतिशत आरक्षण के फैसले को रद्द कर दिया। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद अंतिम बहस में तर्क प्रस्तुत किया गया मंत्रिमंडलीय समिति के बारे में जानकारी दी गयी लेकिन पुराने हलफनामे उल्लेख नहीं होने के कारण अदालत ने स्वीकार नहीं किया। इस प्रकरण में जब राज्य सरकार की अंतिम बहस हुई तो खुद महाधिवक्ता मौजूद रहे थे।


**न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202209140400011/अ-6/2021-22

**// उदघोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद जावेद पिता गुलाम भाई जाति मुसलमान निवासी म.न. 201 शीतलापारा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा मोहल्ला माहुरबंदपारा कांकेर में स्थित भूखण्ड क्रमांक 68 भूमि शीट नं 11 सी, प्लाट नं 2/29 प्लाट नं. 03 शामिल नं. में से क्षेत्रफल 197.51 व.मी. या 2125.16 वर्गफुट खाली जगह भू-भाटक 552.00 रू. श्रीमती त्रिपुरेश्वरी देवी पति स्व. उदय प्रताप देव, कु. अनुराधा देवी, आदित्य प्रताप देव, राजेश्वरी देवी पति सुर्य प्रतापदेव, ना.बा. सुर्याक्षी देवी ना.बा. सुर्यादित्य प्रताप देव पिता स्व. सूर्यप्रताप देव, अश्विनी प्रताप देव पिता उदय प्रतापदेव नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि की कीमती 15,40,741.00 रू. (पन्द्रह लाख चालीस हजार सात सौ इकचालीस रू.) में क्रय कर दिनांक 08.08.2022 को उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये विक्रेता का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किये जाने छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् ओवदन पेश किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 27/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**उत्तर बस्तर कांकेर**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

क्रमांक/1681/रीडर-1/2022 जशपुर, दिनांक -30/09/2022

एतद् द्वारा समस्त आम जनता **ग्राम-जशपुर, प.ह.नं. 07** तहसील, जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि **आवेदिका रामप्यारी भगत, पति दीपक कुमार भगत,** निवासी ग्राम पुत्रीधौरा लोदाम, तहसील जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारणी में उल्लेखित ग्राम-जशपुर स्थित आवेदित भूमि को **आवासीय प्रयोजन** के लिए व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदित भूमि की सारिणी ग्राम-जशपुर, प.ह.न. 07, आवेदित भूमि का ख.न. 455/14, जिसका रकबा 0.038हे., में से/वर्ग.मी. --- हे., प्रयोजनार्थ आवासीय।

उपरोक्त मामले की सुनवाई दिनांकः- 17/10/2022 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर के न्यायालय में न्यायालयीन **समय सुबह 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे** तक में होना नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांकः- 30/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**जशपुर (छत्तीसगढ़)**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं RAJESHWARI GUPTA W/o VINAY GUPTA शपथ करती हूं कि मेरा नाम RAJESHWERI GUPTA को त्यागकर RAJESHWARI GUPTA रख रही हूं। अतः आज से मुझे मेरे वास्तविक नाम RAJESHWARI GUPTA के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**RAJESHWARI GUPTA**
**W/o VINAY GUPTA**
**DASHHARA MAIDAN**
**(GOURAV PATH)**
**BALODA BAZAR (C.G.)**

संपादकीय

## बड़बोले केजरीवाल चुनाव पूर्वानुमान

**अरविंद** केजरीवाल ने कहा कि 'इंटेलीजेंस ब्यूरो रिपोर्ट' में उनके गुजरात विधानसभा चुनाव में विजय का पूर्वानुमान लगाया गया है। यदि कोई पार्टी लगातार 'विस्फोटक' दावे करती रहे तो कुछ समय बाद लोग उसके बयानों से आहत अनुभव करते हैं। ऐसा खासकर तब होता है जब दावे विरले ही वास्तविक यथार्थ से मेल खाते हों। इसलिए यदि केजरीवाल ने अनुमान लगाया होगा कि 'इंटेलीजेंस ब्यूरो रिपोर्ट' के आधार दिए उनके बयान से यमुना में आग लग जाएगी तो उनको नकारात्मक परिणाम आने से निराशा नहीं होनी चाहिए। केजरीवाल ने दावा किया कि इस रिपोर्ट में आज चुनाव होने पर उनकी पार्टी का गुजरात विधानसभा चुनाव में विजय का पूर्वानुमान लगाया गया है। शायद वे यह मामूली बात नहीं बताना चाहते हैं कि उनको रिपोर्ट के बारे में पता कैसे चला। आखिरकार आईबी एक खुफिया एजेंसी है, कोई मंत्रालय या विभाग नहीं जो अपने दस्तावेज वेबसाइट पर डालते हैं। अत्यन्त चिन्ताजनक बात है कि केजरीवाल ने राजनीतिक लाभ पाने के लिए आईबी की कथित रिपोर्ट का हवाला दिया। यदि किसी मुख्यमंत्री ने वास्तव में देखा हो तो भी उसके द्वारा खुफिया रिपोर्ट का हवाला देना किसी प्रकार उचित नहीं कहा जा सकता है। कुछ सप्ताह पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा कथित 'आपरेशन लोटस' की निन्दा करते हुए उन्होंने दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ केन्द्र की हालिया कार्रवाई से गुजरात में आप का वोटों में हिस्सा 4 प्रतिशत बढ़ने का दावा किया था। उन्होंने यह भी कहा था कि यदि सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया जाता है तो यह वृद्धि 6 प्रतिशत होगी। कोई नहीं जानता कि केजरीवाल को ये आंकड़े कहां से मिलते हैं, कोई चुनाव सर्वेक्षण होता है या उनकी पार्टी सर्वे करती है, लेकिन वे इसके बारे में कुछ नहीं कहते। मीडिया भी पूरी आज्ञाकारिता के साथ उनके बयानों की खबरें दे देती है।

भले ही ऐसे बड़बोले कथनों से केजरीवाल की गरिमा न बढ़ती हो, पर ये उनके तथा उनकी पार्टी के लिए काफी लाभदायक हैं। दिल्ली की सत्ता में आने के पहले उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी के राजनीतिक क्षेत्र को कांग्रेस नेताओं तथा कुछ बड़े उद्योगपतियों के खिलाफ आरोपों से भर दिया था क्योंकि उस समय कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार थी। उनका मनपसंद निशाना दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री शीला दीक्षित थीं जिनका 2019 में निधन हो गया था। उन्होंने चुने जाने पर सभी भ्रष्ट लोगों को जेल के सीखचों के पीछे भेजने का वादा किया था। वे चुने गए, लेकिन उन्होंने उन लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जिनको वे भ्रष्ट कहते थे। यदि एक स्वतंत्र नागरिक सुब्रमण्यम स्वामी शक्तिशाली लोगों के खिलाफ अभियोजन चला कर उनको जेल तक भेज सकते हैं तो केजरीवाल ऐसा क्यों नहीं कर सकते हैं? दुर्भाग्य से केजरीवाल ऐसे नेताओं में अकेले नहीं हैं जो नापसंद लोगों के खिलाफ भयानक आरोप लगाते हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेता भी राबर्ट वाड्रा के खिलाफ अनेक बाते करते रहते हैं, लेकिन यदि उन्होंने कुछ गलत किया हो तो उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अतीत में लालू प्रसाद यादव के खिलाफ बहुत कुछ कहा था, लेकिन आज वे सहयोगी बन गए हैं। इसका प्रमुख कारण राजनेताओं का यह विश्वास है कि उनको उनके बयानों के लिए जवाबदेह नहीं ठहराया जाएगा। इसलिए वे अपना राजनीतिक उद्देश्य पूरा करने के लिए अपनी इच्छानुसार कुछ भी बोलते रहते हैं। लेकिन उनको समझ लेना चाहिए कि धीरे-धीरे उनके बड़बोले बयानों का असर कम होने लगता है।

# साबरमती और यमुना की कथा

### साबरमती नदी की कथा अब भी प्रगति कर रही है और उसकी तुलना केवल सिंगापुर से की जा सकती है, जबकि दिल्ली में यमुना मृतप्राय है।



**सुमित भसीन**
(लेखक, लोक नीति शोध केंद्र के निदेशक हैं)



**वर्ष** 2005 तक धोबी अहमदाबाद में साबरमती नदी के तट पर इस बड़े शहर के कपड़े धोते और सुखाते रहते थे तथा इसके जलग्रहण क्षेत्र में अनेक मलिन बस्तियां थीं। इस कारण गुजरात की राजधानी में आने वाले पर्यटकों को कचरे की सड़ांध का सामना करना पड़ता था। साबरमती नदी के किनारे से गुजरते समय लोग रूमाल से अपनी नाक बंद कर लेते थे। शहर में यह नदी उसी तरह मृत थी जैसे आज राष्ट्रीय राजधानी में यमुना नदी मृत है। अहमदाबाद में लोगों को लंबे समय तक ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता था क्योंकि सड़कें भीड़ से भरी थीं। इसका कारण नदी के जलग्रहण क्षेत्र तथा उससे जुड़ी सार्वजनिक जमीन पर व्यापक अवैध कब्जा था। यह पूरा परिदृश्य अत्यन्त निराशा पैदा करता था। लेकिन उस समय नरेन्द्र मोदी ने साबरमती रिवरफ्रंट विकसित करने की योजना बना ली थी। इस परियोजना पर कुछ 1,200 करोड़ रुपये खर्च होने थे। यह परियोजना शहर स्तर का हस्तक्षेप था जिसकी अवधारणा व क्रियान्वयन अनेक लाभ देने वाली परियोजना के रूप में बनाए गए थे।

इसमें उस समय तक अनदेखी का शिकार रही साबरमती नदी को एक जीवन्त शहरी 'स्पेस' में बदलना था जिससे शहर में ऐतिहासिक परिवर्तनों के द्वार खुलते थे। इसमें मुख्य केन्द्र इस बात पर था कि नदी को वापस अहमदाबाद के नागरिकों को वापस किया जाए और इस प्रक्रिया में शहर को बड़ा लाभ सुनिश्चित किया जाए ताकि शहर की ढांचागत संरचना व जीवन की गुणवत्ता में व्यापक सुधार हो। इसका उद्देश्य नदी को पुनर्जीवित करना था जो वास्तव में सीवेज प्रवाह तथा कचरा निस्तारण का माध्यम बन गई थी। परियोजना ने सुनिश्चित किया कि यह वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर हो, पर्यावरण में सुधार करे तथा सांस्कृतिक व सामाजिक टिकाऊपन से मौसमी नदी की स्थिति बेहतर हो। अब गुजरात थोड़े ही समय की नोटिस पर 36वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन कर रहा है जिसमें साबरमती रिवरफ्रंट पर स्थित पाल्दी स्पोर्टस काम्प्लेक्स की प्रमुख भूमिका है। यह बड़े खेलों के आयोजन का प्रमुख स्थल है। इतने व्यापक स्तर पर परिवर्तन की तुलना केवल सिंगापुर से की जा सकती है। पूर्वी एशियाई शहर-राज्य बड़ा पर्यटक केन्द्र है। नगर नियोजकों ने सिंगापुर को इस तरह तैयार किया है कि इसमें हमेशा कुछ न कुछ नया दिखता है। यह अनोखे व खोजी ढंग से कुछ ऐसा प्रस्तुतीकरण करता है जिससे पर्यटकों को यहां बार-बार आने की इच्छा होती है। इससे कई दशकों से सिंगापुर माडल बना हुआ है। शहर प्रशासक यहां एक एम्यूज़मेंट पार्क व अन्य आकर्षण विकसित करने जा रहे हैं। साबरमती रिवरफ्रंट भी इसी पैटर्न पर विकसित हो रहा है। पर्यटकों को यहां जीवन्त शहर की तरह हमेशा कुछ न कुछ नया दिखता है। यह हरियाली भरे क्षेत्र तथा साबरमती नदी के किनारे 14.30 हेक्टर क्षेत्र में मियावाकी प्लांटेशन से स्पष्ट है। यहां कुछ 12.45 हेक्टर क्षेत्र में चार सार्वजनिक पार्कों में 23,000 पेड़ लगाए गए हैं। इसके साथ ही आठ हेक्टर क्षेत्र में जैव-विविधता पार्क विकसित किया गया है।

पिछले महीने 100 से अधिक मेयरों व उप नगरप्रमुखों ने साबरमती रिवरफ्रंट का दौरा किया और वे इस स्थान के विकास से आश्चर्यचकित रह गए। शहरी प्रशासक देश की प्रगति का अगला इंजन होंगे जिसमें मेयर निगमों का नेतृत्व कर ऐसे खोजी समाधान निकालेंगे जिनसे देश के शहरों के समक्ष उपस्थित चुनौतियों से निपटा जा सके। स्थानीय निकायों के प्रमुखों को अटल ब्रिज से गुजरते हुए बहुत प्रसन्नता हुई जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस साल 27 अगस्त को किया था। अब यह पुल एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण बन गया है और लोग इस दर्शनीय स्थल पर आधा घंटा समय बिताने के लिए लाइन में लग कर टिकट लेते हैं। इससे न केवल अहमदाबाद व गुजरात में पर्यटन संभावनाओं का विकास हुआ है, बल्कि यह स्थानीय नगर निगमों का खजाना भरने का भी काम कर रहा है। इससे विकास कार्य होंगे जिससे साबरमती रिवरफ्रंट का आकर्षण और बढ़ेगा। यह कथा का अंत न होकर उसका आरम्भ है। साबरमती रिवरफ्रंट विकास के अगले चरणों से अहमदाबाद की जनता के जीवन में नए पंख लगेंगे।

'रिवरफ्रंट फेज़ 2' के मास्टरप्लान से विकास और प्रकृति में सामंजस्य बनाने के प्रयास किए जाएंगे। इसमें उच्च, मध्यम व कम घनत्व वाले क्षेत्रों के मिश्रण से सावधानीपूर्वक हरित व खुले क्षेत्रों के बीच संतुलन बनाया जाएगा। इसके साथ ही मास्टरप्लान में सक्षम व समन्वित आवागमन नेटवर्क को बढ़ावा दिया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि समग्र विकास को संवेदनशील, टिकाऊ तथा शहरवासियों की बेहतरी व बेहतर सोच को प्रोत्साहन देने वाला होना चाहिए। अगले पांच साल में जब लोग अहमदाबाद व साबरमती रिवरफ्रंट जाएंगे तो वे देखेंगे कि वहां एक नया सिंगापुर उभर रहा है जो लोगों की समान या अधिक ऊर्जा के साथ सामने आ रहा है। इससे शहर व गुजरात की अर्थव्यवस्था नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगी, जबकि जीवन व प्रकृति में पूर्ण सामंजस्य होगा तथा विकास पूरी तरह टिकाऊ होगा। यह शहरी पुनर्जीवन व विकास का एक उदाहरण बनेगा जिसका अनुसरण देश में अन्य स्थानों पर भी किया जा सकेगा।

भारत में शहर युगों से नदियों के किनारे विकसित हुए हैं। अतः नदी के किनारों का विकास शहरों के पुनर्जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। इस बारे में कोई दो राय नहीं हो सकती है। इससे पता चलता है कि दिल्ली क्यों पीछे हट रहा है और शहर क्यों मर रहा है। यहां के लोग निराश क्यों हैं। दिल्ली की जनसंख्या राष्ट्रीय राजधानी में रहने पर गर्व का अनुभव करने के बजाय स्वयं को माचिस के डिब्बों जैसी संरचनाओं में बंद पाती है जहां सांस लेने और टहलने के लिए उसे संघर्ष करना पड़ता है। दिल्ली में लोग न ठीक से सांस ले पाते हैं और न टहल पाते हैं। उनको हर साल स्वास्थ्य पर ज्यादा से ज्यादा खर्च करना पड़ता है। यमुना दिल्ली को जीवन देती है, पर वह स्वयं एक नाले में बदल गई है। राष्ट्रीय राजधानी के नेताओं ने जनता को यमुना नदी के पुनर्जीवन के बारे में मूर्ख बनाया है, जबकि असलियत में उन्होंने पैसा लूट कर केवल अपनी जेबें भरी हैं। अब लोग इसे अपनी किस्मत मान चुके हैं कि उनके जीवन में बेहतरी की कोई संभावना नहीं है। पहले शीला दीक्षित 2003 से 2015 तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं और उन्होंने यमुना स्वच्छ करने के बारे में झूठे वादे किए। उनके बाद अरविंद केजरीवाल ने लोगों को इतनी अधिक आशंकाओं से भर दिया कि अब किसी को शाम को यमुना नदी के किनारे उस तरह से टहलने की उम्मीद नहीं बची है जिस प्रकार वे साबरमती रिवरफ्रंट पर घूमते हैं। 2015 में केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को सपना दिखाया था कि वे यमुना को लंदन की टेम्स नदी बना देंगे। 2020 में उन्होंने दिल्ली विधानसभा में एक 10 बिंदु वाला गारंटी कार्ड पेश कर कहा था कि यमुना इतनी स्वच्छ बना दी जाएगी कि लोग उसके पानी में तैरने लगेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने यह दावा भी किया था कि वे 2023 तक यमुना के प्रदूषण में 90 प्रतिशत तक कमी कर देंगे।

इस समयसीमा में अब केवल दो महीने बाकी बचे हैं, जबकि राष्ट्रीय राजधानी में यमुना में रसायनों का झाग तैर रहा है। केन्द्र ने भी इसके लिए 2,419 करोड़ रुपये की धनराशि दी है। लेकिन शहर की सरकार के पास कोई इच्छाशक्ति नहीं है। लोगों के जीवन में परिवर्तन के लिए शहर प्रशासकों का समुचित दृष्टिकोण होना चाहिए, जबकि केजरीवाल नीत आम आदमी सरकार खैरात की राजनीति कर जल्दी से जल्दी राजनीतिक लाभ प्राप्त करना चाहती है। इस प्रकार यमुना दिल्ली में मृतप्राय है, जबकि अहमदाबाद में बहने वाली साबरमती युवा ऊर्जा से भरी है। अब दिल्ली एक और जाड़े का सामना करने जा रही है। लोग एक बार फिर जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर होंगे, जबकि कार्बन और प्रदूषण को सोखने का कोई 'कार्बन सिंक' नहीं है। यदि समुचित दृष्टिकोण तथा लोगों के जीवन में बेहतरी के लिए परिवर्तन की इच्छाशक्ति हो तो यमुना रिवरफ्रंट भी समुचित स्वरूप प्राप्त कर सकता है।

# आरबीआई पर सरकार के नियंत्रण की सीमाएं

"वित्तीय मध्यस्थता और वित्तीय बाजारों के व्यवस्थित संचालन के लिए आरबीआई की स्वायत्तता महत्वपूर्ण है।"



**एस कल्याणसुंदरम**
(लेखक सेवानिवृत्त बैंकर हैं)

**भारतीय** रिजर्व बैंक ने 17 अगस्त, 2022 को भुगतान प्रणाली में शुल्क पर एक चर्चा पत्र जारी किया। डिजिटल भुगतान सेवाओं की एक श्रृंखला के लिए शुल्क संरचना पर प्रतिक्रिया मांगने वाला आरबीआई पेपर 3 अक्टूबर तक टिप्पणियों के लिए खुला है। यह माना गया था कि आरबीआई द्वारा यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस के लिए शुल्क लगाने की संभावना है जो अभी मुफ्त है। यह स्पष्ट नहीं है कि आरबीआई ने इस पर जनता की राय क्यों मांगी है, क्योंकि अब तक आरबीआई ने एनईएफटी या आरटीजीएस लेनदेन पर या विभिन्न बैंकों द्वारा लगाए गए विभिन्न सेवा शुल्कों पर कोई जनमत नहीं मांगी है। तुरंत, सरकार ने स्पष्ट किया कि यूपीआई सेवाओं पर कोई शुल्क लगाने के लिए सरकार के साथ ऐसा कोई कदम नहीं है। एक ट्वीट में, वित्त मंत्रालय ने कहा, ''यूपीआई अर्थव्यवस्था के लिए सार्वजनिक उत्पादकता लाभ के लिए अत्यधिक सुविधा के साथ एक डिजिटल सार्वजनिक वस्तु है।'' यूपीआई सेवाओं के लिए कोई शुल्क लगाने के लिए सरकार में कोई विचार नहीं है।

लागत वसूली के लिए सेवा प्रदाताओं की चिंताओं को अन्य माध्यमों से पूरा करना होगा। ऐसा लगता है कि इस मुद्दे पर सरकार और आरबीआई के बीच मतभेद है और यह सार्वजनिक हो गया है। आरबीआई ने 18 अगस्त, 2022 को 'सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का निजीकरण : एक वैकल्पिक परिप्रेक्ष्य' शीर्षक से एक अध्ययन पत्र भी जारी किया है। जैसा कि शीर्षक से ही पता चलता है कि यह एक 'वैकल्पिक परिप्रेक्ष्य' है। इसका मतलब है कि यह मौजूदा परिप्रेक्ष्य के विपरीत है। सरकार ने कई बार विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से और अधिकारियों के माध्यम से सूचित किया कि वे सरकारी बैंकों का निजीकरण करना चाहते हैं। कभी वे कहते हैं कि वे सभी बैंकों का निजीकरण करना चाहते हैं और कभी कहते हैं कि वे किसी दो या तीन का निजीकरण करना चाहते हैं। जब बैंक यूनियनों ने सरकार से स्पष्ट आश्वासन मांगा कि सरकारी बैंकों का निजीकरण नहीं किया जाएगा, तो इसे स्वीकार नहीं किया गया और बैंक यूनियनों ने अपना आंदोलन जारी रखा जिसमें हड़ताल की कार्रवाई शामिल है। समापन भाग में निम्नलिखित दावे शामिल हैं ''इन बैंकों के निजीकरण का एक बड़ा धमाका दृष्टिकोण अच्छे से अधिक नुकसान कर सकता है।'' ''यह लेख साक्ष्य के साथ एक वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रदान करता है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पूरी तरह से केवल लाभ अधिकतमकरण लक्ष्य द्वारा निर्देशित नहीं हैं और उन्होंने पीवीबी के विपरीत अपने उद्देश्य कार्य में वांछनीय वित्तीय समावेशन लक्ष्यों को एकीकृत किया है'' और ''कमजोर बैलेंस शीट की आलोचना के बावजूद, डेटा सुझाव देता है कि उन्होंने कोविड -19 महामारी के झटके को अच्छी तरह से झेला।'' ऐसी संभावना है कि उपरोक्त दावे सरकार के लिए सुविधाजनक न हों। जब सामग्री पर व्यापक रूप से चर्चा हुई, तो आरबीआई ने तुरंत एक स्पष्टीकरण के साथ कहा कि लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। आरबीआई यहीं नहीं रुका। इसने रिपोर्ट के निष्कर्ष से कुछ बिंदुओं पर प्रकाश डाला, जो यह दिखाने के लिए हो सकता है कि सेंट्रल बैंक सरकार के विचारों के अनुरूप है। यदि रिपोर्ट आरबीआई के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करती है, तो उन्हें उस पर विस्तार से क्यों बताना चाहिए?



यहां फिर से, ऐसा लगता है कि आरबीआई ने कुछ क्षति-नियंत्रण अभ्यास का प्रयास किया है। वित्तीय मध्यस्थता और वित्तीय बाजारों के व्यवस्थित संचालन के लिए आरबीआई की स्वायत्तता महत्वपूर्ण है, वित्तीय नियामकों की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 7 के रूप में केंद्र सरकार सर्वोच्च है, ''प्रबंधन - (1) केंद्र सरकार समय-समय पर बैंक को ऐसे निर्देश दे सकती है, मगर ऐसा वह परामर्श के बाद कर सकती है। यदि बैंक के गवर्नर जनहित में आवश्यक समझें।''


लेकिन यह भी सच है कि, जैसा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 28 अगस्त, 2018 के अपने आदेश में प्रावधान किया है, ''हालांकि, केंद्र सरकार से धारा 7(1) के तहत किसी भी निर्देश को अंधाधुंध या बेतरतीब ढंग से जारी करने की उम्मीद नहीं है। इस तरह के निर्देश तभी संभव हैं जब समर्थन में पर्याप्त सामग्री मौजूद हो।''

## फरमाया



**हम** उन देशों में एक हैं जिनके पास अपनी रक्षा के लिए व्यापक विकल्प उपलब्ध हैं।

– **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री



**अर्थव्यवस्था** को गति देने व ब्रिटेन को आगे बढ़ाने के लिए हमें तत्काल कार्रवाई करनी होगी।

– **लिज़ ट्रस**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री



**पहली** बार हमारे किसानों को नियमित, अबाध एवं अतिरिक्त जल मिला है।

– **भगवंत मान**
पंजाब के मुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## प्रदूषण की समस्या

**प्रदूषण** महानगरों की एक बड़ी समस्या है। राजधानी दिल्ली में प्रदूषण किसी आफत से कम नहीं है। सरकार एवं नगर निगम होने के बावजूद भी प्रदूषण से निपटना आसान नहीं है इसका सबसे बड़ा कारण है दिल्ली के ग्रामीण, जे जे क्लस्टर एवं अनाधिकृत कॉलोनियों की सड़कों एवम गलियों में टूट-फूट और ट्रैफिक जाम के कारण धूल भरा माहौल बना हुआ है इसके अलावा दिल्ली में पराली एक बड़ी समस्या है हरियाणा पंजाब और यूपी में पराली जलाई जाती है और दिल्ली में प्रदूषण विकराल रूप धारण कर लेता है जिसके कारण सांस की बीमारी से बच्चों एवम वृद्धों को भारी समस्या का समस्याओं का सामना करना पड़ता है दिल्ली की सड़कों एवं फुटपाथ पर अतिक्रमण भी प्रदूषण का एक बड़ा कारण है फुटपाथ अवैध व्यापार के कब्जे में है, मजबूरन पैदल यात्री सड़क पर चलते हैं इसलिए ट्रैफिक जाम होता है केवल दिल्ली में 19 लाख वाहन बिना प्रदूषण सर्टिफिकेट के सड़कों पर हैं सरकार इन पर भारी जुर्माना लगाए और वाहन जब्त करे। ऐसा नहीं है कि सरकारों के द्वारा प्रदूषण पर रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाए हैं बावजूद इसके इस समस्या का कोई समाधान होता दिखाई नहीं देता है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

## दर्दनाक हादसा

**कानपुर** हादसे में 26 लोगों के जान गंवाने और 20 से अधिक लोगों के घायल होने के बाद लोगो की रूह कांप उठी। एक ही परिवार के 6 लोगो की मौत के बाद पूरा परिवार समाप्त हो गया। हमारे देश में कई सैकड़ा लोग हादसे में अपनी जान गवाते है। अगर सही मायनों में देखा जाए हम लोग यातायात नियमों को दरकिनार करके यात्रा करते है जो किसी भी सूरतेहाल में सही न है। कानपुर हादसे में लोग देवी दर्शन करके वापस लौट रहे थे उनको क्या पता था कि यह उनकी अंतिम यात्रा होगी। ट्रैक्टर ट्राली कृषि उपयोग के लिए होती हैं लेकिन इसको लोगों ने आवागमन का साधन बना रखा है अक्सर गांव में मेला हो या किसी देवी दर्शन के लिए जाना हो लोग आवागमन के लिए ट्रैक्टर ट्राली का ही प्रयोग करते हैं। लेकिन उनके द्वारा लिया गया यह निर्णय किसी जानलेवा खतरे से कम नहीं होता है। ट्रैक्टर ट्राली में यात्रा करना किसी भी सूरते हाल में सही ना है कानपुर हादसे में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से 26 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। यातायात पुलिस विभाग लगातार अभियान चलाता रहता है। एक निश्चित समय तक लोगों को जागरूक किया जाता है,बावजूद इसके लोग मानते नहीं हैं।

– **योगेंद्र गौतम**, ललऊ खेड़ा, उन्नाव

## चीन को करारा झटका

**चीन** की फ़ितरतो व पेत्रेबाजी का करारा झटका उसको अपनी व्यापार नीति मे मिला है. चीन की भारत के प्रति दोहरी मापदंड नीतियों से चीन को मुंह की और खानी पड़ती है! बाजार की त्योहारी रौनक मे इस बार चीनी चमक धुंधली या गायब ही हो गई! विगत वर्षो कोरोना के बाद दो साल बाद बाजारों मे चीनी उत्पाद की चमक धमक लुप्त प्राय सी हो गई! गणेश उत्सव से अब तक चीनी मुर्तिया और सजावटी सामान का आयात लगभग बंद सा हो गया है। चीन की भारत के प्रति पूर्वाग्रह से ग्रसित मानसिकता व विरोधी नीतियों को देखते हुए! चीन से आये सामान को लेकर ज्यादातर लोगो की बेरुखी के चलते अधिकांश आयातको ने सामान मंगवाना बंद कर दिया! बिल्कुल सही भी है मुख मे राम बगल मे छुरी वाले चीन को करारा झटका जरुरी है! समाचार पत्र के समाचार के आधार पर प्रतिवर्ष चीन से 25 करोड़ का सामान आता था ! इस बार नहीं आया! भारत मे चीन की व्यापार नीति को ध्वस्त करना जरुरी हो गया है!

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

# महाष्टमी पर स्वाहा-स्वाहा और महाआरती में जयकारे से गूंजा नवागढ़

## हजारों महिलाओं ने मानाबंद तालाब में किया गंगा आरती एवं दीपदान

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




शारदीय नवरात्रि के दुर्गाष्टमी पर शमी गणेश शारदा महामाया पर्यटन समिति नवागढ़ एवं नगरवासियों द्वारा नगर के प्राचीन मंदिर में माँ महामाया की आरती के साथ मंदिर के सामने मानाबन्द तालाब परिसर के चारों और एकसाथ एक स्वर में ऐतिहासिक महाआरती,गंगा आरती एवं दीपदान का आयोजन किया गया। जिसमें नगरवासियों के साथ मुख्य वक्ता पंडित रामप्रताप शास्त्री, संसदीय सचिव एवं नवागढ़ विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे, आयोजन समिति अध्यक्ष विकास धर दीवान सहित अतिथिगण भी आरती में शामिल हुए। नगर में शारदीय नवरात्र में लगातार पांचवी बार हो रहे इस ऐतिहासिक महाआरती में मुख्य मंच के साथ हजारों की संख्या में नगर के सुकुल पारा,बावा पारा, बीच पारा, देवांगन पारा, मिश्रा पारा, दर्री पारा, बावली पारा,शंकर नगर सहित सभी मोहल्लों की महिलाएं सम्मिलित होकर एक साथ एक स्वर में आरती गुंजायमान होती रही,जिसके साक्षी सभी नगरवासी बने। महाआरती में इसबार विशेष सजावट के साथ तालाब के घाटों में स्कूली बच्चों की आकर्षक झांकिया देखने को मिली। गुरुकुल विद्यालय, इंडियन पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, स्वामी विवेकानंद स्कूल, रॉयल पब्लिक स्कूल, शारदा पब्लिक स्कूल, लक्ष्य पब्लिक स्कूल के बच्चे क्रमशः घाटों में उपस्थित रहे। महाआरती होने के बाद सभी महिलाओं अपने घर से लाए हुए दीपो का मां महामाया और गंगा मैया के चरणों मे दीप दान किया।

पंडित रामप्रताप शास्त्री ने कहा कि महामाया को नगरी में ऐसा धार्मिक आयोजन होना ऐतिहासिक पल है, यह नगर को धर्म नगरी के रूप पहचान दिलाता है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि अध्यक्ष विकास दीवान के निरंतर प्रयास से नवागढ़ का यह विहंगम दृश्य निरंतर जारी है।

संसदीय सचिव बंजारे ने कहा कि यह नगर का एक बड़ा धार्मिक आयोजन है जिसमें मुझे बुलाने के लिए मैं समिति का आभारी हूँ। उन्होंने कहा कि धार्मिक व राजनीतिक कार्यक्रम एकदूसरे से अलग है, इस धार्मिक आयोजन में सभी दलों को एकसाथ जोड़ने की पहल की मैं सराहना करता हूँ। उन्होंने कहा कि राजनीति केवल चुनावी दिनों तक सीमित होनी चाहिए बाकि समय भाइचारे से रहने का है। उन्होंने समिति के लिए 5 लाख की सहयोग राशि की घोषणा की।

पर्यटन समिति अध्यक्ष विकास दीवान ने उपस्थित लोगो को जानकारी देते हुए कहा कि लगातार पिछले कई वर्षो से महाआरती नगर का एक प्रमुख धार्मिक आयोजन बन गयी है, जो दिनबदिन वृहद और आकर्षक स्वरूप लेते जा रही है। उन्होंने महाआरती को सफल व ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कार्य करने वालों को धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा कि महाआरती की सफलता में पर्यटन समिति के सदस्यों ने पिछले 5 सालों से हर वर्ग हर दल को सम्मिलित करने का विचार लेकर काम किये जिसके चलते आयोजन को भव्य रूप मिला है। महाआरती में अध्यक्षता अविनाश धर दीवान ने की। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष तिलक घोष, गिरेन्द्र महिलांग,राकेश जायसवाल, शमशेर खान, संतोष खुराना,मधु रॉय, नरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र तिवारी,विनोद साहू, दयावंत बांधे, देवादास चतुर्वेदी, जगजीवन खरे, नेमिराज सोनवानी, हरिकिशन कुर्रे, अंजली मार्कण्डेय, सबीना खान, चन्द्रपाल साहू, नप उपाध्यक्ष आशाराम ध्रुव,हेमंत सोनकर, बबलू ताम्रकार, शाहिद खान, कपिल साहू, मिन्टू बिसेन, टीकम पूरी गोस्वामी, रतन दिवाकर, छल्ली सोनकर, राधा गोलू सिन्हा, रमेश निषाद,वीरेन्द्र जायसवाल, राजेंद्र मिश्रा, सुरेश निषाद, केके मिश्रा, दिव्यम शुक्ला, रामनाथ योगी, जितेंद नाथ योगी, बिहारी श्रीवास्तव, भुखन पूरी गोस्वामी,राजेश दीवान, संतोष संतोष देवांगन, श्रीकांत ठाकुर, कोशन कुम्भकार, राजा खान, प्रमोद साहू, मनोज पुरबिया, आनंद गायकवाड, मिलाप साहू, जुगरु साहू,छन्नू सोनकर, तनु दीवान, कुलेश्वर सिन्हा, शिव सोनकर, मिथलेश सोनकर, होरीलाल रजक, धनीराम निर्मलकर, पंचू यादव, कन्हैया भोई, गुनी रजक, मनीष श्रीवास, मुकेश सिन्हा, परसादी यादव, कृष्णा ध्रुव, भागवत सोनकर, शंकर सोनकर, सहित बड़े संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# एसबीएस अस्पताल में न्यूनतम दर पर हो सकेगी डायलिसिस, चेतन बघेल ने शुरू की सुविधा

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



शहर के प्रसिद्ध ट्रांसपोर्ट व्यवसायी एवं समाजसेवी दिवंगत सेठ बीरा सिंह को उनकी पुण्यतिथि पर हजारों लोगों ने श्रृद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनकी स्मृति में हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी द्वारा जीई रोड पावरहाउस में संचालित एसबीएस हॉस्पिटल में डायलिसिस मशीन का शुभारंभ मुख्यमंत्री के सुपुत्र चैतन्य बघेल के करकमलों से हुआ। हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं स्वर्गीय सेठ बीरा सिंह के सुपुत्र इन्द्रजीत सिंह छोटू ने न्यूनतम शुल्क पर डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही है। एसबीएस हॉस्पिटल में 3 अक्टूबर को स्वर्गीय सेठ बीरा सिंह की तिसरी पुण्यतिथि पर एक श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सेठ बीरा सिंह की तस्वीर पर उनकी धर्मपत्नी कुलवंत कौर, सुपुत्र इन्द्रजीत सिंह छोटू, पुत्रवधू अमनदीप कौर, सुपौत्री टीना कौर एवं सुपुत्री हरजिंदर कौर सहित परिवार के अन्य सदस्यों और उनके चाहने वालों ने पुष्प अर्पित कर अपनी श्रृद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर डायलिसिस मशीन का लोकार्पण कर सेठ बीरा सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एसबीएस हॉस्पिटल में डायलिसिस मशीन का शुभारंभ किया गया। डायरेक्टर इन्द्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय सेठ बीरा सिंह एक सफल ट्रांसपोर्ट व्यवसायी होने के साथ ही आमलोगों की समस्या और जरुरतों को बखूबी समझते थे। सेठ बीरा सिंह ने अपने जीवन काल में शहर और समाज हित को हमेशा अपनी प्राथमिकता में रखा। उन्ही की प्रेरणा से हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के द्वारा एसबीएस हॉस्पिटल का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डायलिसिस मशीन की सुविधा जरुरतमंदों को अन्य निजी हॉस्पिटल के मुकाबले न्यूनतम शुल्क पर दी जाएगी। गौरतलब रहे कि स्वर्गीय सेठ बीरा सिंह ने हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी की नींव रखी थी। उन्होंने अपने जीवन काल में शहर और समाज हित के साथ ही जनकल्याण में कई अनुकरणीय कार्य किए। वर्तमान में हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी की कमान सेठ बीरा सिंह के सुपुत्र इन्द्रजीत सिंह छोटू डायरेक्टर के रूप में संभाल रहे हैं। हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी ने सेठ बीरा सिंह की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने नो प्रॉफिट नो लॉस्ट के उद्देश्य से एसबीएस हॉस्पिटल का संचालन शुरू किया है। इस अवसर पर अचल भाटिया, प्रभुनाथ मिश्रा, हरेन्दर यादव, मलकीत सिंह लल्लू, गुरुमुख सिंह गाबू, आरसी त्रिवेदी, महेन्द्र सिंह पप्पी, गोपाल खंडेलवाल, सतेन्द्र शर्मा, मनोज यादव, जोगा राव, संदीप सिंह, टेरेंस केनेथ सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ट्रांसपोर्ट व्यवसायी उपस्थित थे।

# श्री बालाजी दुर्गा उत्सव समिति ने कन्या भोज कराया

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



वार्ड क्रमांक 25 जगजीवन राम वार्ड साप्ताहिक बाजार में श्री बालाजी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा विशाल भंडारा का आयोजित किया गया साथ ही नव कन्या का भोजन भी पंडाल में करवाया गया। इन सब कार्यक्रम में श्रीबालाजी दुर्गा उत्सव समिति के सभी सदस्यों के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। जिसमें स्वप्निल उर्फ बिट्टू,अन्नू पिपरे,अमन पिपरे, शेखर ठगेल, विनोद पठारिया, बिट्टू कनोजिया,मोनू पिपरे, राहुल चक,साधु महार, अशोक पिपरे,देवा पिपरे, तीर्थ पिपरे, शुभम् पिपरे, अक्का, शिवा खसुवाहा, दुर्गा तामेर, शानु तामेर, सुभाष, पिंटू पिपरे ये प्रमुख रूप से थे। हर साल की तरह इस साल भी महाभंडारा को सफल बनाने में श्रीबालाजी दुर्गा उत्सव समिति में योगदान दिया।

# मंडी मैदान में 35 फीट का रावण का होगा आज दहन

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कृषि उपज मंडी मैदान में विजयदशमी पर्व मनाया जाएगा और लगभग 35 फीट के रावण का दहन आज शाम को किया जाएगा जिसके लिए तैयारी प्रशासन के द्वारा पूर्ण कर लिया गया है इस संबंध में बीते दिनों कलेक्टर के द्वारा विजयदशमी पर्व को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न शासकीय विभाग को जिम्मेदारी एवं दी गई थी इसके साथ ही अधिकारियों को यहां के दिए जवाब दे सुनिश्चित किया गया है इस संबंध में जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी में हर साल की तरह इस वर्ष भी विजयदशमी पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा रावण जहां पर दहन किया जाएगा उसके आसपास सुरक्षा की दृष्टि से बेरी गेट लगाया गया है ताकि दर्शक बेरी गेट के बाहर ही रहकर रावण दहन का कार्यक्रम को देखना होगा इसके अलावा विभिन्न दुकानो के लिए अलग अलग स्थान को चिन्हित किया गया है जहां पर आज सुबह 9.00 बजे दुकानों का आवंटन किया जाएगा।



**दर्शकों के लिए सुविधा की व्यवस्था-** वहीं दर्शकों के सुविधा के लिए मंडी परिसर में रामलीला के लिए अलग से मंच का भी निर्माण किया गया है जहां पर रामायण का संक्षिप्त में प्रस्तुतीकरण किया जाएगा तदुपरांत राम रावण के युद्ध के बाद रावण का दहन किया जाएगा वहीं आम जनमानस के लिए पेयजल की भी व्यवस्था नगर पालिका के द्वारा किया गया है इसके अतिरिक्त रोशनी की भी पर पर्याप्त रूप से व्यवस्था किया गया है ताकि रावण दहन में रात हो जाने पर दर्शकों को मैदान में आने जाने में किसी तरह की असुविधा ना हो पाए वही मंडी मैदान में विजयदशमी पर्व पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आपातकालीन सेवा के लिए एंबुलेंस 108 के साथ ही चिकित्सक की व्यवस्था की भी व्यवस्था रखी गई है।

**आतिशबाजी भी होगी-** विजयदशमी को शानदार मनाने के लिए रावण दहन स्थल पर आतिशबाजी की भी व्यवस्था हर साल की तरह इस साल भी होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता जबकि रामलीला एवं विजयदशमी का प्रत्यक्ष साक्षी बनने वाले जिले के वीआईपी वरिष्ठ लोगों एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियों के लिए विजयदशमी पर्व स्थल पर अलग से विशेष व्यवस्था रखी गई है इसके अलावा आम जनता की भी सुविधा को ध्यान में रखा गया है इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न स्थानों पर पुलिस की तैनाती रहेगी एवं यातायात को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए यातायात पुलिस के द्वारा भी व्यवस्था किया गया है।

# जिला मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन व शिक्षक सम्मान समारोह आज



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दशहरा पर्व पर किसान नेता योगेश तिवारी की ओर से उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है । कार्यक्रम 5 अक्टूबर रात्रि 8 बजे से शहर के सिद्ध शक्ति पीठ मां भद्रकाली मंदिर के पास नवीन बाजार में रखा गया है । कार्यक्रम में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कवि प्रस्तुति देंगे । वही उत्कृष्ट कार्यो के लिए क्षेत्र के शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा । किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि कवि सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि व पद्मश्री सुरेंद्र दुबे शामिल होंगे । बीते साल सद्भावना सम्मान समारोह रखा गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ के 36 समाज प्रमुखों का सम्मान किया गया था । इस बाल कवि सम्मेलन के न शिक्षकों का सम्मान कियाा जाएगा । कवि सुरेंद्र दुबे के अलावा अंतरराष्टीय कवि सरदार मनजीत सिंह फरीदाबाद, डॉ अशोक हरिवंश, रामानंद त्रिपाठी हास्य व्यंग्य कवि बेमेतरा, लता शबनम श्रृंगार रस बालाघाट मध्यप्रदेश, पद्मलोचन शर्माहास्य पैरोडी राजनांदगांव, कवि हेमंत बसंत श्रृंगार रस हास्य कवि महाराष्ट्र अपने हास्य व्यंगो से लोगों का मनोरंजन करेंगे । किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि बीते साल के समारोह को शहर समेत आसपास के ग्रामीण अंचल के लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला था । इस वर्ष भी आयोजन में भारी भीड़ जुड़ने की उम्मीद है ।

# छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक प्रतियोगिता में भाग लेने पंजीयन प्रारम्भ

पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गतिविधियों को ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने, प्रतिभागियों को मंच प्रदान करने, उनमें खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और खेल भावना विकास करने हेतु राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2022-23 का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया है । उपरोक्त छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2022-23 का कुम्हारी निकाय अन्तर्गत आयोजन कराए जाने हेतु 08 राजीव युवा मितान क्लब स्थल पर 3 आयु वर्गो 18 वर्ष से कम 18 से 40 वर्ष एवं 40 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं एवम पुरुष प्रतिभागियों का विभिन्न खेलों हेतु पंजीयन कराया जाएगा । इच्छुक खिलाड़ी द्वारा नगरपालिका परिषद में संबंधित कर्मचारियों से सम्पर्क कर अपना पंजीयन कराया जा सकता है । कर्मचारियों का नाम एवं क्लब क्रमांक क्रमशःक्लब क्र. 1 एवं 2 संजय आईच, स.रा.नि.क्लब क्र. 3 एवं 4 कैलाश देवदास, स.रा.नि.

क्लब क्र. 4 एवं 5 सपना यादव, स.ग्रे.-03क्लब क्र. 5 एवं 6 नितिन श्रीवास, स.रा.नि. पुराने कार्यालय भवन में 06.अक्टू दिन गुरुवार समय 12.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक ।

समस्त खेल प्रतियोगिताएं दलीय (टीम) और एकल (सिंगल) श्रेणी में आयोजित की जाएगी । प्रतियोगिता में खेल विधाओ में दलीय(टीम)खेल का नामगिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, बाटी (कंचा)। एकल (सिंगल)खेल का नाम बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा,

100 मी. दौड़, लम्बी कूद आदि हैं । महिला/पुरुष दोनों के लिए निर्धारित आयुवर्ग (18 वर्ष तक, 18-40 वर्ष, 40 वर्ष से अधिक) उपरोक्त आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी जितेंद्र कुशवाहा ने कहा कि यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ राज्य की विलुप्त होने वाली खेल विधाओं के प्रति जागरूकता लाने का काम करेगी और खेल भावनाओं के साथ आपसी प्रेम व्यवहार को सद्भाव को पल्लवित करने का अवसर प्रदान करेगी ।(क्लब, जोन, वि.ख./नगरीय क्लस्टर, जिला, संभाग, राज्य) स्तरीय प्रतियोगिता से राज्य की प्रतिभाओं को स्वर्णिम अवसर मिल सकेगा ।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक : रिसाली आयुक्त ने सौंपी जिम्मेदारी रिसाली के 40 वार्ड में होगा छत्तीसगढ़ के पराम्परागत खेल का महासंग्राम

पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com



आधा शहर और आधा ग्रामीण परिवेश वाले रिसाली नगर पालिक निगम क्षेत्र में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आगाज 6 अक्टूबर से होगा। गृहमंत्री व दुर्ग ग्रामीण विधायक ताम्रध्वज साहू के क्षेत्र में प्रतिभाओं को तरास कर राज्य स्तर के प्रतियोगिता में भेजने निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने अपने म ा त ह त कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है। उन्होंने मंगलवार को अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक ली। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन राज्य स्तर, संभाग स्तर, जिला स्तर व ब्लाक और वार्ड स्तर पर किया जाना है। नगरीय निकाय क्षेत्र में शामिल रिसाली में भी वार्ड स्तर पर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। आयुक्त आशीष देवांगन ने प्रतियोगिता कराने प्रत्येक वार्ड में बतौर सद्स्य सचिव नियुक्त किया है जो अपने अपने वार्ड में प्रतिभागी का पंजीयन कर राजीव युवा क्लब के पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठाते हुए ब्लाक, जिला व प्रदेश स्तर के प्रतियोगिता के लिए प्रतिभाओं को तरासेंगे। स्थानीय समिति में आयुक्त ने वार्ड पार्षद को संरक्षक व शिक्षा विभाग के खेल अधिकारियों को शामिल किया है। खास बात यह है कि वार्ड स्तर पर होने वाले छत्तीसगढिठ़या ओलंपिक का उद्घाटन महापौर शशि सिन्हा व सभापति केशव बंछोर एवं महापौर परिषद के सद्स्य करेंगे।

### प्रतिभागी रखें ध्यान

आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के लिए वार्ड वार समिति का गठन किया जा चुका है। पार्षद व युवा क्लब द्वारा पंजीकृत प्रतिभागी खेल में शामिल हो सकेंगे। खिलाड़ियों का आधार कार्ड व मतदाता परिचय पत्र होना अनिवार्य है। खेल 3 वर्गो में होगा जिसमें महिला व पुरूष शामिल हो सकते है। आयु वर्ग 18 वर्ष तक, 18 से 40 और 40 से अधिक वालों के लिए निर्धारित है।

### छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में शामिल खेल

शासन द्वारा कराए जा रहे छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, बांटी, बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भांवरा, सौ मीटर दौड़ व लंबी कूद को शामिल किया गया है।

### वार्ड के बाद जोन स्तर पर होगा प्रतियोगिता

निगम क्षेत्र के 40 वार्डो में प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद जोन स्तर पर खेल का आयोजन किया जाएगा। आठ वार्ड को मिलाकर जोन स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित कि जाएंगी। जोन स्तर पर चयनित प्रतिभागी ब्लाक स्तर के आयोजन में हिस्सा ले सकेंगे।

# समाज के नवनिर्माण में अहम भागीदारी निभाएं युवा अपनी ऊर्जा का सही दिशा में करे उपयोग : आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत बावनलाख में नवरात्रि पर्व में राजीव गांधी युवा मितान क्लब के द्वारा खेल महोत्सव में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधानसभा विधानसभा क्षेत्र के आशीष छाबड़ा विधायक थे। सर्वप्रथम आदिशक्ति मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर आशिर्वाद प्राप्त किए। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के युवा भारत के सपने को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य में राजीव युवा मितान क्लब योजना की शुरूआत की है इसका उद्देश्य राज्य के युवाओं को संगठित करके उनकी ऊर्जा का उपयोग नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में करना है प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में युवाओं को राजीव युवा मितान के माध्यम से सहभागी बनाने की पहल की है युवाओं को राज्य के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए संगठित कर शासन की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय सहयोग लेना है इसी को ध्यान में रखकर राजीव युवा मितान क्लब की परिकल्पना की गई है,योजना के माध्यम से प्रदेश की युवा शक्ति को एक नई दिशा मिल रही है,युवाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति, पर्यावरण, खेल को आगे बढ़ाने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने व लोगों को इसका लाभ दिलाने में मदद मिल रही है,राज्य सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है,लोगों के हितों को ध्यान में रखकर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संचालन किया गया है। इससे सभी वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है।

राज्य सरकार छत्तीसगढ़ी परंपराओं और संस्कृति से नई पीढ़ी को जोड़ रही है,गावों में राजीव युवा मितान क्लब गठित होने से गांव के युवा रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित हो रहे हैं,सामाजिक जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा प्रयास विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है,राजीव युवा मितान क्लब में 15 से 40 वर्ष आयु के युवा शामिल है,जो सामाजिक एवं रचनात्मक



गतिविधियों के साथ-साथ शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन अपनी भागीदारी निभा रहे है, मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन करने जा रहे हैं आयोजन की शुरूवात 06 अक्टूबर हो रही है,छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल में प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बच्चों से लेकर 100 साल तक के बुजुर्ग हिस्सा ले सकेंगे और अपनी प्रतिभा को दिखा सकेंगे इस खेल आयोजन में कबड्डी, खो खो, वॉलीबॉल, हॉकी, टेनिस, बॉल क्रिकेट, गेड़ी दौड़ और पिट्ठुल खेलों सहित अन्य खोलो को शामिल किया गया

साथ ही विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम पंचायत बावनलाख में स्वीकृत विकास कार्य सुगम सड़क योजना अंतर्गत पक्का सड़क निर्माण कार्य 20 लाख,सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य 02 लाख, जैतखाम में चेकर टाइल्स निर्माण 02 लाख,जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी निर्माण 126.38 लाख रुपए के विकास कार्यो की समीक्षा साथ ही ग्रामवासियो के मांग अनुरूप सी.,सी. रोड़ निर्माण कार्य की घोषणा ,इस अवसर पर मौजीराम साहू विधायक प्रतिनिधि बेरला, मिथेलस वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा,मनोज शर्मा सभापति,रावेंद्र देवांगन एल्डरमैन, नारायण साहू सरपंच, सेतराम साहू,खिलावन साहू,जगदेव साहू, पुरनलाल सह,राजा साहू, गैंदराम साहू,रामस्ता साहू,सेवाराम साहू, पंचराम यादव, ढालसीह साहू,खेलूराम यादव, तिरिथ राम,नेतराम यादव,रूपराम यादव,चेतन साहू,नितेश कुमार साहू अध्यक्ष युवा मितान क्लब, राजकुमार सेन, अर्पित परगनिया, गुड्डू सेन,गोविंदा राजपूत,जितेंद्र जोशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# गरबा कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया



**दल्लीराजहरा।** राजहरा यूथ वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा आयोजित गरबा कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। जिस के समापन समारोह के मुख्य अतिथि शिबू नायर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद थे, अध्यक्षता गोविंद वाधवानी अध्यक्ष राजहरा व्यापारी संघ ने की तथा विशेष अतिथि कुशल कथुरिया संचालक लक्ष्मी ऑटो थे। इस अवसर पर गरबा में विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिबू नायर ने सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति को बधाई दी।

# विधानसभा अध्यक्ष महंत, जिला प्रभारी एवं संगठन जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में कांग्रेस की निकली भारत जोड़ो पदयात्रा

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com





पूरे देश भर में कांग्रेस पार्टी द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत शक्ति शहर में भी छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत,कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चांपा जिले के प्रभारी अर्जुन तिवारी,एवम जिला अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह के नेतृत्व में पदयात्रा का शुभारंभ हुआ, कार्यक्रम का शुभारंभ शहर के हटरी चौक के नजदीक स्थित नवनिर्मित स्वर्गीय बिसाहू दास महंत स्मृति उद्यान में बिसाहू दास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना के साथ किया गया,तथा इस यात्रा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत,जिला प्रभारी अर्जुन तिवारी, कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह सहित स्थानीय कांग्रेस के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए, पदयात्रा उद्यान से प्रारंभ होकर महामाया मंदिर रोड, नवधा चौक, अग्रसेन चौक होते हुए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के सामने स्थापित भारत माता स्टेचू के पास पहुंची, जहां विधानसभा अध्यक्ष महंत ने भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कहा कि आज भारत जोड़ो पद यात्रा के माध्यम से हम सभी कार्यकर्ता इस भारत भूमि,भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी को नमन करते हैं, तथा हम सभी भारत की एकता और अखंडता के लिए सदैव काम करते रहेंगे। वही इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के जिला प्रभारी अर्जुन तिवारी, जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने भी कहा कि कांग्रेस द्वारा जांजगीर-चांपा जिले के भी सभी स्थानों पर भारत जोड़ो पद यात्रा के माध्यम से कार्यक्रम किए जा रहे हैं, जिसमें उत्साह के साथ कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता शामिल होकर अपनी सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं, एवं यह पद यात्रा राष्ट्रीय स्तर पर प्रारंभ की गई है, जिसमें कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी लगभग 3500 सौ किलोमीटर की अपनी पदयात्रा करेंगे, उल्लेखित हो की शक्ति शहर में विगत दिनों भी शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल दादू के नेतृत्व में शहर के वार्ड क्रमांक- 01 एवं 2 से यह यात्रा निकाली गई थी, शक्ति शहर में कांग्रेस कमेटी की पदयात्रा में जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अर्जुन तिवारी,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि एवं विधानसभा अध्यक्ष के जिला प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह, नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष नरेश गेवाडीन, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल दादू, कांग्रेस कमेटी महिला जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष गीता देवांगन।

# जिले भर में नवरात्रि पर्व का उत्साह जगह-जगह जोत-जंवारा विर्सजन

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



शारदीय नवरात्रि के महाअष्टमी पर जहां मंदिरों में भारी भीड़ नजर आई। वहीं शहर एवं ग्रामीण अंचलों में स्थापित भव्य दुर्गा श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई । नवरात्रि के अष्टमी पूजन के साथ नगर के महामाया मंदिर, शारदा मंदिर, जय माँ दुर्गा मंदिर, बड़की दाई मंदिर दाउपारा, करही, गीधा, रामगढ़ सहित मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई। जिले भर में इस नवरात्रि पर उत्साह के साथ दुर्गा उत्सव मनाया जा रहा है। पिछले वर्ष कोरोना काल के चलते इसकी संख्या में कमी आयी थी। जो कोरोना काल का प्रभाव कम होने से दुर्गा उत्सव समितियों में उत्साह का संचार हुआ है जिसके चलते नगर में लगभग 20 से 25 स्थानों में मूर्तियां स्थापित होकर पूजा-अर्चना हो रही है। वही अष्टमी तिथि पर मंदिरों में अठवाही का प्रसाद एवं विशेष पूजा अर्चना महिलाओं के द्वारा की गई। दाऊपारा स्थित बड़ी महामाया, सोनार पारा स्थित महामाया मंदिर सहित काली मंदिर खर्रीपारा, पण्डरिया रोड स्थित शक्तिमाई और हथनीकला में दिनभर लोगों की लंबी-लंबी कतार देखी गई। शाम होते ही मंदिरों सहित दुर्गा पण्डालों में हवन प्रारंभ किया गया जो देर रात तक चलता रहा।

**नवमी में हुआ जवारा विर्सजन** - मंदिरों में श्रद्धालुओं के द्वारा मनोकामना ज्योति कलश एवं ज्वारा का स्थापना किया गया था। नवरात्रि के नवें दिन नवमी में जसगीत के साथ ज्वारा का विसर्जन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। माता का आराधना का पर्व नवरात्रि में नगर के मंदिर में श्रद्धालुओं के द्वारा ज्वारा एवं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया था। महाष्टमी के दूसरे दिन प्रज्ज्वलित ज्वारा का विधि विधान के साथ विसर्जन किया जाता है। प्राचीन सोनार पारा स्थिति महामाया मंदिर से ज्वारा विर्सजन के लिए निकाला गया।

# विधानसभा अध्यक्ष एवं चंद्रपुर विधायक ने टेका अष्टभुजी देवी के मंदिर में मत्था,की पूजा- अर्चना

- नगर पंचायत अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि की मांग कर विधानसभा अध्यक्ष ने अष्टभुजी मंदिर के शेड निर्माण की दी स्वीकृति

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत एवं चंद्रपुर के विधायक रामकुमार यादव ने नवीन शक्ति जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल शक्तिपीठ मां अष्टभुजी देवी मंदिर अड़भार में जाकर मत्था टेका एवं पूजा अर्चना की, इस दौरान अड़भार के कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विधानसभा अध्यक्ष एवं चंद्रपुर विधायक का बंदोरा मोड़ से ही स्वागत करते हुए उन्हें मंदिर परिसर तक लाया गया, जहां नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग एवं विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग भी प्रमुख रूप से मौजूद थे, इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने नवरात्रि के इस सप्तमी के पावन पर्व पर समस्त प्रदेशवासियों की सुख ,शांति, समृद्धि की माता रानी से कामना की, वहीं समस्त अड़भार शहर वासियों और नवीन शक्ति जिले के नागरिकों को भी नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की, इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग, विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत एवं चंद्रपुर विधायक से मां अष्टभुजी देवी मंदिर परिसर में आवश्यकतानुसार शैड निर्माण करवाने की मांग की, जिस पर तत्काल विधानसभा अध्यक्ष महंत ने अपनी स्वीकृति प्रदान करते हुए शक्ति जिला कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर तत्काल उपरोक्त कार्य को आवश्यकता नुसार करवाने की भी स्वीकृति प्रदान की, इस दौरान काफी संख्या में क्षेत्र के नागरिक एवं देवी भक्त मौजूद थे।

# खरसिया शहर में केदारनाथ के पहाड़ों में विराजी जगत जननी माता जगदम्बे

## भक्त आ रहे दूर दूर से दर्शन करने

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




खरसिया शहर में इन दिनों नवरात्र के चलते नगर का माहौल भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो रहा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में आकर्षक पंडाल बनाये गए है, जिसमे पोस्ट ऑफिस रोड में पहाड़ो पर बने केदारनाथ गुफा काफी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है वही स्टेशन के बाहर जबरदस्त लाइटिंग की व्यवस्था की गई है, हमालपारा का दुर्गा पांडाल में झांकी लोगों का मन मोह रही,नगर में जगह जगह दुर्गा पंडालों में माता रानी की आलौकिक छवि देखने को मिल रही है, नवरात्र के चलते इन दिनों देवी मंदिरों में खासी भीड़ जमा हो रही है देवी मां का दर्शन करने के लिए लोगों का ताता लगा हुआ है। दुर्गा पंडालों में आरती के समय खासी भीड़ जमा हो रही है इसके अलावा देवी मंदिरों में भजन कीर्तन आयोजित किए जा रहे हैं। दुर्गा पंडालों में सजी मां के दरवार नवरात्रि में मां दुर्गा की उपासना का विशेष महत्व होता है। नगर में शारदीय नवरात्र पर दर्जनों स्थानों पर देवी प्रतिमाएं विराजमान है। जो नित्य प्रतिदिन आकर्षक झांकियों के साथ मां की निराली छवि देखने को मिल रही है। जिसको देखते हुए दुर्गा पंडालों में मां के दर्शनों के लिए खासी भीड़ जमा हो रही है। स्टेशन रोड, गंज बाजार, गंज पीछे, महुवापाली रोड, डभरा रोड, छपरिगंज, चंदन ताल, गुरूद्वारा के पास, कन्या भवन, हमालपारा, रायगढ़ चौक, अर्चना टाकीज, रायगढ़ चौक, काली मंदिर रोड, पुरानी बस्ती सहित दर्जनों स्थानों के दुर्गा पंडालों में आसपास क्षेत्र से हजारों की भीड खरसिया आ रही।

# स्कूल बच्चों के लिए साइकिल रैली का आयोजन बीआर साव स्कूल से किया गया

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, डॉक्टर खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना एवम मुख्य मंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत पकवाड़ा 23 सितंबर तक मनाया जा रहा इसी उपलक्ष में 2 अक्टूबर 2022 गांधी जयंती के उपलक्ष योजना संबंधी प्रचार प्रसार हेतु स्कूल बच्चो के द्वारा साइकिल रैली का आयोजन बीआर साव स्कूल से किया गया इस मौके पर हेमेंद्र गोस्वामी नगरपालिका अध्यक्ष मुंगेली, आशीष मिश्रा सांसद प्रतिनिधि लोकसभा क्षेत्र, बिलासपुर, अमित कुमार सिंह, एडीएम मुंगेली, नवीन भगत अतरिक्त कलेक्टर जिला मुंगेली, सभी स्कूल के प्रिंसिपल एवम शिक्षक मौजूद रहे।

# पदयात्रा का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुंगेली विधानसभा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर चलचित्र पर पुष्प अर्पित करके उनका स्मरण किया गया'। 'उसके पश्चात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भारत जोड़ो यात्रा के तर्ज पर पद यात्रा का आयोजन किया गया'। 'जिसके तहत रामा कापा स्कूल में एवं टेमरी नवागांव में तलाब किनारे पौधारोपण के पश्चात दुल्हीनबाय में पदयात्रा का समापन किया गया'।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल दाऊपारा मुंगेली में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती एवं महात्मा गांधी तथा लालबहादुर शास्त्री के फोटो पर माल्र्यापण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इसके पश्चात् हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनो माध्यम के विद्यार्थियों द्वारा भाषण,कविता,गीत निबंध,रंगोली एवं पोस्टर मैकिंग के माध्यम से दोनो महापुरूषों के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओ के द्वारा भी महात्मागांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जीवनी पर भाषण प्रस्तुत किया गया। शिक्षक अमित सोनी ने महात्मा गांधी के विचारों को अपने जीवन मे अपनाने की बात कही। लुकेश्वर धुव ने अंहिसा के मार्ग एवं बुनियादी शिक्षा पर अपने विचार व्यक्त किए। व्याख्याता महादेव यादव एवं पंकज मिश्रा ने जीवन मे समय के महत्व के बारे में महात्मागांधी के विचारो से विद्यार्थियो का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर व्याख्याता कु पारूल ओझा एवं पूर्व माध्यमिक विभाग की प्रधान पाठक सुश्री दीप्ति चतुर्वेदी ने महात्मागांधी के भजन प्रस्तुत किए।

# नवरात्रि पर्व पर शहर के दुर्गा पंडालों में पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग एवं विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



वर्तमान में चल रहे नवरात्रि के पावन पर्व पर नवगठित शक्ति जिले के नगर पंचायत अड़भार शहर के विभिन्न स्थानों पर नवरात्रि पर्व की धूम मची हुई है, साथ ही इस अवसर पर जहां मां अष्टभुजी देवी मैंय्या के दर्शन करने प्रतिदिन हजारों की संख्या में प्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी लोग सपरिवार पहुंचकर पूजा अर्चना कर रहे है,तो वहीं नगर पंचायत अड़भार की अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग ने भी नवरात्रि की बेला पर नगर पंचायत अड़भार क्षेत्र के जोरवा, हरदी,टेढ़ीपारा, नवाडीह सहित विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर दुर्गा पंडालों में माता रानी की पूजा अर्चना की, साथ ही इस अवसर पर दुर्गा समितियों से भी मुलाकात कर उनसे चर्चा की एवं नवरात्रि के इस भव्य आयोजन पर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की इस दौरान विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग ने कहा कि अड़भार शहर में आप सभी दुर्गा समितियों ने जिस उत्साह के साथ मां जगदंबे भवानी के स्थापना कर पूरे नवरात्रि पर्व को एक नया स्वरूप प्रदान किया है, उससे हमारा शहर धार्मिक वातावरण में सरोबार हो गया है, साथ ही इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग ने सभी शहर वासियों को भी नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि मैं पूरे नगर पंचायत परिवार की ओर से मां जगदंबे भवानी एवं मां अष्टभुजी देवी से यही प्रार्थना करता हूं कि हमारा शहर सदैव खुशहाली एवं प्रगति के पथ पर अग्रसर हो तथा यहां के प्रत्येक नागरिक को माता रानी का आशीर्वाद सदैव बना रहे,इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि ने अपने दुर्गा पंडालों में भ्रमण के दौरान विभिन्न महिला समितियों तथा अन्य युवा समितियों से भी मुलाकात कर उनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की साथ ही पूरे शहर में नवरात्रि पर्व पर नगर पंचायत की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया एवं इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रप्रभा गर्ग ने कहा कि नवरात्रि का पर्व चल रहा है एवं हम सभी अपने शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा में भी विशेष रूप से ध्यान रखें एवं दुर्गा पंडालों के बाहर शाम के समय पूजा अर्चना के बाद एकत्रित होने वाले कचरे को भी एक निर्धारित स्थल पर रखकर उसे इकट्ठा करें तथा हमारा शहर स्वच्छ रहेगा ।

# श्री अग्रोहा सेवा संघ परिक्षेत्र चंद्रपुर (डभरा) एवं श्री अग्रसेन सेवा संघ ने किया है बैठक का आयोजन

## संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर की कार्यकारिणी की बैठक होगी चंद्रपुर मे

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

श्री अग्रवाल सेवा संघ परिक्षेत्र चंद्रपुर (डभरा) एवं श्री अग्रसेन सेवा संघ चंद्रपुर द्वारा संयुक्त रुप से आगामी 17 अक्टूबर 2022 दिन-सोमवार को सुबह 10:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक श्री अग्रसेन भवन चंद्रपुर में संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर के पदाधिकारी/सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया है, तथा बैठक की जानकारी देते हुए संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर के महामंत्री राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक विगत महीनों अंश होटल रायगढ़ में संपन्न हुई थी, तथा द्वितीय बैठक चंद्रपुर में होगी, जिसमें बैठक का आयोजन संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर के अध्यक्ष अधिवक्ता बाबूलाल अग्रवाल के मार्गदर्शन में होग,जिसमें 17 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे से 11:00 बजे तक पंजीयन एवं नाश्ता, सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक बैठक का प्रथम सत्र,दोपहर 1:45 बजे से 2:30 बजे तक दोपहर भोजन लंच, दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक द्वितीय सत्र, शाम 4:00 बजे से 4:30 बजे तक खुला सत्र, एवं शाम 4:30 बजे से 5:00 बजे तक हाई टी एवं समापन कार्यक्रम होगा,संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर के महामंत्री राजेंद्र अग्रवाल राजू ने बताया है कि बैठक में पिछली बैठक की कार्रवाई का पठन एवं अनुमोदन, महासभा के पदाधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुति, आगामी दिनों में आंचलिक विवाह योग्य परिचय सम्मेलन करने के संबंध में चर्चा सुझाव एवं निर्णय, संभागिय अग्रवाल महासभा बिलासपुर द्वारा स्थापित चिकित्सा एवं शिक्षण समिति के स्थाई कोष को मजबूत बनाने के संबंध में आवश्यक चर्चा एवं निर्णय, संभागीय अग्रवाल महासभा संस्था के बायलॉज में आवश्यक संशोधन हेतु प्रस्ताव आमंत्रण एवं चर्चा की जाएगी, साथ ही अन्य विषयों पर चर्चा अध्यक्ष की अनुमति से होगी,महामंत्री राजेंद्र अग्रवाल राजू ने बताया है कि बैठक के पश्चात मां चंद्रहासिनी देवी एवं श्री गोपाल जी महाप्रभु मंदिर के दर्शन का भी संयुक्त कार्यक्रम एवं पूजा अर्चना रखी गई है।

# प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का 118 वीं जयंती धूमधाम से मनी

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मुंगेली के द्वारा समाज के कुल गौरव भारत रत्न, देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का 118 वीं जयंती बड़ी धूम धाम से समाज के जिलाध्यक्ष सोम वर्मा के निवास मे मनाया गया। इस अवसर पर सोम वर्मा जिलाध्यक्ष कायस्थ समाज मुंगेली ने अपने उद्बोधन मे बताया की 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान देश का नेतृत्व शास्त्री जी ने किया उनका नारा जय जवान, जय किसान (सैनिक की जय हो, किसान की जय हो ) युद्ध के दौरान बहुत लोकप्रिय हुआ, युवा जिलाध्यक्ष जीवन श्रीवास्तव ने बताया की शास्त्री जी गांधी जी से प्रभावित होकर 1920 के दशक में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हो गए उन्होंने सर्वेंट्स ऑफ़ द पीपल सोसाइटी के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया (लोक सेवक मंडल), लाला लाजपत राय द्वारा स्थापित और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में प्रमुख पदों पर रहे, युवा प्रदेश सह सचिव स्वप्निल वर्मा ने बताया की शास्त्री जी भारत के दूसरे प्रधानमंत्री,तीसरे विदेश मंत्री, रेल मंत्री व छठवें गृह मंत्री के रूप मे अपनी सेवा दी आज हम उनकी 118वीं जयंती मे शामिल होने आये हैं सभी उनके जीवन की उपलब्धियों को पढ़ें जाने ये आग्रह किया गया इस अवसर पर समाज के प्रमुख सदस्यरू-रमेश श्रीवास्तव, अनीष श्रीवास्तव, नीरज वर्मा, कमल श्रीवास्तव, वंदना निगम, साधना वर्मा, सीमा वर्मा, ममता श्रीवास्तव, अनीता वर्मा,रीता वर्मा, पवित्र निगम, शिवम श्रीवास्तव व अन्य उपस्थित रहे ।

## खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 के लिए धान खरीदी 1 नवंबर से

# 97 उपार्जन केन्द्रों में पंजीकृत कृषकों से होगी धान की खरीदी

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप खरीफविपणन वर्ष 2022-23 हेतु समर्थन मूल्य पर 01 नवंबर से धान की खरीदी की जाएगी। जिले के 66 सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से 97 उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत कृषकों से धान की खरीदी की जाएगी। कलेक्टर ने धान खरीदी की पूरी व्यवस्था पर पर्यवेक्षण एवं निगरानी रखने एवं धान उपार्जन तथा उसका परिदान और बारदानों की समुचित उपलब्धता के संबंध में धान उपार्जन केंद्रो के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि धान उपार्जन केंद्र दाऊकापा के लिए तहसीलदार लोरमी छाया अग्रवाल, धान उपार्जन केन्द्र खाम्ही के लिए सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी लोरमी राजेन्द्र निर्मलकर, धान उपार्जन केन्द्र साल्हेघोरी के लिए नागरिक आपूर्ति निगम के सहायक प्रबंधक रमेश तिवारी, धान उपार्जन केन्द्र खपरीकला के लिए श्रम पदाधिकारी डॉ. के. के. सिंह, धान उपार्जन केन्द्र लगरा के लिए नायब तहसीलदार लोरमी महेश्वर उईके, धान उपार्जन केन्द्र अखरार के लिए सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत जायसवाल, धान उपार्जन केन्द्र डिंडौरी के लिए जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता जी.ए. सलीम, धान उपार्जन केन्द्र गुरूवाईनडबरी के लिए नायब तहसीलदार लालपुर सुशील कुलमित्र, धान उपार्जन केन्द्र झोंका के लिए वेयर हाउस लोरमी के शाखा प्रबंधक अनिल कश्यप, धान उपार्जन केन्द्र बोड़तरा के लिए जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी के. के. सिंह, धान उपार्जन केन्द्र चंदली के लिए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी लोरमी के डी. एस. राजपूत, धान उपार्जन केन्द्र झाफल के लिए सहायक खाद्य अधिकारी लोरमी हरिशरण सिंह क्षत्रिय, धान उपार्जन केन्द्र फूलझर के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग लोरमी के अनुविभागीय अधिकारी एन. के. तिवारी, धान उपार्जन केन्द्र डोंगरिया के लिए सहकारिता विस्तार अधिकारी लोरमी एन. के. कश्यप, धान उपार्जन केन्द्र खुड़िया के लिए नायब तहसीलदार लोरमी राहुल कौशिक, धान उपार्जन केन्द्र नवाडीह के लिए सहकारिता निरीक्षक दुर्गा सोनी, धान उपार्जन केन्द्र वेंकट नवागांव के लिए महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश सिंह, धान उपार्जन केन्द्र विचारपुर के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के प्रबंधक प्रभाकर सिंह, धान उपार्जन केन्द्र मनोहरपुर के लिए पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक डॉ. ए. के. मरकाम, धान उपार्जन केन्द्र तेली मोहतरा के लिए जनपद पंचायत लोरमी के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजीव तिवारी, धान उपार्जन केन्द्र उजियारपुर के लिए लोक निर्माण विभाग के उप अभियंता एस. के. रौनियार गुप्ता, धान उपार्जन केन्द्र सुरेठा के लिए सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मुंगेली के गोपाल दुबे, धान उपार्जन केन्द्र पैजनिया के लिए वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी लोरमी धनंजय कुर्रे, धान उपार्जन केन्द्र लोरमी के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी लोरमी संविना अनंत।

# मासूम की मौत के बाद शव वाहन नहीं हुआ नसीब पिता बाइक में ले गया बेटे का शव

## बीच रास्ते में समाजसेवी ने उपलब्ध कराया शव वाहन

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com



पांच साल के पुत्र की मौत के बाद पिता को मेडिकल कालेज अस्पताल में शव वाहन की सुविधा नहीं मिल सकी। उसने बाइक में किसी तरह शव को रख बच्चे के अंतिम संस्कार करने की प्रक्रिया पूर्ण करने अस्पताल से रवाना हो गया। अभी वह कुछ दूर ही पहुंचा था कि कुछ लोगों ने शव वाहन की व्यवस्था कर व्यथित पिता को राहत पहुंचाई। खरमोरा के रुद्र नगर में रहने वाले राजेश चौरसिया का पुत्र हेमंत चौरसिया पांच साल कुछ दिन से अस्वस्थ चल रहा था। रविवार की रात 11 बजे अचानक उसकी तबियत खराब हो गई। आनन फानन में उसे मेडिकल कालेज स्थित अस्पताल लेकर पहुंचा। रास्ते में ही बच्चे की मौत हो गई, अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। चूंकि अस्पताल में बच्चे को मृत अवस्था में लाया गया था, इसलिए पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूर्ण किया जाना था। इसलिए रात को शव मर्च्यूरी में रखा दिया गया : सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को पिता राजेश के सुपुर्द कर दिया गया। शव को घर तक पहुंचने की गुजारिश राजेश अस्पताल के कर्मचारियों से करता रहा, पर शव वाहन उपलब्ध नहीं होने की बात पल्ला झाड़ लिए। उसकी आर्थिक स्थिति भी ऐसी नहीं थी कि अपने स्तर पर वाहन की बुकिंग कर सके, लिहाजा उसने एक सहयोगी के साथ बाइक में पीछे बैठ कर बच्चे को शव गोद में रख लिया और घर जाने रवाना हो गया।अस्पताल परिसर में खड़े कुछ जागरूक लोगों को इसकी जानकारी लगी और उन्होंने अस्पताल परिसर में ही संचालित एक होटल के संचालक से शव वाहन उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उसने यह बात सहज स्वीकार कर लिया और रास्ते में रोक कर राजेश को शव वाहन उपलब्ध कराया गया। सहचार्य प्रयास से शव वाहन तो मिल गया, पर न जाने कितने ही जरूरतमंद स्वजन हैं, ओ अपने को खोने के बाद शव को घर तक ले जाने मशक्कत करते हैं। बता दें कि डायल 1099 में मुक्तांजलि योजना के तहत निःशुल्क शव वाहन की सेवा उपलब्ध कराई जानी है। इसके लिए पूरे जिले में केवल दो शव वाहन की व्यवस्था है। इसमें एक कटघोरा व दूसरा मेडिकल कालेज अस्पताल को उपलब्ध कराया गया है। बताया जा रहा है, कि मेडिकल अस्पताल का शव वाहन खराब हो गया है और उसे मरम्मत के लिए गैरेज भेजा गया है। इस वजह से कटघोरा का शव वाहन कोरबा बुला लिया गया है। वह वाहन भी उस वक्त उपलब्ध नही था। बताया जा रहा है कि जिले के अंदर ही शव वाहन की सुविधा दी जाती है। मुक्तांजलि के लिए बनाए गए इस कायदे का भी जमकर उल्लंघन किया जा रहा। सूत्रों का दावा है कि एक शव वाहन जो मेडिकल अस्पताल में उपलब्ध था, उसे भैयाथान भेज दिया गया, यह अंबिकापुर जिले में है। यह गड़बड़ी वाहन के चालक के स्तर पर की गई, या फिर अधिकारियों की भी इसमें सहभागिता रही, यह तो जांच के बाद ही पता चल सकेगा। बहरहाल इस तरह कायदों की अनदेखी किए जाने की वजह से आवश्यकता पडने पर जरूरतमंदों को इसकी सुविधा नहीं मिल पाती। दो एंबुलेंस में एक खराब है और दूसरा एंबुलेंस शव छोडने गया था, इसलिए उपलब्ध नहीं हो पाया। इस तरह की परिस्थितियों में समाजसेवी संगठनों से संपर्क कर शव वाहन की व्यवस्था कराई जाती है। मुझे इसकी जानकरी नहीं लग पाई, नहीं तो ऐसी स्थिति निर्मित नही होती।

# कुसमी में शर्मा परिवार की तीन पीढ़ियों ने रामलीला में दिया योगदान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम कुसमी विकासखंड बेमेतरा में पांच दिवसीय लीला का मंचन किया जा रहा है जिसमें प्रथम दिन नारद मोह दूसरे दिन राम जन्म का लीला दिखाएं गया राम जन्म में शर्मा परिवार की तीसरी पीढ़ी का अनंत शर्मा मंडली में राम के रूप में अदा किया गया इस लीला मंडली में 3 वर्षीय बालिका के साथ छोटे-छोटे बच्चे किरदार निभाते हैं जिसे 5 वर्ष 10 वर्ष के बच्चे के साथ ही इसमें 50 साल की उम्र तक के सभी सदस्य भाग लेते हैं व्यास के किरदार पर सूरदास जिसकी आंख नहीं दिखती वह पेटी पर संगत करता है लीला को देखने आसपास के करीब 10 गांव के व्यक्ति पहुंचते हैं आदर्श रामलीला मंडली द्वारा प्रतिवर्ष लीला का आयोजन किया जाता है 5 तारीख दशहरा को दशहरा मैदान में भव्य कुंभकरण वध मेघनाथ वध रावण वध की लीला दिखाएं जाएगा और उनका दहन भी किया जाएगा स्वर्गीय दयाल शर्मा द्वारा प्रथम लीला मंचन के बाद उनके स्वर्गवास होने पर उनके नाती जितेंद शर्मा ने आगे की कार्य भार सँभाली अब उसके पुत्र अनंत शर्मा इस लीला मंडली पर भी किरदार कर रहे हैं इस तरह से परिवार की तीसरी पीढ़ी आज इस लीला मंडली में काम कर रही है । 55 वर्षों से यहां लीला का मंचन किया जा रहा है इस संबंध मे ग्राम कुसमी के निवासी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि ग्राम-कुसमी (बेमेतरा) के आदर्श लीला मण्डली में कल के मंचन में मेरे परिवार के तीसरी पीढ़ी यानी मेरे 10 वर्षियी पुत्र अनंत शर्मा का राम के किरदार में प्रथम मंचन हुआ। मेरे दादा स्व.शिवदयाल शर्मा ने 55 वर्ष पूर्व इस रामलीला मण्डली की शुरू किया था। जो भी जारी है। मुझे वास्तविक जीवन में पिता पुत्र के रिश्ते के साथ ही मंच में भी राजा दशरथ व वशिष्ठ का अदा किया जिसमें एक पिता के साथ पुत्र के गुरु बनने के लीला मंच पर अवसर आया। रामलीला में राम के पात्र अनंत शर्मा जितेंद्र शर्मा रावण का पात्र की भूमिका में राजू देवांगन मेघनाथ की भूमिका में छत्रकुमार देवांगन विश्वामित्र की भूमिका में फत्ते साहू वशिष्ठ की भूमिका में अश्वनी साहू परसराम की भूमिका में चंद्र कुमार देवांगन जोकर की भूमिका में संजय तिवारी फेरहा साहू सुरेश वर्मा राजेंद्र साहू धनंजय साहू भानु साहू पल्लवी मानसी रागिनी सरस्वती निहारिका ज्योति रामअनुज वर्मा ।

# तीन दिवसीय गरबा का समापन, आकर्षक परिधान के साथ गरबे में झूमे लोग

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदा बाजार
www.dailypioneer.com




नगर भवन में तीन दिवसीय रास गरबा का आयोजन संपन्न हुआ। आयोजन के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में अंजय शुक्ला भाजपा वरिष्ठ नेता एवं टंक राम वर्मा रूप में उपस्थित हुए मुख्य अतिथि का स्वागत सविता प्रदीप साहू द्वारा किया गया आयोजक समिति की ओर से सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। पांच दिवसीय गरबा शुक्रवार पंचमी से जारी है 3 दिन तक गरबे के रूम पर प्रतिभागी जबरदस्त परफारमेंस किए । प्रतिदिन शाम को होने वाले इस आयोजन में बड़ी संख्या में शहर के युवा सम्मिलित हुए आयोजक समिति की ओर से प्रतिदिन बेस्ट गरबा कपल ग्रुप, बेस्ट फेमिली ग्रुप व् बेस्ट परिधान के आधार पर पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। गरबा में समाज सभी लोग इसमें सम्मिलित हुए, और मां अंबे की गीतों पर गरबा नृत्य के माध्यम से झूमते हुए मां की आराधना की समिति के सदस्य का विशेष योगदान रहा समिति के लोगों ने दिन रात मेहनत करके इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है सविता प्रदीप साहू (पार्षद व अध्यक्ष महिला साहू समाज जिला बलौदा बाजार) मीना अजय गुप्ता सरिता राजेश गुप्ता जीवीप्रियंका अभिषेक साहू रुचि जैन कुश केडिया सिद्धि रवि नागवानीसचिन जायसवाल जिगर साहू अंबिका साहू खुशी गुप्ता हर्षिता गुप्ताअमन तिवारी दुर्गेश गुप्ता रितेश गुप्ता दिव्यांशु साहू माही समिति के आयोजक सविता प्रदीप साहू पार्षद व जिलाध्यक्ष महिला साहू समाज ने बताया कि शहर में छोटे छोटे सामाजिक स्तर पर कॉलोनी स्तर पर गरबा आयोजन होता है । मगर नगर भवन जहां पूरा शहर छोटा बड़ा गरीब अमीर सभी जाति के लोग मिल कर गरबा मनाते हैं विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं शगुन जैन और अर्जुन पंजवानी माही परसवानी नेहा मुकेश तिवारी अनामिका सूरज राजपूत प्रमुख विजेता रहे।

# मार्ग की बदहाली को लेकर हिंदू क्रांति सेना ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

जिले के कुसमुंडा मार्ग का निर्माण कछुए की चाल में निर्माण हो रही है,जिसके चलते आवागमन काफी प्रभावित हो रही है और जनता परेशान हो रहे हैं। जन हित को ध्यान में रखते हुए हिंदू क्रांति सेना ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है जिसमें लिखा गया है की अगर कोरबा कुसमुंडा मार्ग का बदहाली से प्रशासन जनता को तुरंत राहत दिलाने हेतु ठोस कदम उठाए अन्यथा हिंदू क्रांति सेना उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगा। हिंदू क्रांति सेना के अध्यक्ष राहुल चौधरी ने हॉस्पिटल,विद्यालय का जिक्र करते हुए बताया कि कोरबा कुसमुंडा मार्ग का बदहाली के चलते आपात काल के दौरान भी लोगो को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ता है।

# बलदेव फर्नीचर में होम,कॉर्पोरेटर आफिस व स्कूल फर्नीचर की विशाल रेंज





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

**रायपुर।** बलदेव फर्नीचर में स्टील फर्नीचर,कॉरपोरेट आफिस फर्नीचर, हॉस्पिटल फर्नीचर, स्कूल फर्नीचर एवं होम फर्नीचर उपलब्ध है। संचालक जसविंदर सिंह ने बताया कि हमारे यहां सभी प्रकार के फर्नीचर, मोल्डेड फर्नीचर, कंप्यूटर फर्नीचर, ऑफिस फर्नीचर, हॉस्पिटल फर्नीचर, इंस्टीट्यूटनल फर्नीचर, बैडरूम सेट, सोफे सेट, डाइनिंग सेट, रैक लाइनर आउटडोर फर्नीचर,शो केश सोफे कम बेड,लॉबी सेट,सेंटर टेबल की विशाल रेंज उपलब्ध है। हमारे यहाँ क्वालिटी का विशेष ध्यान रखा जाता है । इसके अलावा विभिन्न कंपनियों के फर्नीचर जैसे -गोदरेज के सेफ (लॉकर) गोदरेज के इंटीरियर फर्नीचर, नीलकमल के फर्नीचर, नीलकमल के गद्दे एवं पूजा के मोल्डेड फर्नीचर भी शो रूम में उपलब्ध हैं। समय के साथ-साथ फर्नीचर में नये डिजाइन एवं वैरायटी उपलब्ध कराए जाते हैं । 43 वर्षो का अनुभव, गुणवत्ता व वाजीव एवं सर्विस ही बलदेव फर्नीचर की

# दीवार ढहा जद में आए 3 सगे भाई, बुझ गया घर का चिराग



पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

जिले से एक बड़ी दिल दहला देने वाली दुःखद खबर निकलकर सामने आई है। बारिश के कारण दीवार ढहने से एक ही परिवार के 3 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई है मौत से गांव और परिवार में मातम पसर गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दिल पसीजने वाली यह घटना पाली थाना क्षेत्रान्तर्गत राहा गांव की है। बताया जा रहा है कि सोमवार शाम 5 बजे तीनों बच्चे दीवार के पास खेल रहे थे। पिछ्ले कई दिनों से हुई बारिश के कारण दीवार में नमी आ गई थी। जिसके कारण दीवार अपने आप गिर गया। जिसकी जद में तीनों बच्चे रूपेश यादव 8 वर्ष,रितेश यादव 6 वर्ष एवं रूपेश यादव 4 वर्ष आ गए। ग्रामीणों की सहायता से तीनों बच्चों को निकाला गया। तीनों बच्चों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है ,वहीं पूरे गांव में मातम पसरा है। घटना की सूचना मिलते ही पाली पुलिस आगामी कार्रवाई में जुट गई है। घटना के वास्तविक कारणों की जांच में जुटी है।

# ऑल इंडिया हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी में नये वैरायटी व फ्रेश स्टॉक

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



एलआईसी बिल्डिंग के सामने, सिविल लाइंस में लॉन टेनिस चर्च ग्राउंड स्थित गॉस मेमोरियल में चल रहे ऑल इंडिया हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी-सह-बिक्री में नये वैरायटी और फ्रैश स्टॉक आटयम्स आये हुए हैं. प्रदर्शनी को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है. इस आयोजन में संपूर्ण भारत से क्राफ्ट्समैन एंव विवर्स अपने हैंडलूम व हैंडीक्राफ्ट आइटम्स के साथ एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं, जिसमें टेराकोटा, फर्नीचर, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट प्रोडक्ट, किचनवेयर, साड़ियों का विशाल संग्रह, लेडिस कुर्ती व टॉप, लेडीज एण्ड जेन्ट्स गारमेन्ट्स के अलावा और भी बहुत कुछ है. उपरोक्त जानकारी प्रदर्शनी के संचालक मुकेश प्रजापति ने दी. उन्होने बताया कि इस आयोजन में देश के प्रमुख शहरों से हैंडलूम व हैंडीक्राफ्ट आइटम्स प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए रखे गये हैं. इसमें उत्तर प्रदेश के भदोही के कारपेट, लखनवी चिकन सूट, ड्रेस, खादी शर्ट, बनारसी सिल्क साड़ियां, खुर्जा क्रॉकरी, सहारनपुर फर्नीचर, मुंबई की फैंसी ज्वेलरी, राजस्थान की शानदार कलरफुल मोजड़ी, अचार, चूरन, सुपारी, जयपुरी बैंगल्स, बंगाल की कलकत्ता सिल्क साड़ियां, कश्मीर की पश्मीना शॉल, सूट, साड़ी, पंजाब की पंजाबी फुलकारी, ड्राई फ्लावर, बच्चों के खिलौने, बिहार की भागलपुरी सिल्क वस्तुएं, हरियाणा की बेडशीट, चादर, टेराकोटा, सोफा कवर, पर्दे व मध्य प्रदेश से चंदेरी सूट, साड़ियां तथा छत्तीसगढ़ की कोसा साड़ी, सूट, बेल मेटल के अलावा अन्य कई आकर्षक हैंडलूम व हैंडीक्राफ्ट आइटम्स प्रदर्शित किये गये हैं. इन आयटम्स की खरीदी पर 20 प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है. आयोजन सीमित दिनों के लिए है.

# शांति समिति की मीटिंग लेकर दशहरा और ईद-ए-मिलाद का पर्व सद्भावना से मनाने की अपील

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा के मीटिंग हाल में जिले के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जितेन्द्र कुमार शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेंद्र सिंह के द्वारा मां दुर्गा प्रतिमा की विसर्जन, दशहरा और ईद-ए-मिलाद को मद्देनजर रखते हुये जनप्रतिनिधियों एवं दुर्गा उत्सव समितियों एवं सर्वसमाज की उपस्थिति मे शांति समिति की मीटिंग ली गई । जिसमें मां दुर्गा प्रतिमा की विसर्जन करने, दशहरा और ईद-ए-मिलाद का पर्व सद्भावना एवं सौहाद्रपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें मां दुर्गा प्रतिमा की विसर्जन हेतु प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थान में ही विसर्जन करने एवं अपने-अपने गांव /शहर में सौहार्द एवं शांति पूर्ण दशहरा और ईद-ए-मिलाद मनाने तथा साम्प्रदायिक, असामाजिक एवं रूढीवादी तत्वों पर सतत निगाह रखने, विसर्जन के दौरान कोई अश्लील व अभद्र व्यवहार न हो इसका पूर्ण ध्यान रखने, रात्रिकालीन धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा मूर्ति विसर्जन के दौरान किसी प्रकार का अश्लील डांस/नृत्य तथा अशोभनीय गानों का संचालन न हों जिससे किसी भी धर्म संप्रदाय के धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे, इसका भी ध्यान रखने एवं ध्वनि विस्तारक का प्रयोग पूर्ण संयमता के साथ करने के संबंध में निर्देश दिया गया। इस दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने, विसर्जन के दौरान नदी, तालाबों एवं अन्य विसर्जन स्थलों के आसपास तैराकों/गोताखोरों की विशेष व्यवस्था करने, ताकि संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। इस दौरान बाहर से आने वाले लोगों एवं संदिग्धों पर विशेष निगाह रखने तथा साम्प्रदायिक सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं मां दुर्गा प्रतिमा की विसर्जन एवं दशहरा और ईद-ए-मिलाद के दौरान शहर की सामाजिक सदभावना को हर हाल में बनाए रखने हेतु अपील की गई। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर डां. अनिल बाजपेयी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा,एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, संयुक्त कलेक्टर युगल किशोर उर्वशा, सीएमओ भुपेन्द्र उपाध्याय, डां. ज्योति जेसाठी, एई गुलाब राम साहू, तहसीलदार नायब तहसीलदार, अध्यक्ष सिंधी समाज प्रकाश शीतलानी, प्रीतपाल सिंह छाबडा, कमलजीत दत्ता।

# किशनपुर में प्रकट हुआ शिवलिंग, भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल ने किया दर्शन

## मंदिर निर्माण के लिए एक लाख ग्यारह हजार रुपये का दिया सहयोग



पायनियर संवाददाता ◄ बसना
www.dailypioneer.com

विधानसभा बसना क्षेत्र के ग्राम किशनपुर के किसान लिंगराज बारिक के खेत में 15 दिन पूर्व शिवलिंग प्रकट होने की खबर सोशल मीडिया तेजी से फैलने लगा। देखते ही देखते गाँव में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पडा, शिवलिंग के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु खेत पहुंचकर पूजा अर्चना कर रहे हैं। दिनभर श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहता है। ग्राम के सतीश ने बताया कि आसपास के सैकड़ों भक्त गाँव के ही किसान लिंगराज बारीक के खेत में शिवलिंग प्रकट होने पर पूजा अर्चना किया जा रहा है। वहीं नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक व नगर पंचायत बसना पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल को खबर मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नीलांचल सेवा समिति सदस्यों के साथ दर्शन करने पहुंचे और शिवलिंग प्रकट स्थल पहुँच कर पूजा अर्चना कर जलाभिषेक करते हुए क्षेत्रवासियों की मंगल कामना करते हुए एक लाख ग्यारह हजार रुपये मंदिर निर्माण हेतु सहयोग किया गया। इस दौरान नीलांचल सेवा समिति किशनपुर सेक्टर प्रभारी सतीश प्रधान, कोलता समाज प्रमुख थबीर साहू, भगतदेवरी सेक्टर प्रभारी किरण पटेल, छिबर्रा सेक्टर प्रभारी चमन सेन, लाखागढ सेक्टर प्रभारी बालमुकुंद साहू, सुखीपाली सेक्टर प्रभारी कन्हैया प्रधान, बसंत पटेल, उग्रसेन पटेल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहें।

# नगर सहित ग्रामीण अचंल के दुर्गा पंडालों में हवन पूजन

**सिमगा।** शारदीय नवरात्रि के समापन पर नगर के आजाद दुर्गा उत्सव समिति के दुर्गा पंडाल में पूरे विधि विधान के साथ पंडित राजेश चतुर्वेदी ने हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न कराया हवन पूजन में पूरे आस्था एवं उत्साह के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं दोपहर को पंडाल में कन्या भोज का आयोजन किया गया जंहा 151 कुवांरी कन्याओं का पूजन कर भोजन कराकर भेंट स्वरूप श्रृंगार चुनरी प्रदान किया गया। वहीं संध्या के समय जगत जननी मां अंबे मैया की मंगल आरती किया गया ततपश्चात प्रसाद का वितरण किया गया माता के पंडाल में देर रात तक माता सेवा चलता रहा इस अवसर पर समिति के राजवर्धन भोसले नीरज जैन।


**न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202209140400017/अ-6/2021-22

**// उदघोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तौकीर मेमन पिता मोहम्मद जावेद जाति मुसलमान निवासी म.न. 6/251 शीतलापारा कांकेर कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा मोहल्ला माहुरबंदपारा कांकेर में स्थित भूखण्ड क्रमांक 70 भूमि शीट नं 11 सी, प्लाट नं 2/29 प्लाट नं. 03 शामिल नं. में से क्षेत्रफल 143.96 व.मी. या 1549 व.मी. या 1549.06 वर्गफुट खाली जगह भू-भाटक 390.00 रू. श्रीमती त्रिपुरेश्वरी देवी पति स्व. उदय प्रताप देव, कु. अनुराधा देवी, आदित्य प्रताप देव, राजेश्वरी देवी पति सूर्य प्रतापदेव, ना.बा. सुर्याक्षी देवी, ना.बा. सुर्यादित्य प्रताप देव पिता स्व. सूर्यप्रताप देव, अश्विनी प्रताप देव पिता उदय प्रतापदेव नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को कीमती 11,23,068.00 रू. (ग्यारह लाख तेईस हजार अड़सठ रू.) में क्रय कर दिनांक 08.08.2022 को उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये विक्रेता का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किये जाने छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् ओवदन पेश किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 27/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर

**न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202209140400016/अ-6/2021-22

**// उदघोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रूबीना बानो पति मोहम्मद जावेद जाति मुसलमान निवासी म.न. 6/251 शीतलापारा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा मोहल्ला माहुरबंदपारा कांकेर में स्थित भूखण्ड क्रमांक 22 भूमि शीट नं 11 सी, प्लाट नं 2/29 प्लाट नं. 03 शामिल नं. में से क्षेत्रफल 193.08 व.मी. या 2077.52 वर्गफुट खाली जगह भू-भाटक 450.00 रू. श्रीमती त्रिपुरेश्वरी देवी पति स्व. उदय प्रताप देव, कु. अनुराधा देवी, आदित्य प्रताप देव, राजेश्वरी देवी पति सूर्य प्रतापदेव, ना.बा. सुर्याक्षी देवी, ना.बा. सुर्यादित्य प्रताप देव पिता स्व. सूर्यप्रताप देव, अश्विनी प्रताप देव पिता उदय प्रतापदेव नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को कीमती 15,06,202.00 रू. (पन्द्रह लाख छः हजार दो सौ रू.) में क्रय कर दिनांक 08.08.2022 को उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये विक्रेता का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किये जाने छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् ओवदन पेश किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 27/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर

**न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202209140400015/अ-6/2021-22

**// उदघोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डुमेश्वर सोनी पिता चम्पा लाल सोनी जाति सोनार निवासी म.न. 11 सी, प्लाट नं. 2/29 प्लाट नं. 03 शामिल नं. में से क्षेत्रफल 71.22 व.मी. या 766.33 वर्गफुट खाली जगह भू-भाटक 350.00 रू. श्रीमती त्रिपुरेश्वरी देवी पति स्व. उदय प्रताप देव, कु. अनुराधा देवी, आदित्य प्रताप देव, राजेश्वरी देवी पति सूर्य प्रतापदेव, ना.बा. सुर्याक्षी देवी, ना.बा. सुर्यादित्य प्रताप देव पिता स्व. सूर्यप्रताप देव, अश्विनी प्रताप देव पिता उदय प्रतापदेव नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को कीमती 5,56,600.00 रू. (पांच लाख पचपन हजार छः सौ रू.) में क्रय कर दिनांक 18.08.2022 को उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये विक्रेता का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किये जाने छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् ओवदन पेश किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 27/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर

**न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202209140400014/अ-6/2021-22

**// उदघोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती जेबा पति वाहिद जाति मुसलमान निवासी म.न. 6/251, शीतलापारा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा मोहल्ला माहुरबंदपारा कांकेर में स्थित भूखण्ड क्रमांक 20 भूमि शीट नं. 11सी, प्लाट नं. 2/29 प्लाट नं. 03 शामिल नं. में से क्षेत्रफल 167.45 व.मी. या 1081.71 वर्गफुट खाली जगह भू-भाटक 350.00 रू. श्रीमती त्रिपुरेश्वरी देवी पति स्व. उदय प्रताप देव, कु. अनुराधा देवी, आदित्य प्रताप देव, राजेश्वरी देवी पति सूर्य प्रतापदेव, ना.बा. सुर्याक्षी देवी, ना.बा. सुर्यादित्य प्रताप देव पिता स्व. सूर्यप्रताप देव, अश्विनी प्रताप देव पिता उदय प्रतापदेव नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को कीमती 13,06,240.00 रू. (तेरह लाख छः हजार दौ सौ चालीस रू.) में क्रय कर दिनांक 18.08.2022 को उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये विक्रेता का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किये जाने छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् ओवदन पेश किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 27/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर

**न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202209140400010/अ-6/2021-22

**// उदघोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुहम्मद इरफान पिता मुहम्मद करीम भाई जाति मुसलमान निवासी म.न. 23, जनकपुर वार्ड टिकरापारा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा मोहल्ला माहुरबंदपारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 11 सी, प्लाट नं 2/29 प्लाट नं. 03 शामिल नं. में से क्षेत्रफल 57.60 व.मी. या 619.78 वर्गफुट खाली जगह भू-भाटक 350.00 रू. श्रीमती त्रिपुरेश्वरी देवी पति स्व. उदय प्रताप देव, कु. अनुराधा देवी, आदित्य प्रताप देव, राजेश्वरी देवी पति सूर्य प्रतापदेव, ना.बा. सुर्याक्षी देवी, ना.बा. सुर्यादित्य प्रताप देव पिता स्व. सूर्यप्रताप देव, अश्विनी प्रताप देव पिता उदय प्रतापदेव नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को कीमती 4,49,350.00 रू. (चार लाख उनचास हजार तीन सौ पचास रू.) में क्रय कर दिनांक 18.08.2022 को उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये विक्रेता का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किये जाने छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् ओवदन पेश किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 27/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर

**न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202209140400011/अ-6/2021-22

**// उदघोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जावेद पिता गुलाम भाई जाति मुसलमान निवासी म.न. 201 शीतलापारा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा मोहल्ला माहुरबंदपारा कांकेर में स्थित भूखण्ड क्रमांक 68 भूमि शीट नं. 11 सी, प्लाट नं 2/29 प्लाट नं. 03 शामिल नं. में से क्षेत्रफल 197.51 व.मी. या 2125.16 वर्गफुट खाली जगह भू-भाटक 552.00 रू. श्रीमती त्रिपुरेश्वरी देवी पति स्व. उदय प्रताप देव, कु. अनुराधा देवी, आदित्य प्रताप देव, राजेश्वरी देवी पति सूर्य प्रतापदेव, ना.बा. सुर्याक्षी देवी, ना.बा. सुर्यादित्य प्रताप देव पिता स्व. सूर्यप्रताप देव, अश्विनी प्रताप देव पिता उदय प्रतापदेव नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को कीमती 15,40,741.00 रू. (पन्द्रह लाख चालीस हजार सात सौ इकचालीस रू.) में क्रय कर दिनांक 08.08.2022 को उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये विक्रेता का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किये जाने छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् ओवदन पेश किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 27/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर

**न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202209140400012/अ-6/2021-22

**// उदघोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नसीम बानो पति मुहम्मद इरफान जाति मुसलमान निवासी म.न. 23, जनकपुरवार्ड टिकरापारा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा मोहल्ला माहुरबंदपारा कांकेर में स्थित भूखण्ड क्रमांक 21 भूमि शीट नं. 11 सी, प्लाट नं 2/29 प्लाट नं. 03 शामिल नं. में से क्षेत्रफल 167.45 व.मी. या 1081.71 वर्गफुट खाली जगह भू-भाटक 350.00 रू. श्रीमती त्रिपुरेश्वरी देवी पति स्व. उदय प्रताप देव, कु. अनुराधा देवी, आदित्य प्रताप देव, राजेश्वरी देवी पति सूर्य प्रतापदेव, ना.बा. सुर्याक्षी देवी, ना.बा. सुर्यादित्य प्रताप देव पिता स्व. सूर्यप्रताप देव, अश्विनी प्रताप देव पिता उदय प्रतापदेव नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को कीमती 13,06,240.00 रू. (तेरह लाख छः हजार दो सौ चालीस रू.) में क्रय कर दिनांक 18.08.2022 को उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये विक्रेता का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किये जाने छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् ओवदन पेश किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 27/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर

# सेवा पंडाल लगाकर कराया गया पैदल यात्रियों को भोजन

■ समिति ने पदयात्रियों के आराम की व्यवस्था भी की

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर के जय स्तंभ चौक के पास नगर के युवाओं द्वारा सेवा पंडाल लगाकर नवरात्र में पूरे नौ दिन मां बमलेश्वरी के लिए निकले पैदल यात्रियों को सुबह से लेकर शाम तक भोजन की व्यवस्था एवं आराम करने की व्यवस्था की गई। पूरे नवरात्र नगर के युवाओं द्वारा लगातार यात्रियों की सेवा पंडाल लगाकर किया गया। शारदीय नवरात्र पर दिन-रात पैदल यात्रियों का तांता पूरे नौ दिन तक लगा रहा। युवाओं द्वारा नगरवासियों से सहयोग लेकर नौ दिन तक सेवा पंडाल में तैनात रहे। यात्रियों ने भी उनको आशीर्वाद दुआएं देते हुए भविष्य में भी इस तरह सेवा करने की अपेक्षा जाहिर की है। एक छोटा सा पंडाल लगाकर नगर के कुछ युवाओं के द्वारा यह कार्यक्रम शुरू किया गया। बाद में लगातार नगर के और भी लोग इससे जुड़ते गए और सेवा पंडाल में अपनी सेवा देने पहुंचते गए। धीरे-धीरे यह पंडाल बड़ा रूप लेकर सैकड़ों की संख्या में लोगों को एक साथ बैठाकर भोजन कराने में सफल भी हुए। नगर के युवा लगातार इन लोगों से जुड़ रहे हैं एवं सेवा पंडाल में अपनी सेवा दे रहे हैं। महाअष्टमी के दिन भी युवाओं द्वारा नगर एवं आसपास क्षेत्र के दर्शनार्थी जो छुईखदान नगर में विराजे देवियों एवं मंदिरों में दर्शन करने आते हैं उनके लिए भी महाप्रसादी भंडारा का वितरण किया गया। इसमें मुख्य रूप से देवेंद्र सिंह ठाकुर, भुरु भट्ट, विक्की महोबिया, जयकिशन महोबिया, विशाल यादव, मनीष शर्मा, विकास यादव, प्रतीक सिंह, निहाल गुप्ता, महावीर जैन, शुभम भट्ट, गात्रे श्रीवास्तवआदि लोगों ने लगातार अपनी सेवाएं दी।

# बस्तर के आंगा देव एवं गरियाबंद के बाना के साथ 9 को निकाली जाएगी विसर्जन यात्रा

पायनियर संवाददाता ◀ छुईखदान
www.dailypioneer.com



नगर के बईला पसरा जय मां काली बिंदास उत्सव समिति द्वारा विराजित प्रतिमा का विसर्जन लगातार बस्तर के आंगा देव एवं गरियाबंद के बाना के साथ नगर भ्रमण करते हुए होगा। आंगा देव की व्यस्तता के चलते इस साल बिंदास उत्सव समिति की देवी रविवार 9 अक्टूबर को विसर्जन के लिए निकाली जाएगी। जय मां काली बिंदास उत्सव समिति के अध्यक्ष अर्जुन महोबिया ने बताया की इस वर्ष भी बस्तर से आना देव एवं गरियाबंद से बाना का आयोजन किया जा रहा है। नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक से अधिक संख्या में दर्शन करने श्रद्धालुओं से पहुंचने की आग्रह किया गया।

# विजयादशमी : आयोजन की बड़ी तैयारियां विदेश की भव्य आतिशबाजी का नज़ारा

## बॉलीवुड सिंगर आएंगे, आयोजन में लाखों खर्च कर रहीं समितियां

■ दो साल बाद मिली बड़े आयोजन की छूट, 51 फीट तक के रावण के पुतले तैयार हो रहे

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com


विजयादशमी पर भव्य आयोजनों की तैयारियां अंतिम चरणों पर है। शहर में तीन स्थानों पर बड़े आयोजन होने जा रहे हैं। कोविडकाल के बीच इस बार समितियों को आयोजन की पूरी छूट मिली है। ऐसे में सभी समितियों ने बड़ी तैयारियां की है। म्यूनिसपल स्कूल, स्टेट स्कूल और कमला कॉलेज मैदान में होने वाले दशहरा उत्सव के लिए प्रत्येक समितियां 15 से 20 लाख रुपए खर्च कर रहीं हैं।

शहर में 51 फीट तक के रावण का वध किया जाएगा। छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति ने 51 फीट के रावण का पुतला दुर्ग से मंगवाया है। बुधवार को पुतला यहां लाया गया। इस दौरान सड़क में काफी देर तक जाम की स्थिति रही। यहां मुंबई के पार्श्व गायक मधुर शर्मा और ऋचा शर्मा सहित अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम को देखते हुए बुधवार की शाम तक मैदान में बैरिकेटिंग और कुर्सी की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। अन्य तैयारियां अंतिम चरण में है।



### आस्ट्रेलिया, मुंबई की भव्य आतिशबाजी का नज़ारा मिलेगा

स्टेट स्कूल में राष्ट्रीय उत्सव समिति द्वारा एक दिवसीय आयोजन की तैयारियां की गई है। विजयादशमी पर यहां 51 फीट के रावण वध के साथ ही मुंबई और आस्ट्रेलिया की भव्य आतिशबाजी होगी। यहां इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कलाकारों द्वारा अलग - अलग वाद्य यंत्रों के साथ जुगलबंदी की प्रस्तुति भी देखने-सुनने को मिलेगी। समिति अध्यक्ष तथागत पांडेय ने बताया कि कवि सम्मेलन व अन्य आयोजन दिवाली के बाद प्रस्तावित हैं। गौरतलब है कि इस कवि सम्मेलन में कई नामी कवियों ने अब तक शिरकत की है।



### सुमेधा कर्महे आएंगी, आयोजन तैयारियां पूर्ण

कमला कॉलेज मैदान में राजा दिग्विजय दास विजयादशमी उत्सव समिति के आयोजन की तैयारियां भी अंतिम चरणों में है। संरक्षक रुबी गरचा ने बताया कि, समिति के आयोजन का यह 23 वां वर्ष है। इस बार 25 फीट के रावण का पुतला तैयार किया जा रहा है। यहां उड़ीसा की शानदार आतिशबाजी होगी। वहीं गायन क्षेत्र में प्रतिष्ठित रियलिटी शो सारेगामापा में प्रतिभागी रह चुकीं और कई बॉलीवुड फिल्मों में स्वर दे चुकी राजनांदगांव की बेटी सुमेधा कर्महे प्रस्तुति देंगी। रावण का निर्माण मैदान में ही किया गया है।

### 65 फीट के रावण का वध होगा

गौरीनगर में दशहरा पर्व पर रात्रि 7 बजे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति गौरीनगर द्वारा समिति के अध्यक्ष व छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हफीज खान की अध्यक्षता ने बताया कि यहां रावण वध के पूर्व अहमद रजा धमतरी द्वारा भव्य आतिशबाजी की जाएगी। इस वर्ष उक्त महोत्सव का आयोजन भव्य रूप से किया जा रहा है। रावण के पुतले की उंचाई भी बढ़ाकर 65 फीट का आकर्षक रावण तैयार किया जा रहा है।

# किसान कांग्रेस ने गांधी जयंती पर की पदयात्रा

## खुड़मुड़ी में पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com





महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जिला किसान कांग्रेस कमेटी द्वारा ग्राम पेंड्री से खुड़मुड़ी तक 5 किमी की भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन किया गया। पश्चात समापन स्थल पर किसान कांग्रेस कमेटी डोंगरगढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला किसान कांग्रेस के नए पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष मदन साहू के मार्गदर्शन में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। साहू ने आर्यन ग्रुप द्वारा धौराभांठा में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।


डोंगरगांव विधायक व पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन अध्यक्ष दलेश्वर साहू के मार्गदर्शन व आतिथ्य में हुए इस आयोजन में प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष रामविलास साहू, प्रदेश प्रभारी महामंत्री जागेंद्र पांडे, हरि ओम सोनी सहित अन्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर एक बजे ग्राम पेंड्री से हुई। यहां एकत्रित हुए जिला किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों, कार्यकताओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू व प्रदेश पदाधिकारियों सहित जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू व अन्य पदाधिकारियों ने भारत जोड़ो यात्रा के तहत 5 किमी की पदयात्रा की। यह यात्रा ग्राम खुड़मुड़ी में समाप्त हुई। इस मौके पर विधायक दलेश्वर साहू ने किसानों को किसान गमछा व मोमेंटो से सम्मानित किया।

उक्त कार्यक्रम में जिला किसान कांग्रेस के संरक्षक गुलाब वर्मा, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रामक्षत्री चंद्रवंशी, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पंकज बांधव, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा गौकरण वर्मा, ब्लॉक महिला कांग्रेस के अध्यक्ष लता साहू अतिथि बतौर उपस्थित रहे।

# साल्हेटोला में दो दिवसीय जस झांकी प्रतियोगिता का हुआ समापन

■ जगजीत सिंह भाटिया थे मुख्य अतिथि

पायनियर संवाददाता ◀ छुरिया
www.dailypioneer.com



ग्राम साल्हेटोला में दो दिवसीय जस झांकी प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जगजीत सिंह भाटिया, अध्यक्षता खिलेश्वर साहू मण्डल महामंत्री भाजपा, विशेष अतिथि हेमलता महानदियां सरपंच, हेतराम साहू वरिष्ठ भाजपा नेता और शेखर भारद्वाज शामिल हुए।

मुख्य अतिथि जगजीत सिंह भाटिया ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना की और गांव की सुख समृद्धि की कामना की करते हुए क्षेत्र के लिए आशीर्वाद मांगा। भाटिया ने कहा कि नवरात्रि नौ दिन बहुत ही विशेष होते हैं। इन नौ दिनों में प्रत्येक गांव में माता रानी का नवरात्रि का पर्व बड़े धूमधाम मनाया जाता है। इस अवसर पर सभी ग्रामों में मां शीतला मंदिर में ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाते है। जिससे मनोकामना की प्राप्ति होती है।

उन्होंने कहा कि ज्योति कलश का अभिप्राय उजाला में ज्ञान रूपी गंगा प्रकाश डुबकी लगाने का हमें अवसर प्राप्त होता हैं। हम हमारे जीवन में बुराइयों को त्याग कर अच्छाई की ओर बढ़े , और सदाचार अपनाते हुए प्रत्येक व्यक्ति और समाज के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करें। हम जब अच्छाई के मार्ग पर चलते हैं, तो ऊपर वाला भगवान हमारा भला करता है।नवरात्रि में मां की उपासना आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ,धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है।

# शराब बेचते 2 और जुआ खेलते 7 गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◀ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

गंडई पुलिस टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान नगर के समीपस्थ ग्राम पंचायत पेंडरवानी के गौठान में शराब परिवहन कर बिक्री करने वाले आरोपी मनोज रजक के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन मदिरा जप्त कर अपराध धारा 34(1)(ब) आबकारी एक्ट कायम कर गिरफ्तार किया है। टिकरीपारा गण्डई में गोलू कुम्भकार द्वारा अपने चखना दुकान में अवैध शराब पिलाते पाये जाने पर धारा 36 सी आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। वहीं मुखबीर की सूचना पर पंडरिया नदी किनारे रेड कार्यवाही की गई। मौके पर जुआ खेलते आरोपी होली यादव, विरेन्द्र निषाद, सुमरन पटेल, शिवदास डहरिया, नूरखान हेमलाल मण्डावी, प्रेमदास पटेल साकिना गण्डई पंडरिया के विरूद्ध जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है। आरोपियोंके कब्जे से नगदी रकम 1085 रू को जप्त किया गया है।

# कालेज मैदान में होगा 51 फीट का रावण दहन

## इंडियन आइडल फेम जौलीदास देंगी परफार्मेंस

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में दशहरा पर्व परंपरानुसार आयोजित होने जा रहा है। इस अवसर पर कालेज मैदान में 51 फिट का रावण दहन होगा। नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद के मार्गदर्शन में निशांत दशहरा उत्सव समिति द्वारा रावण वध के लिए व्यापक तैयारी की गई है। इस मौके पर 7 बजे से इंडियल आयडल फेम जौलीदास एन्ड ग्रुप तथा हुकुम इण्टरटेन्मेंट ग्रुप जबलपुर की प्रस्तुति होगी।

इस संदर्भ में आयोजन प्रमुख नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद ने पायनियर को बताया कि नागरिकों के मंशानुरूप नगर में 51 फिट का रावण दहन किया जाएगा। मुख्य आयोजन 7 बजे से कालेज मैदान में प्रारंभ हो जायेगा। सिंगर जौलीदास की टीम प्रस्तुति देंगी। पुलिस व प्रशासन की टीम को दिशा निर्देश जारी कर दिया गया है। इस दौरान महिलाओं के सुरक्षार्थ व्यापक सुनिश्चित की जा रही है।



## डोंगरगांव में 6 अक्टूबर को वृहद स्वास्थ्य मेला



**डोंगरगांव नगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 06 अक्टूबर को वृहद स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया है। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य मेला आयुष्मान पखवाड़े के तहत 23 सितंबर से 7 अक्टूबर तक जिला में विभिन्न स्थानों पर लगातार स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में06 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर लगाई जा रही है। इस संदर्भ में सीएचसी के बीएमओ डॉ एके बंसोड़ ने पॉयनियर को बताया कि शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरो की टीम में डां सौरभ मोहबे शिशुरोग विशेषज्ञ, डॉ विश्वनाथ भगत जनरल सर्जन, डॉ सुरभि मोहबे प्रसुति व स्त्री रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। इस दरम्यान गंभीर रोगों का इलाज किया जायेगा। उक्त शिविर में आयुष्मान कार्ड भी बनाया जायेगा। बीएमओ ने स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

## विधायक ने एक ही दिन में दर्जनभर गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में की शिरकत

# खुज्जी विधानसभा का नेतृत्व करना मेरा सौभाग्य, क्षेत्र में जगह-जगह धर्म की गंगा बह रही : छन्नी साहू

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू नवरात्रि पर्व के दौरान जसगीत प्रतियोगिता के आयोजनों में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। बीते एक अक्टूबर को विधायक ने क्षेत्र के दर्जनभर गांवों को दौरा किया। उन्होंने धार्मिक आयोजनों की प्रशंसा करते हुए इसे छत्तीसगढ़ी संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए आयोजकों को शुभकामनाएं दी।

खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू ने बीते दिनों ग्राम जादूटोला में जसझांकी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। यहां जसगीत प्रस्तुत करने आई मंडली के सदस्यों और वरिष्ठों का सम्मान करने के बाद विधायक ने ग्राम में साथ में यात्री प्रतीक्षालय का भी भूमिपूजन किया। उन्होंने ग्रामीणों को निरंतर विकास का आश्वासन देते हुए विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की।

इसके बाद विधायक जस झांकी प्रतियोगिता के समापन समारोह में ग्राम चिखली पहुंची। यहां विगत कई वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। वरिष्ठों नागरिकों और ग्रामीणों द्वारा किए जाने वाले इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए विधायक ने कहा कि, चिखली के ग्रामीण सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर आगे रहते हैं। यह समाज में अच्छा संदेश देता है।

ग्राम कहाड़कसा में आयोजित जसगीत झांकी प्रतियोगिता में विधायक शामिल हुईं। इसके बाद ग्राम कहाड़कसा में आयोजित प्रतियोगिता के समापन समारोह में वें बतौर मुख्य अतिथि पहुंची। यहां उन्होंने कहा कि, सौभाग्य है कि मैं खुज्जी विधानसभा का नेतृत्व कर रहीं हूं। आज हमारे क्षेत्र में जगह-जगह पर धार्मिक आयोजन हो रहे हैं और मुझे अवसर मिला है कि मैं इन सभी में शामिल होकर पुण्य अर्जित कर पा रही हूं। यहां ग्रामीणों ने उनका अभिनंदन किया।

ग्राम सिंघाभेड़ी, आमाटोला, होड़ीटोला, थैलीटोला, रेंगाकठैरा, मक्केमें भी आयोजित कार्यक्रमों में विधायक ने शिरकत की। ग्राम केशोखेरी पहुंचकर साहू ने दुर्गा पंडाल में पूजा अर्चना की आशीष प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने ग्राम में कलामंच निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक आयोजनों व अन्य गतिविधियों के लिए ग्रामीणों को जल्द ही कलामंच मिल जाएगा।

इन कार्यक्रमों के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंबागढ़ चौकी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, मुकेश सिन्हा, वेदप्रकाश, विनोद डहरिया, विष्णु कोमरे, देवदास, संदीप विश्कर्मा, ज्ञानेश्वरी साहू, सजन नेताम, गायत्री बाई, जांब बाई, प्यारी बाई, तोरण लाल, ईश्वर नेताम, हिरमत बाई, मालती बाई, केशर बाई, नंदलाल, हरिकुमार कौशिक, गोपाल पाल, धर्मेन्द्र कोरे, सुखदेव यादव, पुनाराम, सतरूपा, नूतन पाल, मिलन साहू, नागिन बाई, नीरा बाई, कुमारी बाई, सिंघाभेड़ी सरपंच लालेश्वरी चंद्रवंशी, जिरजोधान चंद्रवंशी, आत्माराम चंद्रवंशी, कन्हैया साहू, राम बाई, पन्नालाल, रामेस्वरदास, चैनसिंह, शत्रुहन साहू, सूर्यप्रकाशशामिल हुए।

# महाविद्यालय में निशुल्क पीएससी कोचिंग अभियान का शुभारंभ




पायनियर संवाददाता ◀ छुरिया
www.dailypioneer.com

एक अक्टूबर को शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली निशुल्क पीएससीकोचिंग अभियान का शुभारंभ किया किया गया। कार्यक्रम में ज्वाइंट कलेक्टर राजनांदगांव, इंदिरा नवीन सिंह तोमर, डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर राजेश कुमार सिंह, एपीसी समग्र शिक्षा मनोज मरकाम व भावना उपस्थित थी।

मुख्य अतिथि इंदिरा नवीन सिंह तोमर ने कहा कि, परीक्षा की तैयारी में दैनिक समय सारिणी का विशेष महत्व होता है, साथ ही पीएससी से संबंधित विद्यार्थियो के प्रश्नों पर भी अपनी सलाह दी। विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने अपने उदबोधन मे कहा कि तैयारी के समय निरंतरता पर जोर दिया जाए व तैयारी के बीच में ज्यादा दिन का गैप नही करना चाहिए। मंच का संचालन एपीसी मनोज मरकाम द्वारा किया गया और क्लास के रुपरेखा में सहायक प्रध्यापक दीपिका ध्रुवे, उष्यंत चनाप,नरेंद्र उमरिया, प्रीतिबाला ठाकुर व विनय चौरे द्वारा क्लास लिए जाने की जानकारी दी। अंत में कॉलेज प्राचार्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया और एबीईओ भावना यदु द्वारा कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

# जिले की समूह की महिलाओं का नवाचार, बना रही आकर्षक और सुंदर आर्टिफिशियल ज्वेलरी

## महिलाओं ने आकर्षक चूड़ी, कंगन, मंगलसूत्र बनाकर आर्थिक स्वावलंबन की चुनी राह

■ महिलाओं को आरसेटी से मिला है प्रशिक्षण, सी मार्ट में वि य के लिए उपलब्ध रहेगी ज्वेलरी



पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com

जिले की महिलाएं आर्टिफिशियल ज्वेलरी निर्माण के लिए बड़े शहरों और वृहद उद्योगों पर निर्भरता की बात को गलत साबित कर रही है। जिले में बिहान की समूह की महिलाएं नवाचार का बेहतरीन नमूना पेश करते हुए गांव में ही आर्टिफिशियल ज्वेलरी का निर्माण कर रही है। समूह की महिलाएं ज्वेलरी निर्माण से जुड़कर स्वरोजगार और स्वावलंबन की मिसाल पेश कर रही हैं। विकासखंड कोरबा के ग्राम रजगामार की 15 दीदियां आजीविका संवर्धन के लिए आर्टिफिशियल ज्वैलरी निर्माण में लगी हुई हैं। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत सीता महिला ग्राम संगठन कि महिलाएं चूड़ी, कंगन, झुमका आदि के सुंदर और आकर्षक नमूने बनाकर ना सिर्फ नवाचार कर रही हैं, बल्कि आर्थिक रूप से भी मजबूत होने का रास्ता अपना रही है। समूह द्वारा किए जा रहे आर्टिफिशियल ज्वेलरी निर्माण से समूह की महिलाओं का आत्म विश्वास बढ़ा है। साथ ही अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत साबित हो रहा है। नूतन कुमार कंवर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया की समूह की महिलाएं बड़ी मेहनत और लगन से आर्टिफिशियल ज्वेलरी बनाने के काम में लगी हुई है। महिलाओं द्वारा बनाए गए ज्वेलरी बहुत ही सुंदर और आकर्षक है। उन्होंने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए स्वसहायता समूह की महिलाओं के आर्टीफिशियल ज्वेलरी को बाजार उपलब्ध कराने के लिए सीमार्ट में रखने के निर्देश एनआरएलएम को दिये है। इसके साथ ही आर्टीफिशियल ज्वेलरी के व्यवसाय विकास हेतु बैंक से सहयोग कराने के निर्देश दिये है। सीता महिला ग्राम पंचायत रजगामार की अध्यक्ष कविता श्रीवास एवं रजिया बेगम ने बताया कि उनके ग्राम संगठन की 15 महिलाएं आकर्षक रंग बिरंगी चूडियां, कंगन, माथाटीका, राधा सेट जो कि (फोम एवं फ्लावर) से बनाया है जो कि हल्दी कार्यक्रम में महिलाओं के द्वारा पहना जाता हैं। कान की बाली, झुमका, मोती वाले ब्रेसलेट, अंगूठी चोकरहार (मोतीहार) गले के पेडेंट मोतीवाला, मंगलसूत्र, करधन, बाजूबंध आदि ज्वेलरी उन्होने सामूहिक रूप से तैयार की हैं। यह ज्वेलरी उनके द्वारा मात्र 75 घंटे में तैयार की गई है, जिसकी बाजार मूल्य 20 हजार रूपये से ज्यादा मिलने की आशा है। ग्राम संगठन की महिलाओं ने अपने रोजाना के कार्यों से फुरसत होकर दोपहर में 2 बजे से 5 बजे तक सामुदायिक भवन में ज्वेलरी तैयार की हैं। महिलाओं द्वारा तैयार इस आर्टीफिसियल ज्वेलरी को फैंसी स्टोर रजगामार में बिक्री हेतु रखा गया हैं। उन्होने बताया कि में यह ज्वेलरी बाजार दर से सस्ते मूल्य पर आर्कषक रूप में उपलब्ध है। उल्लेखनीय है की बिहान की दीदियों को आर्टिफिसियल ज्वेलरी बनाने का 13 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आरसेटी कोरबा के द्वारा दिया गया है। इस संबंध में अरविंद विश्वास डारेक्टर आरसेटी कोरबा ने बताया कि भारत में 850 करोड़ रूपये का आर्टीफिशियल ज्वेलरी बाजार है। जिसमें से 150 करोड़ रूपये घरेलू उत्पाद का हैं। इस कार्य में घरेलू उत्पाद बढाकर इसमें महिलाओं के लिए काफी सम्भावनाएं है।

# मौसम का मिजाज बदला,रावण दहन के कार्यक्रमों में कहीं बारिश खलल न डाल दे

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



सत्य पर असत्य की और बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशमी धूमधाम से मनाया जाएगा हालांकि मौसम को के तेवर को देखते हुए आशंका हो चली है कि रावण दहन के समय कहीं जोरदार बारिश ना हो जाए। शहर में जगह जगह बिक्री के लिए हर साइज के रावण का पुतला तैयार है वही रावण दहन का मुख्य समारोह पुलिस मैदान में आयोजित होगा जहां 65 फिट का रावण का पुतला तैयार किया जा रहा है। पुलिस मैदान में समारोह का आयोजन वर्ष 1996 से नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। शहर के अनेक हिस्सों में रावण का पुतला दहन किए जाने की तैयारी चल रही है ।रेलवे क्षेत्र ,पुराना बस स्टैंड, शनिचरी सरकंडा, नूतन चौक, मुक्तिधाम चौक, मिनोचा कॉलोनी, बृहस्पति बाजार ,साइंस कॉलेज मैदान, राजकिशोर नगर सहित शहर के अनेक हिस्सों में रावण दहन का कार्यक्रम होता है जिसमें जनप्रतिनिधियों के मुख्य आतिथ्य में समारोह आयोजित होता है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पहले बिलासपुर में विजयादशमी के दिन रेलवे क्षेत्र में होने वाला रावण दहन का कार्यक्रम प्रमुख आकर्षण का केंद्र होता था। वर्ष 1996 में नगर निगम ने तत्कालीन महापौर राजेश पांडेय के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा रावण दहन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया साथ ही मेयर इन काउंसिल ने यह प्रस्ताव पारित किया कि विधायक चाहे कोई भी हो नगर निगम के रावण दहन समारोह के मुख्य अतिथि शहर के विधायक ही होंगे। तब शहर के विधायक एवं मंत्री बी आर यादव थे। तब रावण दहन का मुख्य समारोह राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में कराया जा रहा था बाद में स्थान बदलकर पुलिस ग्राउंड कर दिया गया। बी आर यादव के चुनाव में हार के पश्चात भाजपा विधायक और मंत्री अमर अग्रवाल लगातार हर वर्ष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होते रहे। नगर निगम के तत्कालीन महापौर उमाशंकर जायसवाल और उसके बाद वाणी राव के कार्यकाल के दौरान रावण दहन सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि को लेकर विवाद की स्थिति जरूर बनी लेकिन अंततः शहर विधायक अमर अग्रवाल ही मुख्य अतिथि हुए। पिछले 2 साल कोरोना का के चलते समारोह नहीं हो पाया मगर विधानसभा चुनाव में अमर अग्रवाल को हरा कर विधायक बने शैलेश पांडेय को मुख्य अतिथि बनने का अवसर प्रथम वर्ष में ही मिला उसके बाद 2 वर्ष कोरोना कॉल के चलते कार्यक्रम स्थगित रहा। इस वर्ष निगम की वित्तीय स्थिति का हवाला देते हुए रावण दहन समारोह आयोजित नहीं किए जाने का कथित अफ्वाह फैला और यह मामला मुख्यमंत्री तक पहुंच गया । उसके बाद आनन-फानन में नगर निगम द्वारा रावण दहन समारोह आयोजित करने का अधिकृत रूप से निर्णय लिया गया।

# गायब 3 स्कूली छात्राओं को पुलिस ने दो लड़कों के साथ दमन दीव से बरामद किया

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




परीक्षा देने के स्कूल जाने के लिए निकली तीन छात्राएं अचानक गायब हो गई। परेशान परिजन थाने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दिया। जब पुलिस ने तलाश शुरू की तो पता चला दो लड़कों के साथ तीनों लड़कियां भाग गई है। पुलिस ने तीनों लड़कियों को दमनदीव से लड़कों के साथ बरामद कर लिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 27 सितम्बर को सुबह 11 बजे सरस्वती शिशु मंदिर की तीन छात्राएं परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी। लेकिन कोई भी स्कूल तक नही पहुंची। अचानक तीन छात्राओं के लापता होने से हड़कंप मच गई। काफी खोजबिन करने के बाद जब तीनों नहीं मिले परिजनों ने छात्राओं के गुम होने की जानकारी तखतपुर थाने में दर्ज करायी। तीनों नाबालिक छात्राओं के गुम होने पुलिस ने अपहरण की धारा 363 कायम कर छात्राओं की खोजबीन शुरू कर दी थी। पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए आईजी और पुलिस अधीक्षक ने टीम बनाकर तत्काल उनकी तलाश में जुट गई। जहां पुलिस को जानकारी मिली कि लापता हुई तीनों छात्राओं के साथ दो युवक संजू धुरी उम्र 32 साल निवासी मोपका बिलासपुर, हरीओम पटेल उम्र 30 साल निवासी ग्राम अमोरा थाना जरहागांव जिला मुंगेली ने साथ भागी है। इसके बाद पुलिस ने एक युवक के मोबाईल को जो चालू था उसे ट्रेस करते हुए सडक मार्ग से पुलिस गुजरात होते हुए दमनद्वीप के कलपेश चाल, पुलिस चौकी कच्ची गांव, थाना दमणवाड़ा, मोटी दमण जिला दमन पहुंचीं। यहां दोनो आरोपी युवकों के साथ तीनों नाबालिक छात्राओं को अपने सुर्पूद ले लिया है। ओला से बुक कर पहुंचे डोंगरगढ्ढ पुलिस ने सबसे पहले जांच में पाया कि आरोपी एक युवक जिसका मोबाईल चालू था उसने अपने मोबाईल से ओला से कार बुक की थी। कम्पनी से संपर्क कर वाहन के कहां से कहां तक जाने की जानकारी ली तो पता चला कि ओला वाहन तखतपुर से बुक गई थी कि जो राजनांदगांव तक गई। इसके बाद पांचों ट्रेन से होकर गुजरात पहुंचें और गुजरात में सडक मार्ग से होते हुए दमनदीव पहुंचे। पुलिस ने तीनों छात्राओं को बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया है।

# धान की कस्टम मिलिंग के लिए राइस मिलों का पंजीयन अनिवार्य

## 5 अक्टूबर से जमा किए जा सकते है आवेदन

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com



खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में विगत वर्ष की भांति समर्थन मूल्य में पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग हेतु राइस मिलों का पंजीयन किया जाना अनिवार्य है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि विभाग की वेबसाइट खाद्य डॉट एनआईसी डॉट इन में उपलब्ध लिंक के माध्यम से राइस मिलर द्वारा मिल पंजीयन संबंधी आवेदन तैयार किया जाना है। वहीं मिलर द्वारा मिल पंजीयन हेतु आवेदन जिला खाद्य कार्यालय में दिनांक 05 अक्टूबर से जमा किया जा सकेगा। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि नये मिल पंजीयन हेतु मिल संचालक द्वारा आवेदन में जिला उद्योग केन्द्र में पंजीयन संबंध जानकारी यथा उद्यन आकांक्षा नंबर, जिला उद्योग केन्द्र का प्रोडक्शन सर्टिफिकेट नंबर, जिला उद्योग केन्द्र में पंजीकृत मिल का नाम, पेन नंबर एंट्री की जाएगी। जिला उद्योग केन्द्र के प्रोडक्शन सर्टिफिकेट में दर्शित चावल उत्पादन की वार्षिक क्षमता की जानकारी एंट्री करनी होगी। तद्नुसार अरवा एवं उसना मिल की धान मिलिंग की प्रति घंटा क्षमता की एंट्री आवेदन में किया जाए। मिल पंजीयन हेतु संचालक का बैंक खाता, मिल का विद्युत मीटर नंबर एवं रीडिंग की जानकारी, जीएसटी नंबर, मंडी प्रसंस्करणकर्ता लायसेंस नंबर, मण्डी व्यापार लायसेंस नंबर की जानकारी एंट्री की जाए। आवेदन के साथ जिला व्यापार उद्योग केन्द्र द्वारा जारी प्रोडक्शन सर्टिफिकेट, बिजली बिल, मंडी प्रसंस्करणकर्ता लायसेंस नंबर, मण्डी व्यापार लायसेंस नंबर की छायाप्रति संलग्न किया जाए। एक ही विद्युत कनेक्शन पर एक से अधिक मिल संचालित होने पर प्रत्येक मिल को पृथक से सब मीटर स्थापित करन अनिवार्य होगा। यदि मिल लीज पर है तो लीज अनुबंध की प्रति संलग्न किया जावे, जिसमें मिल के स्वामी एवं लीज पर लेने वाले व्यक्ति का हस्ताक्षर हो।

# युवा नेता मंजीत रात्रे के अध्यक्ष बनने के बाद क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं जन नागरिकों में उत्साह

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com



युवाओ के हितों के लिए सदा तत्पर रहने वाले युवा नेता मंजीत रात्रे मुंगेली विधानसभा अध्यक्ष निर्वाचित अभी हाल ही में युवा कांग्रेस के घमासान चुनाव के परिणाम आये है जिसमे मंजीत रात्रे ने 3633 वोट के बढ़त के साथ जीत दर्ज कर मुंगेली जिले के विधानसभा में अपना नया गौरवशाली कीर्तिमान स्थापित किया है। वही युवा नेता मंजीत रात्रे के मुंगेली विधानसभा अध्यक्ष निर्वाचन होने पर उन्होंने कहा जैसे कि युवा कांग्रेस सदैव युवाओ के हितों के लिए कार्य कर युवाओ के हितों की संवर्धन करता है, मैं इस अहम जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए सदैव युवाओ की हितो के लिए काम करता रहूंगा । बता दे युवा नेता मंजीत रात्रे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं कृषि और विज्ञान के अलावा समाज् सेवा के क्षेत्र में इनके विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित हो चुके हैं । वहीं युवा नेता के अध्यक्ष के बनने पर युवा कांग्रेस के संगठन को खासा मजबूती प्रदान होगा । वही युवा नेता मंजीत रात्रे के अध्यक्ष बनने के बाद क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं जन नागरिकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है, जगह जगह आतिशबाजी की जा रही है,, जिसकी चर्चा जगजाहिर है।

# भगवान श्रीराम की लंका अधिपति रावण के ऊपर विजय के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है विजयदशमी

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय परम्परा में विजयदशमी भगवान श्रीराम की लंका अधिपति रावण के ऊपर विजय के प्रतीक के रूप में लंबे कालखंड से मनाया जाने वाला उत्सव है। देश के लाखों स्थानों पर इस दिन मेघनाथ एवं कुम्भकर्ण सहित राक्षस रूपी रावण के पुतलो का दहन करने की परम्परा है । इसके पूर्व शारदीय नवरात्रि के प्रारंभ से रामलीला के मंचन की परंपरा भी है ।

प्रभु श्रीराम की रावण पर यह विजय धर्म की अधर्म एवं सत्य की असत्य पर विजय के रूप में स्थापित है । उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम मनाया जाने वाला यह उत्सव इसी संदेश को स्थापित करता है। उत्तर से दक्षिण को जोड़ने वाली श्रीराम की यात्रा देश में एकात्मता का निर्माण करती है। विजयदशमी के पर्व पर शस्त्रों का पूजन, सीमाल्लंघन एवं नए कार्यों के शुभारंभ की परम्परा भी है। भारतीय संस्कृति में वीरत्व एवं पराक्रम भाव को सामाज में जागृत करने के लिए शस्त्र पूजन का विशेष महत्व है। शस्त्र सन्नद्धता के इसी महत्व को प्रकट करने के लिए सभी देवी देवता अपने हाथ में शस्त्र धारण किए हुए हैं। धर्म संस्थापना के उद्देश्य से अवतरित धनुर्धर भगवान श्रीराम एवं श्री कृष्ण के सुदर्शन चक्र से सम्पूर्ण विश्व परिचित हैं। चाणक्य ने कहा कि ÷शस्त्रेंण रक्षिते राष्ट्रे, शास्त्र चिन्ता प्रवर्तते।÷ (शस्त्रों से सुसज्जित राष्ट्र में ही शास्त्रों की चिंता संभव है।) विश्व के श्रेष्ठतम ज्ञान की उदात्त धरोहर होने के बाद भी आवश्यक शस्त्र शक्ति न होने के कारण हमारी पराजय हुई, इसका इतिहास गवाह है। मुगल आक्रमणकारियों के आक्रमण से लेकर चीन के साथ हुए युद्ध इसी बात के साक्षी हैं।1964 में भारतीय जनसंघ के पटना अधिवेशन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने भारत परमाणु शक्ति से युक्त होना चाहिए, यह प्रस्ताव रखा था ।

# लायंस क्लब रीजन 6 में ज्ञानार्जन कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com





अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवा संस्था लायंस क्लब डिस्ट्रिक 3233 C में रीजन चेयरपर्सन एम जे एफलायन मधु यादव द्वारा ज्ञानार्जन कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पी एम जे एफलायन तिलोक बरडिया, और विषेश अतिथि मोनाली गुहा साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट थी। वर्तमान समय में हो रहे साइबर क्राइम से कैसे सुरक्षित रह सकते हैं, इस पर एक्सपर्ट ने कई छोटे छोटे सुरक्षात्मक पहलुओं को समझाया। लायन ईश्वर अग्रवाल, लायन सुनील छाबरिया, लायन वीरेंद्र अग्रवाल, लायन प्रेम प्रकाश शर्मा, गुंजन वर्मा ने अपनी समस्याओं पर चर्चा की। कार्यशाला का आयोजन लायंस क्लब रायपुर शिखर द्वारा किया गया। चार्टर प्रेसिडेंट लायन सरोज पांडेय, अध्यक्ष आशा बारेवार, राधा वर्मा, ऊषा पुजारी, जोन चेयरपर्सन लायन सोनाली शर्मा लायन दीपाली पॉल सहित 8 लायंस क्लब के सदस्य उपास्थित थे। कार्यशाला के पश्चात् हाई टी का आयोजन किया गया।

# देश के पहले राष्ट्रीय ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट में 20 जेलों के कैदियों ने लिया भाग

■ इंडियन ऑयल द्वारा अपनी प्रिज़न टू प्राइड पहल - परिवर्तन के तहत आयोजित किया गया।

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




इंडियनऑयल ने अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के सहयोग से देश भर की 20 जेलों के जेल कैदियों के लिए अपनी अनूठी सामाजिक पहल- परिवर्तन प्रिज़न टू प्राइड स्पोर्ट्स ट्रेनिंग के तहत देश का पहला राष्ट्रीय ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट आयोजित किया। इस टूर्नामेंट से पुरुष वर्ग में दो टीमें और महिला और जूनियर वर्ग में एक-एक टीम विश्व शतरंज महासंघ द्वारा 13-14 अक्टूबर 2022 को आयोजित इंटरकांटिनेंटल चेस फॉर फ्रीडम टूर्नामेंट में भारतीय जेलों का प्रतिनिधित्व करेगी। यू पी सिंह, कार्यकारी निदेशक आई/सी (मानव संसाधन), इंडियनऑयल, डाना ओज़ाला रेज़नीस, प्रबंध निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय शतरंज संघ-एफआईडीई की उपस्थिति में; और भरत सिंह चौहान, उप. अध्यक्ष एशियाई शतरंज महासंघ ने ऑनलाइन टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर इंडियनऑयल के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न जेलों के अधिकारी, शतरंज प्रशिक्षक, शतरंज मध्यस्थ, इंडियन ऑयल शतरंज ग्रैंडमास्टर और जेल के कैदी टूर्नामेंट में भाग ले रहे थे।

यूपी सिंह ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा,15 अगस्त 2021 को इंडियनऑयल का सपना था कि जेल के कैदियों के जीवन में बदलाव लाया जाए। कोचों, जेल अधिकारियों, मध्यस्थों, इंडियन ऑयल के स्टार खिलाड़ियों की मदद और सहयोग से जेल के कैदियों को एक साल से अधिक के व्यापक खेल प्रशिक्षण के बाद, हमें जेल कैदियों के लिए देश के पहले ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट की मेजबानी करने पर गर्व है। डाना ओज़ोला, जो वस्तुतः लातविया से उद्घाटन समारोह में शामिल हुईं, ने शतरंज सहित विभिन्न खेलों के माध्यम से कैदियों को सामाजिक सशक्तीकरण के क्षेत्र में निरंतर प्रयास के लिए इंडियनऑयल को बधाई दी। उन्होंने कहा, हम भविष्य में भी इस नेक पहल में एफआईडीई के साथ हाथ मिलाने के लिए एआईसीएफ और इंडियनऑयल का स्वागत करते हैं। इस राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट के लिए पिछले दो महीनों से, इंडियनऑयल के शतरंज खिलाड़ी बाहरी कोचों के साथ जेल के कैदियों को विभिन्न जेलों में प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण सत्र प्रदान कर रहे हैं।

## छत्तीसगढिया ओलंपिक : 6 अक्टूबर से सभी ग्राम पंचायतों में भव्य रूप से होगा शुभारंभ

# सभी शासकीय कार्यालय आमजनता की सुविधाओं के लिए है संचालित : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ∢ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्ट्रेट परिसर के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि आप सभी अधिकारियों को आम जनता की सुविधाओं के लिए नियुक्त किया गया है। इसलिए सभी शासकीय सेवक को इस बात का पूरा ध्यान रखना चाहिए कि आम जनता को किसी भी शासकीय कार्य के लिए भटकना न पड़े। बैठक में कलेक्टर ने आगामी 6 अक्टूबर से जिले में राजीव गांधी युवा मितान क्लब स्तर से शुरू होने वाले छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का सभी पंचायतों में भव्य आयोजन करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है। उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों- कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालयों में उपस्थित होकर जनता का काम सुगमता से करने कहा तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कारवाई की चेतावनी भी दी। कलेक्टर ने जिले के सभी आदिवासी छात्रावासों का जीर्णोद्धार कर नया कलेवर देने कहा तथा जिले में गोमूत्र खरीदी बढ़ाने और गोमूत्र से बनने वाले उत्पाद का जमीनी स्तर पर प्रचार प्रसार करते हुए किसानों के लिए प्रदर्शन केंद्र भी लगाए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों के कामकाज और शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए समय सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार जानकारी ली तथा उन्हें जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने 1 अक्टूबर को गिरदावरी कार्य के प्रारंभिक प्रकाशन के बाद प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति का रिकार्ड व्यवस्थित रखकर कारवाई करने तथा सभी संबंधितों की उपस्थिति में पंचनामा अनिवार्य रूप से तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी 1 नवंबर से होने वाले धान खरीदी के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को धान खरीदी प्रभारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित रखने कहा।

कलेक्टर ने समग्र शिक्षा जिला मिशन समन्वयक से जिले के चिन्हांकित स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के कार्यों की जानकारी ली तथा निर्माण कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिले के आत्मानंद स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्यों की अद्यतन जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जिनका राज्य स्तर पर और जिला स्तर पर स्थानांतरण हुआ है उन्हें तत्काल प्रभाव से संबंधित कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के लिए भारमुक्त किया जाए। कलेक्टर ने बैठक में मुख्यमंत्री कलेक्टर कॉन्फ्रेंस के एजेंडे पर भी बिंदुवार अधिकारियों से अद्यतन जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने अवैध प्लाटिंग, कृष्ण कुंज, राजीव युवा मितान क्लब, हाट-बाजार क्लिनिक योजना, वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, धन्वन्तरी योजना, निर्माण कार्यों के अद्यतन स्थिति, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, जाति प्रमाण पत्र, सी मार्ट, आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए।

# यूरो किड्स प्री स्कूल में गरबा रास का आयोजन किया गया



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

टैगोर नगर स्थित यूरो किड्स प्री स्कूल में बच्चों में विविध रचनात्मक और क्रियात्मक गतिविधि के साथ शिक्षण कार्य सम्पन्न करवाया जाता है। प्रिंसिपल मैडम वर्नेडाइल ने बच्चों और माताओं के लिए रास गरबा नृत्य का आयोजन स्कूल परिसर में किया। वान्या यादव दुर्गा शक्ति स्वरूप और बच्चों ने विशेष परिधान में अपनी मम्मी और टीचर के साथ गरबा किया।

कार्यक्रम में सभी को स्मृति चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया। मैडम हर्षल, नित्यासा, अंजली, मौरीन, पूजा के सहित स्टाफने अयोजन को सफल बनाया।

# छत्तीसगढ़ में अब तक 1255.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज


**रायपुर ।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 1255.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 04 अक्टूबर तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2394.1 मिमी और सरगुजा में जिले में सबसे कम 590.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर में 977.1 मिमी, बलरामपुर में 1023.1 मिमी, जशपुर में 1034.5 मिमी, कोरिया में 875.3 मिमी, रायपुर में 919.9 मिमी, बलौदाबाजार में 1161.8 मिमी, गरियाबंद में 1266.6 मिमी, महासमुंद में 1159.6 मिमी, धमतरी में 1310.5 मिमी, बिलासपुर में 1449.1 मिमी, मुंगेली में 1308.5 मिमी, रायगढ़ में 1205.5 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1371.9 मिमी, कोरबा में 1215.9 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1069.5 मिमी, दुर्ग में 970.7 मिमी, कबीरधाम में 1117.5 मिमी, राजनांदगांव में 1217.7 मिमी, बालोद में 1285.6 मिमी, बेमेतरा में 715.9 मिमी, बस्तर में 1820.5 मिमी, कोण्डागांव में 1276.2 मिमी, कांकेर में 1533.9 मिमी, नारायणपुर में 1461.6 मिमी, दंतेवाड़ा में 1805.5 मिमी और सुकमा में 1604.2 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।










सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001 से मुद्रित तथा 226 कुबेर प्लाजा, सेकण्ड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 से प्रकाशित
संपादक-रविशंकर शुक्ला * समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, दूरभाष नंबर 07752-400878